डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, अंक-1 से 21.01.2023 से 27.01.2023 | वर्ष-40 | अंक-01 | मूल्य-रु. 0.00

आजादी की शताब्दी तक आत्मनिर्भर और विश्व गुरु होगा भारत - राष्ट्रपति

प्रवासी भारतीय अपने यहां भारतीय विद्यार्थियों के लिए बनाएं हेल्प डेस्क – मुख्यमंत्री

इंदौर, आने वाले 25 वर्ष भारत के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत निरंतर विश्व गुरु बनने की महत्वाकांक्षी यात्रा पर है। वर्ष 2047 में जब हमारा देश आजादी की शताब्दी मना रहा होगा, तब तक हमारा देश आत्मनिर्भर और विश्व गुरु बन चुका होगा। भारत की विकास यात्रा में पूरी दुनिया के कोने-कोने में बसे प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। भारत का संकल्प है कि विश्व में सभी का समान और न्यायोचित विकास हो। हमारा दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम् का है। सारा विश्व हमारे लिए एक परिवार है। प्रवासी भारतीय, भारत के विकास के विश्वसनीय भागीदार हैं। हम आपकी पूरी तरह भागीदार बनाना चाहते हैं। आपकी सामूहिक ताकत, इनोवेटिव आइडियाज, तकनीकी दक्षता, क्षमता भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। ये बातें राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर स्थित ट्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 17वें प्रवासी भारतीय सम्मेलन दिवस के समापन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 27 प्रवासी भारतीयों को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में प्रवासी भारतीय नागरिकों को सम्मानित करती हुईं।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि विश्व में प्रवासी भारतीयों का विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने अपने समर्पण और कड़ी मेहनत से कला, साहित्य, राजनीति, खेल, व्यापार, लोक कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि हर क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल की है। आप की उपलब्धियां हमारे लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि प्रवासी भारतीय सम्मान प्रवासी भारतीयों को दिए जाने वाला देश का सर्वोच्च सम्मान है। यह उनके भारत और अन्य देशों के लिए किए गए कार्यों और योगदान को प्रदर्शित करता है। विश्व में भारत का झंडा ऊंचा करने के लिए आप सब बधाई के पात्र हैं।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारत सरकार प्रवासी भारतीयों के कल्याण के लिए हर संभव कार्य कर रही है। उन्हें सहायता और सहयोग देने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया गया है। ऑपरेशन गंगा के माध्यम से यूक्रेन से भारतीय विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक वापस लाया गया।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि इस वर्ष भारत को जी-20 की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ है। इसकी थीम 'एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य' हमारी वैश्विक परिवार की परिकल्पना पर आधारित है। भारत पूरे विश्व में सबके लिए समान विकास के द्वार खोलेगा।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन अवसर पर मन भावुक है। पिछले तीन दिन में इंदौर एकरूप हो गया था। इंदौर में बेटी के विवाह की तरह, इस सम्मेलन की तैयारियां की गईं। जिस तरह बेटी की विदाई पर तकलीफ होती है वैसी ही तकलीफ अब हो रही है। इंदौर में मेहमान और मेजबान दोनों भाव-विभोर हैं। प्रत्येक घर में भारत की चर्चा हो रही है। यहां की जनता अतिथियों के स्वागत में जी-जान से जुट गई।

जनभागीदारी की राजधानी भी है इंदौर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इंदौर को स्वच्छता और स्वाद की राजधानी कहा है, इंदौर तो जनभागीदारी की राजधानी भी है। यहां प्रवासी भारतीयों ने नमो ग्लोबल पार्क में पौधे भी लगाए हैं और वे प्रेम के साथ अब पेड़ के बंधन से भी बंध चुके हैं। अतिथियों को क्यूआर कोड दिए गए हैं, जिसमें वे रोपे पौधे की देख-रेख जान सकेंगे। उन्हें यह वृक्ष इंदौर का स्मरण कराते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति है, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो और विश्व में सभी का कल्याण हो। जब पर्यावरण बचेगा तो सभी का कल्याण भी होगा।

(शेष पृष्ठ 18 पर)

सम्मेलन से खुलेंगे तरक्की के रास्ते

राष्ट्रपति ने कहा कि प्रवासी भारतीय सम्मेलन के सभी सत्र अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। इनमें प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। सम्मेलन में विशेष रूप से महिला उद्यमियों की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है। यह हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। सम्मेलन में युवा प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी सराहनीय है। वे नई तकनीकी के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मध्यप्रदेश की विकास दर सर्वाधिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की विकास दर 19.76 प्रतिशत है जो देश में सर्वाधिक है। देश की अर्थव्यवस्था में मध्यप्रदेश का योगदान 3.6 प्रतिशत से बढ़ कर 4.6 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश भारत का फूड बास्केट बन गया है। गेहूं उत्पादन में मध्यप्रदेश ने पंजाब को पीछे छोड़ दिया है। गुणवत्ता में भी प्रदेश का गेहूं बहुत अच्छा है और चावल सहित मध्यप्रदेश के अन्य उत्पाद भी पहचान बना रहे हैं।

विश्व में भारत के ब्रांड एंबेसेडर हैं प्रवासी भारतीय - प्रधानमंत्री

भारत के हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश की अपनी विशिष्ट पहचान

इंदौर, सदियों से विश्व को भारत को जानने की उत्सुकता रही है। भारतीय दर्शन, संस्कृति, हमारे जीवन मूल्य, हमारी वैश्विक दृष्टि, हमारी गौरवशाली परंपराएं और आज के युग में भारत की मजबूत होती अर्थ-व्यवस्था, विज्ञान, तकनीकी, प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं अंतरिक्ष विज्ञान सभी विशिष्ट हैं तथा विश्व के आकर्षण का केंद्र हैं। वैश्विक मंच पर भारत की अपनी एक अलग आवाज, अपनी एक अलग पहचान है, जो आने वाले समय में और मजबूत होगी। भारत के प्रति विश्व की जिज्ञासा बढ़ेगी। प्रवासी भारतीयों की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि विश्व की भारत के प्रति इस बढ़ती हुई जिज्ञासा को शांत करें। वे भारत के 'सस्टेनेबल फ्यूचर' के मॉडल को विश्व भर में प्रचारित करें। ये विचार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इंदौर के ट्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये व्यक्त किये।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत न केवल विश्व के ज्ञान का केंद्र है, बल्कि इसमें विश्व की दक्षता राजधानी बनने का सामर्थ्य है। भारत दुनिया के विकास का इंजन बन सकता है। प्रवासी भारतीय, मेक इन इंडिया, योग, आयुर्वेद, कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और मोटे अनाज को विश्व में प्रचारित करने में अपना अमूल्य योगदान दें। श्री मोदी ने कहा कि भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश अपनी विशेष पहचान रखता है। यहां का नर्मदा जल, यहां के वन, आदिवासी परंपराएं, यहां का अध्यात्म सब कुछ विशिष्ट और अविस्मरणीय है। उज्जैन में श्री महाकाल महालोक दिव्य और भव्य है। वहां जाकर भगवान श्री महाकाल के दर्शन अवश्य करें और आशीर्वाद प्राप्त करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंदौर अद्भुत शहर है। इंदौर एक दौर है, जो समय से आगे चलता है, फिर भी अपनी विरासत को समेटे रहता है। उन्होंने इंदौरी लहजे में कहा कि 'अपन का इंदौर पूरी दुनिया में लाजवाब है।' यहां के नमकीन, पोहा, साबुदाना खिचड़ी, कचोरी, समोसे मुंह में पानी लाते हैं। यह भारत का स्वच्छतम शहर तो है ही, स्वाद की राजधानी भी है।

श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस वर्ष भारत को जी-20 समूह की अध्यक्षता का गौरव प्राप्त हुआ है। ऐसे समय में प्रवासी भारतीयों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। यह दुनिया को भारत के विषय में बताने का मौका है। अतिथि देवो भव की परंपरा को निभाते हुए इस अवसर को ऐतिहासिक बनाएं। जब प्रतिभागी अपने देश लौट के जाएं तो वहां रहने वाले भारतीय उनसे संवाद करें।

(शेष पृष्ठ 18 पर)

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की भूमिका महत्वपूर्ण होगी – प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इंदौर में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को वर्चुअली सम्बोधित करते हुए।

इंदौर, भारत की आजादी का अमृत काल शुरू हो चुका है। सभी पूरी गति से विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। ऐसे में मध्यप्रदेश का सामर्थ्य और संकल्प निर्णायक भूमिका निभाएगा। आस्था, अध्यात्म से लेकर पर्यटन तक और कृषि, शिक्षा से लेकर दक्षता संवर्धन तक मध्यप्रदेश अजब भी है, गजब भी है और सजग भी। विकसित भारत के निर्माण में मध्यप्रदेश की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का वर्चुअल शुभारंभ करते हुये कहीं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर भारतीय ही नहीं, दुनिया की हर संस्था, दुनिया का हर विशेषज्ञ भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकते सितारे की तरह देख रहा है। हमारे मजबूत मेक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल्स दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। आगामी चार-पांच वर्ष में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। यह वैश्विक पटल पर भारत का दशक नहीं, बल्कि भारत की शताब्दी है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विश्वभर के निवेशकों के लिए भारत आकर्षण का केंद्र है। इसका कारण है उनका भारत में अडग्य विश्वास। भारत में सशक्त प्रजातंत्र है, युवा शक्ति है, राजनैतिक स्थिरता है, तेजी से निर्णय लेने की क्षमता है, ईज ऑफ लिविंग है, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस है। भारत रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म के मार्ग पर चल रहा है। भारत में विकास की अभूतपूर्व गति है।

(शेष पृष्ठ 18 पर)

7 जनवरी

जनगणना की प्रक्रिया 30 सितम्बर तक के लिये स्थगित

● देश में दशकीय जनगणना करने की प्रक्रिया को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया है। जनगणना की प्रक्रिया को 30 सितम्बर तक के लिये टाल दिया गया है। पहले देशभर में राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) अपडेट करने की प्रक्रिया एक अप्रैल से 30 सितम्बर, 2020 तक होने वाली थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे रोक दिया गया था।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर डॉ. शक्तिकांत दास ने कहा कि आरबीआई भारत सरकार के साथ मिलकर दक्षिण एशियाई देशों के बीच रुपये में कारोबार की सुविधा देने में हरसंभव मदद देने को तैयार हैं। उन्होंने दक्षिण एशियाई देशों के समक्ष महंगाई और बढ़ते विदेशी कर्ज की समस्याओं को सबसे गंभीर बताया।

8 जनवरी

सीमा पर सुरंग का पता लगायेंगे रडार वाले ड्रोन

● सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान सीमा पर आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिये ड्रोन को तैनात किया है। एलओसी पर आतंकवादियों के लिये घुसपैठ में इस्तेमाल की जाने वाली सुरंग का पता इन ड्रोन के जरिये लगाया जा सकेगा। इन ड्रोन पर रडार लगे हुये हैं। बीएसएफ के अधिकारियों ने जानकारी दी कि सुरंग का पता लगाने के अभ्यास के तहत इस मोर्चे पर देश में ही तैयार तकनीकी उपकरण का इस्तेमाल किया गया है।

● केंद्र सरकार ने दूरसंचार इन्फ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा को लेकर नये नियम जारी किये हैं। नये नियमों के तहत खुदाई के दौरान ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (ओएफसी) या मोबाइल टॉवर जैसे दूरसंचार इन्फ्रास्ट्रक्चर को होने वाले नुकसान के लिये जुर्माना देना होगा। यह जुर्माना खुदाई करने वाली कंपनी को देना होगा।

9 जनवरी

चीन ने दुनिया के लिये खोली अपनी सीमाएं

● चीन ने कोरोना महामारी के चलते लगी पाबंदी हटाते हुये अपनी सीमाएं दुनिया के लिये खोल दी हैं। चीन ने तीन वर्ष पहले कोरोना महामारी के कारण अपनी सीमाएं सील कर दी थीं। सीमाएं खुलने के साथ चीन में लूनर न्यू ईयर शुरू हो गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार लूनर न्यू ईयर के दौरान 40 दिनों में करोड़ों लोग चीन में घूमने आयेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि चीनी दूतावासों में विद्यार्थियों, कारोबारियों और पर्यटकों द्वारा वीजा आवेदन की संख्या वर्ष 2023 में बढ़ेगी।

● रूस-यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध एक बार फिर से तेज हो गया। रूस की सेना ने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिये हैं। रूस ने दावा किया है कि उसकी सेना द्वारा किये गये हमले में छह सौ से ज्यादा यूक्रेनी सैनिक मारे गये हैं। रूस ने कहा कि ये हमले क्रैमोटोर्स्क में स्थित यूक्रेनी सेना के ठिकाने पर किये गये। इस सैन्य ठिकाने में 700 से ज्यादा यूक्रेनी सैनिक थे। इस हमले के साथ रूस ने डोनेस्क के माकीटका में यूक्रेनी हमले में मारे गये अपने सैनिकों का बदला ले लिया है। यूक्रेन के डोनेस्क राज्य के गवर्नर पाव्लो किरिलेंको ने क्रैमोटोर्स्क पर रूसी सेना द्वारा किये गये हमले की पुष्टि की है।

10 जनवरी

ब्राजील की संसद में पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के समर्थकों ने मचाया उपद्रव

● ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने ब्राजील के संसद (कांग्रेस) भवन, सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति भवन में घुसकर भारी तोड़-फोड़ की। बोल्सोनारो के समर्थक राष्ट्रपति चुनाव में बोल्सोनारो की हार को लेकर आक्रोशित हैं। समर्थक की ओर से लुइज इनासियो लूला डिसिल्वा की जीत को मतगणना में हेर-फेर होना बताया जा रहा है। बोल्सोनारो के समर्थक राष्ट्रपति डिसिल्वा की जीत को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं।

● श्रीलंका के आर्थिक विकास में भारत बड़ा सहयोग कर रहा है। भारत ने उत्तरी श्रीलंका में पुराने रेलवे ट्रैक के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया है। इस परियोजना का संचालन भारतीय रेलवे की सहयोगी कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल कर रही है। इस परियोजना की लंबाई 252 किलोमीटर है। परियोजना के पहले चरण में मेदाबाछिया और मधु रोड के बीच 43 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन बिछाई जायेगी। इस परियोजना से श्रीलंका की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

11 जनवरी

परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी–II का सफल परीक्षण

● भारत ने कम दूरी की सतह से सतह पर प्रहार करने वाली परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-II का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण भारतीय सेना और भारतीय रक्षा एवं अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल की सटीकता और मारक क्षमता की जांच की गई। डीआरडीओ ने कहा कि यह एक यूजर ट्रेनिंग लॉन्च था।

● रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 4276 करोड़ रुपये के तीन अहम खरीद प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। इन प्रस्तावों में एंटी टैंक मिसाइल, दृश्मन देश के लड़ाकू विमान को धराशायी करने वाले एयर डिफेंस सिस्टम और युद्धपोतों के लिये ब्रह्मोस लॉन्चर सिस्टम शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि हेलिना एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों, लॉन्चर और इससे संबंधित सहयोगी उपकरणों की खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इन्हें एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) से जोड़ा जायेगा। एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों से लैस एएलएच के जुड़ने से सेना की क्षमता को मजबूती मिलेगी।

12 जनवरी

केंद्र सरकार ने खत्म किया हज का वीआईपी कोटा

● केंद्र सरकार ने हज यात्रा में दिये जाने वाला वीआईपी कोटा खत्म करने का फैसला किया है। पहले हज यात्रा को लेकर भारत सरकार द्वारा कुछ आरक्षित सीटें संवैधानिक पदों और अल्पसंख्यक मंत्रालय में लोगों को दी जाती थी, जिन्हें अब खत्म किया गया है। सरकार के इस कदम के बाद हज जाने वाले सभी लोग आम यात्रियों की तरह यात्रा करेंगे।

● अमेरिका में तकनीकी खराबी के कारण विमानन सेवा कई घंटों तक बाधित रही। अमेरिका के फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण देश में 1100 उड़ाने रद्द कर दी गई, जबकि कई हजार उड़ाने लेट हुईं। इस तरह की दिक्कत अमेरिका में पहली बार सामने आई है। सिस्टम फेल होने से अमेरिका के कई एयरपोर्ट्स पर अफरा-तफरी मच गई, यात्री परेशान रहे और फंसे रहे। एफएए द्वारा जानकारी दी गई कि तकनीकी खामी दूर कर विमान सेवाओं का परिचालन धीरे-धीरे फिर शुरू कर दिया गया है। व्यवस्था दुरुस्त होने में काफी समय लग सकता है।

13 जनवरी

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार नीति फोरम की बैठक हुई

● भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। दोनों देशों ने आपसी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने के लिए इंडिया-यूएस ट्रेड पॉलिसी फोरम (टीपीएफ) वर्किंग ग्रुप का गठन किया है। कोरोना महामारी के दौरान कई संवेदनशील और महत्वपूर्ण उत्पादों के लिए कच्चे माल की सप्लाई के लिए चीन पर निर्भरता को देखते हुए दोनों देशों ने आपसी सप्लाई चेन को मजबूत बनाने की दिशा में कदम उठाया है। दोनों देशों के बीच विगत दिनों अमेरिका में ट्रेड पॉलिसी फोरम की बैठक हुई। इस बैठक में भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और अमेरिका के विदेश व्यापार मंत्री कैथरीन ताई ने हिस्सा लिया।

● चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हालात स्थिर और नियंत्रण में है, लेकिन यह स्थिति अप्रत्याशित है। यह जानकारी सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने दी। सेना प्रमुख ने कहा कि पूर्वी सेक्टर में एलएसी के उस पार चीनी सेना की संख्या में कुछ बढ़ोत्तरी हुई है और भारतीय सेना ने इस पर चौकस निगाह रखते हुए पर्याप्त संख्या में सैनिक तैनात किए हैं। जनरल पांडे ने कहा कि एलएसी के मुद्दे को राजनयिकस्तर पर बातचीत के जरिए सुलझाने की पहल की जा रही है,

18 वर्षों के अनुभव के साथ
17 एवं 23 जन.से बैच प्रारंभ
PNST/ (नर्सिंग)
EXAM DATE - 8 June 2023
No.of POST - 1860
सर्वाधिक चयन देने वाली संस्था
NEET/CUET/11th/12th
बालाजी ट्यूटोरियल्स
(Since 2004)
221 वेदा बिल्डिंग, भँवरकुआ इन्दौर
98930-53653
R-48088/2023

इसके बावजूद भारतीय सेना चीन की ओर से किसी भी हरकत का जवाब देने को तैयार है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

नये बैच में प्रवेश प्रारंभ
15 जनवरी 2023
T.E.T.
संविदा–वर्ग 2
भर्ती परीक्षा 2023
: अनिवार्य विषय :
• हिन्दी साहित्य
• अंग्रेजी साहित्य
• गणित
• विज्ञान
PANKAJ
नियमित कक्षाएं प्रारंभ
कौटिल्य एकेडमी
भंवरकुंआ चौराहा, इन्दौर
9111019119
9425068121
R-48081/2023

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
Build Your Own Success Story
MPPSC को प्रारंभिक परीक्षा 2022 के लिये विशेष बैच
इस बार 80 दिनों में 80 पार
80 Days Intensive Online Training Programme
मात्र ₹999/-

2nd Rank (MPPSC)
Rachna Sharma
प्रमुख विशेषताएं
• 20 से अधिक प्रमाणिक, अनुभवी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन।
• प्रतिदिन 4:30 घंटों की कक्षा जिसमें 3 शिक्षक 3 विषयों का अध्यापन करेंगे।
• प्रतिदिन कक्षा में ही 50 प्रश्नों को हल करवाया जायेगा।
• पूरे 80 दिनों के कार्यक्रम में लगभग 5000 प्रश्न, जिनमें 10 FLTs भी शामिल होंगे।
• नोट्स PDF में उपलब्ध कराये जायेंगे।
बैच प्रारंभ: 20 जनवरी' 23
Batch Timing:
8:00am - 12:30pm (Hindi)
4:30pm - 9:00pm (English)
BOOK YOUR SEAT NOW!
Bhopal Branch
Plot No. 43, S-1 & S-3, 2nd Floor, R.R. Arcade, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
7223901339, 9302963679,0755-4940022
Indore Branch
111-117, 1st Floor, Veda Building, Bhawar Kuan Square, Indore
9893739446, 7725837474
R-48082/2023

वर्ष 40, अंक 03 16.01.2023 से 22.01.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

• प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
• सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
• कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
• प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
• प्रबंधक - सुभाष चन्द जोशी (मुद्रण)
• आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
• वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (रु. पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। ज़रूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन

सत्रहवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में प्रथम प्लेनरी सेशन में शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान की अध्यक्षता में "शेल ऑफ इंडियन डायस्पोरा फॉर एनेबलिंग ग्लोबल मोबिलिटी ऑफ इंडियन फोर्स" विषय पर विमर्श हुआ। इस अवसर पर श्री प्रधान ने कहा कि भारत लगातार कुशल और दक्ष बन रहा है। विश्व में सर्वाधिक कुशल युवा कर्म फोर्स भारत में है। लगभग 3.2 विलियन भारतीय युवा विश्व के अलग-अलग देशों में कार्यरत हैं। पूर्व में भारतीयों को विदेशों में कामगार के रूप में देखा जाता था। वर्तमान में वही समुदाय कुशल कार्य बल में परिवर्तित हो गया है। दुनिया देख रही है कि विश्व की सर्वोच्च आईटी कंपनियों में उच्च पदों पर भारतीय कार्यरत हैं। केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारतीय उत्पादन बेहतर गुणवत्ता एवं सस्ते मूल्य के लिए जाने जाते हैं। श्री प्रधान ने कहा कि वैश्विक मूल्य श्रृंखला के अनुरूप कार्य करने में भारतीय आगे हैं और पूरे विश्व में उपभोक्ता वस्तुओं के निर्माण में सबसे ज्यादा भारतीय जुड़े हैं। इसका सबसे बड़ा कारण उनकी कार्यकुशलता, ईमानदारी और कार्य के प्रति समर्पण है। उन्होंने कहा कि भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। हमारे देश में लगभग 200 मिलियन छात्र शोध कार्य और स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। भारत लगातार कुशल बन रहा है, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के दर्शन पर पूरे विश्व के बेहतर कल के लिए कार्य करेगा। केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि प्रौद्योगिकी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गई है। टेक्नोलॉजी के कारण आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव हो रहा है, भारत का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में स्वदेशी 5-जी की शुरुआत हो गई है। भारत पहले अमेरिका से निम्नतम गुणवत्ता के अनाज आयात करता था। आज 40 देशों को अनाज का निर्यात करता है साथ ही पूरे विश्व ने देखा और माना है कि वैश्विक महामारी के दौरान मानवता की रक्षा के लिए भारत ने कई देशों को दवाईयां एवं वैक्सीन मुहैया करायी है। उन्होंने कहा कि भारतीय अपनी क्षमता को बेहतर कर वैश्विक आवश्यकता के अनुसार कार्य करेंगे। इसमें प्रवासी भारतीय अहम् भूमिका निभा सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रवासी भारतीयों पर गहरा विश्वास जताया और प्रत्येक प्रवासी भारतीय को भारत का राष्ट्रदूत माना है। इस सम्मेलन में मॉरिशस की सोशल इंट्रीगेशन, सोशल सिक्योरिटी एवं नेशनल सॉली मंत्री श्रीमती फजीला जीवा रीयाहू ने कहा कि मॉरीशस की अर्थव्यवस्था में भारतीय कार्यबल का महत्वपूर्ण योगदान है। मॉरीशस के 70 प्रतिशत नागरिकों की जड़ें भारत से जुड़ी हैं, भारत उनका दूसरा घर है। पीडीवी सम्मेलन में मॉरीशस का बहुत बड़ा प्रतिनिधि दल शामिल हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत जिस तरह से विकास कर रहा है वह अद्भुत है। प्रवासियों को कई समेकित उद्देश्यों को लेकर आगे बढ़ना होगा। श्रीमती जीवा ने कहा कि कोविड-19 पेडेमिक के दौरान भारत से मिली वैक्सीन से मॉरीशस को बड़ी राहत मिली है। लुलु ग्रुप के सीएमडी श्री एम.ए. युसुफ अली ने कहा कि हमारा तन, मन और धन हिन्दुस्तान के लिए है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दिन-प्रतिदिन तरक्की कर रहा है, उन्होंने कहा कि भारत में सबसे ज्यादा युवा हैं और यह गर्व की बात है।

जानवर के लिवर को आदमी के लिवर जैसा बनाने का प्रयास

मनुष्य में मनुष्य का अंग प्रत्यारोपण तो बड़ी संख्या में हो रहा है। कई बार हम देखते हैं कि मृत्यु के बाद भी मनुष्य के शरीर से अनेक अंग जरूरतमंद लोगों को प्रत्यारोपित किये जाते हैं, फिर भी अभी अंग प्रत्यारोपण की संख्या इतनी नहीं है कि बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग इससे लाभान्वित हो सकें। इसकी वजह यह है कि बड़ी संख्या में मानव अंग आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। इसकी वजह से कई जरूरतमंद मरीज समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। सुअर का दिल इंसान में लगने की खबर हम पहले भी सुन चुके हैं, लेकिन अब अमेरिकी शोधकर्ता सुअर के लिवर को इस लायक बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि उसे इंसानों में प्रत्यारोपित किया जा सके। शोधकर्ताओं ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो अंगों की कमी की समस्या दूर हो सकती है। सुअर के लिवर को इंसानों में प्रत्यारोपित करने के लिये पहला कदम अमेरिका के मिनीपोलिस की एक प्रयोगशाला में उठाया गया है। इसके तहत सबसे पहले सुअर के लिवर से उन कोशिकाओं को साफ किया जा रहा है, जिनके जरिये वह अपना काम करता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि जैसे-जैसे यह कोशिकाएं तरल में घुलती जाती हैं, इसका रंग बदलने लगता है, तब जो बचता है, वह स्वर जैसा लिवर का एक ढांचा होता है। इसकी रक्त कोशिकाएं खाली हो जाती हैं। मीरोमैट्रिक्स प्रयोगशाला के सीईओ जेफ रॉस ने बताया कि इसे यूं समझिये कि अंग को उगाया जा रहा है। उन्होंने कहा इस वर्ष किसी भी समय इस लिवर का मानव परीक्षण किया जा सकता है, जो अपनी तरह का इतिहास में पहला परीक्षण होगा। जेफ रॉस ने कहा अगर अमेरिकी एजेंसी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन से सहमति मिलती है तो शुरुआती परीक्षण मरीज के शरीर के भीतर नहीं, बल्कि बाहर होगा। सुअर से इंसानी तब्दील किये गये लिवर को मरीज के विस्तर के वगल में रखा जायेगा और वहीं से शरीर में जोड़ दिया जावेगा, बाहर से ही वह लिवर रक्तशोधन का काम करेगा।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

भारतीय सेना दिवस 15 जनवरी

स्वतंत्रता और सम्प्रभुता की संरक्षक हैं- सेनाएं

किसी भी राष्ट्र की स्वतंत्रता और सम्प्रभुता तभी अक्षुण्ण रह सकती है, जब देश को घरेलू सशस्त्र संघर्षों और विदेशी आक्रमण से निपटने के लिये देश में मुकम्मल सशस्त्र सेना हो। किसी भी देश की सशस्त्र सेनाएं उस देश की स्वतंत्रता और सम्प्रभुता की संरक्षक होती हैं। भारत को जब वर्ष 1947 में स्वतंत्रता मिली थी उस समय देश में उथल-पुथल का माहौल था। उसी समय कश्मीर में भी बाह्य आक्रमण के कारण सेना को मोर्चे पर जाना पड़ा था। बाह्य सैन्य आक्रमण से उत्पन्न स्थितियों से निपटने के लिए एक विशेष सेना कमाण्ड का गठन किया गया था। देश में उत्पन्न विषम परिस्थितियों में तत्कालीन सेना ने देशवासियों की सुरक्षा और बाह्य आक्रमण करने वाले घुसपैठियों को मार गिराने में अपनी अहम् भूमिका निभाई। तब तक इस भारतीय सेना के प्रमुख ब्रिटिश मूल के कमाण्डर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर थे। तब भी भारतीय सैनिकों और सैन्य अधिकारियों की सहायता से भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम का विलक्षण प्रदर्शन किया।

फील्ड मार्शल करिअप्पा की पदभार तिथि से जुड़ा है यह दिन

भारतीय सेना दिवस, भारत में हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा के भारतीय थल सेना के शीर्ष कमाण्डर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। उस समय करिअप्पा सेना के कमाण्डर जनरल थे। उन्होंने 15 जनवरी, 1949 को ब्रिटिश राज के समय के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर से यह पदभार ग्रहण किया था। यह दिन सैन्य परेडों, सैन्य प्रदर्शनियों व अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के साथ नई दिल्ली व सभी सेना मुख्यालयों में मनाया जाता है। इस दिन उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी भी दी जाती है, जिन्होंने कभी न कभी अपने देश और लोगों की सलामती के लिये अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष देश की राजधानी दिल्ली में दिल्ली छावनी के करिअप्पा परेड ग्राउंड से परेड निकाली जाती है, जिसकी सलामी थल सेनाध्यक्ष लेते हैं।

दुनिया में सबसे बड़ी और सशक्त सेनाओं में भारतीय सेना का नाम शामिल है। फील्ड मार्शल देश का सर्वोच्च पांच सितारा सैन्य सम्मान है और जनरल करिअप्पा यह सम्मान पाने वाले दूसरे सेनाध्यक्ष थे। वर्ष 1973 में जनरल मानेक शॉ को और वर्ष 1986 में जनरल करिअप्पा को यह सम्मान प्रदान किया गया था।

सैन्य अभियानों में सेना की उल्लेखनीय भूमिका रही है

भारतीय थल सेना की शुरुआत ईस्ट इंडिया कंपनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में हुई थी। बाद में यह ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और फिर मौजूदा भारतीय थल सेना। इसने दुनियाभर में कई लड़ाई और सैन्य अभियानों में हिस्सा लिया और विभिन्न सैन्य अभियानों में भारतीय सेना की उल्लेखनीय भूमिका रही है। भारत अब तक पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ चार और चीन के साथ एक युद्ध लड़ चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर सैन्य मिशन में भी भारतीय सेना हमेशा शामिल होती रही है। भारतीय सेना की एक टुकड़ी हमेशा संयुक्त राष्ट्र की सहायता के लिए समर्पित रहती है। इसके तहत भारतीय सेना अंगोला, कम्बोडिया, साइप्रस, कांगो, अल साल्वाडोर, नामीबिया, लेबनान, लाइबेरिया, मोजाम्बिक, रवाण्डा, सोमालिया, श्रीलंका और वियतनाम जैसे देशों में जा चुकी है। भारतीय सेना ने कोरिया में हुई लड़ाई के दौरान घायलों और बीमारों को सुरक्षित लाने के लिए भी अपनी अर्ड्रसैनिकों की इकाई प्रदान की

थी। भौगोलिक तौर पर भारतीय सेना सात कमानों में विभाजित है, जिनके मुख्यालय देश के अलग-अलग हिस्सों में हैं। यह दुनिया की सबसे आधुनिक सेनाओं में एक है। भारतीय सेना के सात कमाण्ड हैं। सेना के छह सक्रिय कमाण्ड और एक ट्रेनिंग कमाण्ड हैं। प्रत्येक कमाण्ड का नेतृत्व जनरल ऑफिसर कमाण्डिंग इन चीफ करता है, जो लेफ्टिनेंट जनरल रैंक का अधिकारी होता है। प्रत्येक कमाण्ड, नई दिल्ली में स्थित सेना मुख्यालय से सीधे जुड़े हुए हैं। केंद्रीय कमाण्ड का मुख्यालय लखनऊ में, पूर्वी कमाण्ड का मुख्यालय कोलकाता में, उत्तरी कमाण्ड का मुख्यालय उधमपुर में, दक्षिणी कमाण्ड का मुख्यालय पुणे में, दक्षिण-पश्चिमी कमाण्ड का मुख्यालय जयपुर में पश्चिमी कमाण्ड का मुख्यालय चंडीगढ़ और प्रशिक्षण कमाण्ड का मुख्यालय शिमला में है।

जनरल अनिल चौहान हैं मौजूदा चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ

वर्ष 2020 की शुरुआत में भारतीय सेना में एक बड़ा बदलाव हुआ था। आजादी के बाद पहली बार किसी सैन्य अधिकारी को भारतीय सेना का 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' बनाया गया था। जनरल बिपिन रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किये गये थे। सीडीएस तीनों सेनाओं के मामलों पर सलाह देंगे। जनरल बिपिन रावत के हेलीकॉप्टर क्रैश में निधन के बाद भारतीय सेना से सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान को दूसरे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में नियुक्त किया गया है। सेना में चालीस वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले अनिल चौहान 2021 में ही सेवानिवृत्त हुए थे। वह सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। सेना के सुयोग्य सैन्य अधिकारियों में गिने जाने वाले जनरल मनोज पांडे इस समय थल सेनाध्यक्ष हैं। सेना में अपनी सेवाओं के लिए परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल आदि से सम्मानित मनोज पांडे ने नेशनल डिफेंस एकेडमी और इंडियन मिलिट्री एकेडमी के जरिये कार्प्स ऑफ इंजीनियर में बतौर सेना अधिकारी कमीशन हासिल किया था। वह ब्रिटेन के कैमबर्ले के स्टाफ कॉलेज का भी हिस्सा रहे और संयुक्त राष्ट्र के कई शांति मिशनों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी भारतीय वायुसेना के और एडमिरल आर. हरिकुमार भारतीय नौ सेना के प्रमुख हैं।

कर्मठ सैन्य अधिकारी थे फील्ड मार्शल करिअप्पा

पहले भारतीय सेनाध्यक्ष कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा का जन्म 28 जनवरी, 1899 को कर्नाटक में हुआ था। घर में उन्हें सभी लोग प्यार से 'चिम्मा' कहकर पुकारते थे। करिअप्पा की प्रारम्भिक शिक्षा माडिकेरी के सेंट्रल हाईस्कूल में हुई, शुरू से ही वह पढ़ाई में बहुत अच्छे थे। मैथ्स और चित्रकला विषय उन्हें बेहद पसंद थे। वर्ष 1917 में स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने मद्रास के प्रेसीडेंसी कॉलेज में एडमिशन ले लिया। कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा कई सम्मान और उपाधियों से सम्मानित हो चुके थे । वे भारत के पहले सेनाध्यक्ष थे। उन्होंने वर्ष 1947 के भारत-पाक युद्ध में पश्चिमी सीमा पर भारतीय सेना का नेतृत्व किया। करिअप्पा के पद ग्रहण करने से पहले भारतीय सेना के अंतिम ब्रिटिश कमांडर इन चीफ जनरल सर फ्रांसिस बुचर थे। वर्ष 1949 में भारतीय थल सेना में करीब दो लाख सैनिक थे। अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी एस. ट्रूमैन ने उन्हें 'ऑर्डर ऑफ दी चीफ कमाण्डर ऑफ लेजिअन ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया था। पूरी ईमानदारी से देश को दी गई उनकी सेवाओं के लिए भारत सरकार ने वर्ष 1986 में उन्हें 'फील्ड मार्शल' का पद प्रदान किया। भारतीय सेना से वर्ष 1953 में रिटायर होने के बाद करिअप्पा ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में बतौर हाईकमिश्नर काम किया। करिअप्पा वुनाइटेड किंगडम स्थित कैम्बर्ली के इंपीरियल डिफेंस कॉलेज में ट्रेनिंग लेने वाले पहले भारतीय थे।

भारतीय सेना की पहचान कई खूबियों से बनी

भारतीय सेना की संरचना, वर्दी और परम्पराओं का बड़ा हिस्सा ब्रिटेन से ही लिया गया है, जो वर्ष 1947 से पहले ब्रिटिश भारतीय सेना में जारी था मगर इस सबके बावजूद भारतीय सेना की कई ऐसी खूबियां हैं, जिससे भारतीय सेना की अलग पहचान बनी है। भारतीय सेना दुनिया में सबसे ऊंचे युद्ध के मैदान को नियंत्रित करती है। भारतीय सेना दुनिया की सबसे ऊंची पहाड़ियों को कंट्रोल करने में माहिर है। इसका उदाहरण है सियाचिन ग्लेशियर, जो समुद्र की सतह से कई हजार मीटर ऊपर है। इसी प्रकार दुनिया में भारत के पास बड़ी 'स्वैच्छिक' सेना है। सभी सेवारत और रिज़र्व सैन्यकर्मियों ने वास्तव में सैन्य सेवा को स्वेच्छा से चुना वह हम सब के लिये गर्व की बात है। भारतीय संविधान में सेना में अनिवार्य भर्ती का प्रावधान भी है, लेकिन आज तक इसका प्रयोग नहीं किया गया है। भारतीय सेना पहाड़ी लड़ाइयों में भी माहिर है और भारतीय सेना का 'हाई एल्टीट्यूड वॉरफेयर स्कूल' दुनिया के सबसे अच्छे ट्रेनिंग संस्थानों में गिना जाता है। अमेरिका के स्पेशल फोर्स की ट्रेनिंग भी इसी इंस्टीट्यूट में हो चुकी है। साथ ही यूके रूस से भी जवान यहां ट्रेनिंग के लिए आते हैं। यह इंस्टीट्यूट पहाड़ी इलाकों और ऊंचाई पर लड़ाई करने की ट्रेनिंग देता है। केरल में एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी अकादमी है। भारतीय सेना में घोड़ों की कैवलरी रेजिमेंट भी है।

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक है)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011

NOTICE INVITING TENDER NO. 1052 (PMGSY-III-BRIDGE) (ARCH BRIDGE)

(PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)

No./474/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 09.01.2023

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below;

- **Name of Work – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1.	Chhindwara	2	2	33410980.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **10.01.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is 27.01.2023 (17:00 hrs.)
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108039/R-48057/2023 **(TENDER)**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), Email: mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन नं. : 0734-2527715, मोबा. 9406808103
क्र. 54/पर्य/नपपुहाइडेकालि/23/उज्जैन दिनांक 09.01.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 23/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा क्रमांक 23/2022-23 दिनांक 09.01.2023** के अंतर्गत सोनकच्छ जिला देवास में 30 विस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का 50 विस्तरीय सिविल अस्पताल में उन्नयन कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_MPPHC_243168 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 09.01.2023 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108042/आर-48058/2023 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
Block-IInd, 5th Floor, Paryavas Bhavan
Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011

NOTICE INVITING BIDs FOR DPR PREPARATION

(E-Procuremnet Notice)

No./ 502/22/D-12/DPR-Cons./Mandi/PMGSY/MPRRDA/23
Bhopal, Date : 09.01.2023

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of rural roads/Bridge under PMGSY as per details given below;

- Nodal PIU – Sehore
- Nodal PIU – Damoh
- Nodal PIU – Balaghat
- Nodal PIU – Khandwa

Total - Length- 674.37 km.

1. Bid document may by purchase online from 11.01.2023 (17:30 hrs.) and last date for online bid submission is 24.01.2023 (17:30 hrs.)
2. Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT, Tender Document for preparation of DPR of Roads/ Bridges under PMGSY-III Sep. 2019 amended upto date available on E-Procurement System portal **https:// www. mptenders.gov.in.**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108043/R-48059/2023 **(TENDER)**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03, भोपाल-462003
Mobile : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क.-मप्रपुआअविनि/36/पर्य/भोपाल-03/तशा/2023
भोपाल, दिनांक : 09.01.2023

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत विशेष मरम्मत कार्य हेतु निविदा क्र.-18/2022-23 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-243185, 243186, 243187, 243189) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.01.2023 सायं 5:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108047/आर-48060/2023 **परियोजना यंत्री**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, सागर, भदभदा रोड, भोपाल
क्रमांक/13/मपपुहाका/पर्य/सागर/23 दिनांक : 05.01.2023

निविदा सूचना क्रमांक 012/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, सागर संभाग के अंतर्गत भोपाल, रायसेन, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी एवं पन्ना जिले में भवन निर्माण/अन्य कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय की **अंतिम तिथि 16.01.2023 तक** है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108056/आर-48061/2023 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Government of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
No./610/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 11.01.2023

IFB No. WB–57/1054

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Implementation of Engineering Improvements of Blackspots under Community Participatory Road Safety Program for selected stretches under Public Works Department (PWD) Indore in Indore as under :-

S. No.	Name of District	Number of Packages	Total Estimated Cost (In Rs.)
1.	Indore	1	11050000/-

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **16.01.2023 from 17.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108093/R-48066/2023 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Government of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
No./616/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 11.01.2023

IFB No. - WB –56/1053

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Construction/Up-gradation of Rural Roads under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1.	Katni	1	1	13427000/-

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **12.01.2023 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108094/R-48067/2023 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.)-462011
No./619/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 11.01.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 1057 (PMGSY-Bridge-BW)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work** – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Khargone	1	90129000.00
2	Mandsaur	1	18609324.00
3	Rajgarh	1	26774000.00

1. Availability of Bid Documents and mode of submission : The bid document is available online and should be submitted online in **https://www.mptenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

2. Bid document may be purchased online from **12.01.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **30.01.2023 (17:00 hrs.).**

3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU. **CHIEF GENERAL**

M.P. Madhyam/108097/R-48070/2023 **MANAGER (TENDER)**

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति, नर्मदापुरम जिला : नर्मदापुरम (म.प्र.)

क्रं./मंडी/निर्माण/22-23/1000 नर्मदापुरम, दिनांक : 09.01.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिष्ठत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2023_MPSAM_243423_1, 2023_MPSAM_243424_1, 2023_MPSAM_243425_1, 2023_MPSAM_243426_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें दिनांक 02.02.2023 को शाम 5:30 बजे तक एवं भौतिक रूप से दिनांक 07.02.2023 को शाम 5:30 बजे तक जरिये स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से (वित्तीय ऑफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर अवलोकनीय होगी।

नोट : आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/108073/आर-48065/2023 **सचिव**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department Government of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
No./607/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 11.01.2023

IFB No. WB –59/1056

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Implementation of Engineering Improvements of Blackspots under Community Participatory Road Safety Program for selected stretches under Madhya Pradesh Road Development Corporation (MPRDC) Bhopal in Dhar (Ujjain Division) as under :-

S. No.	Name of District	Number of Packages	Total Estimated Cost (In Rs.)
1.	Ujjain	1	5005000/-

1. Tender document can be purchased only online from the above website **from 16.01.2023 from 17.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108096/R-48069/2023 **(TENDER)**

म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल

'चयन भवन' मेन रोड नं.-1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011
दूरभाष क्रमांक : 0755-2578801-02

रिटायर्ड वरिष्ठ अधिकारियों की आवश्यकता

म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रवेश/भर्ती/पात्रता परीक्षाओं के लिये पर्यवेक्षण कार्य हेतु सुपरवाईजर के पैनल तैयार किये जाने हेतु निम्न शर्तों के अधीन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

1. आवेदक किसी शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभाग/संस्थान से दिसम्बर 2016 के पश्चात् सेवानिवृत्त हुये हों।
2. आवेदक सेवानिवृत्ति के समय कम से कम द्वितीय श्रेणी की वरिष्ठता स्तर पर कार्यरत रहे हों।
3. आवेदक के विरुद्ध कोई विभागीय जांच/अपराधिक कार्यवाही अथवा न्यायालयीन प्रकरण प्रचलित नहीं हो।
4. आवेदक शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हों।

आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल की **Website-www.esb.mp.gov.in.** पर उपलब्ध है। मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में नियुक्त सुपरवाईजर को मण्डल द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर अनुसार मानदेय+वाहन भत्ता की पात्रता होगी। जो वर्तमान में मानदेय रु. 3000/- एवं वाहन भत्ता 300/- प्रति दिवस है।

आवेदन पत्र **अंतिम तिथि 25.01.2023 तक संचालक, म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल** को प्रेषित किया जा सकता है।

विज्ञापन क्रमांक- 44/2023

म.प्र. माध्यम/108102/आर-48072/2023 **संचालक**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Government of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
No./613/FA/WB/CMGSY/2023 Bhopal, Dated : 11.01.2023

IFB No. WB –58/1055

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Implementation of Engineering Improvements of Blackspots under Community Participatory Road Safety Program for selected stretches under Madhya Pradesh Road Development Corporation (MPRDC) Bhopal in Dhar as under :-

S. No.	Name of District	Number of Packages	Total Estimated Cost (In Rs.)
1.	Dhar	1	973000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **16.01.2023 from 17.30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108095/R-48068/2023 **(TENDER)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र.02, फ्लैट क्र. 303 एवं 304 थर्ड फ्लोर साक्षी ग्रीन बिल्डिंग, हरदौल गार्डन के फ्रन्ट पर, सचिन तेन्दुलकर मार्ग, ग्वालियर पिन-474011
mppheechambalmp@gmail.com

क्रमांक/45/निविदा/तशा./म.प्र.पु.आ.अधो.वि.नि./2023 **ग्वालियर, दिनांक : 11.01.2023**

नीलामी विज्ञप्ति सूचना क्रमांक 19/2022-23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित लोक भवन के तोड़े जाने एवं निकलने वाली भवन सामग्री की नीलामी संभागीय कार्यालय में दिनांक 23.01.2023 को दोपहर 02:00 बजे से की जावेगी।

स. क्र.	भवन का नाम व स्थान का विवरण जिसे ध्वस्त (डिस्मेन्टल) किया जाकर भवन सामग्री की नीलामी प्रस्तावित है।	सरकारी बोली की राशि	अमानत राशि	एफ.डी.आर. एवं कागजात जमा करने का दिनांक	नीलामी का दिनांक
1	सी.एम. राईज विद्यालय हेतु चयनित स्थल सिंचाई विभाग कॉलोनी मेहगांव के 19 आवासीय भवन तथा 5 गैर आवासीय भवन एवं शिक्षा कॉलोनी मेहगांव के 10 आवासीय भवन एवं डिग्री कॉलिज भवन, मेहगांव के 02 गैर आवासीय भवनों को ध्वस्तीकरण (डिस्मेंटल) करने बाबत्।	631/-	250/-	19.01.2023	23.01.2023

शर्तें :-

1. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति को अमानत राशि की एफ.डी.आर./अनुमोदित बैंक से जारी जो **"परियोजना यंत्री, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग क्रमांक 02 ग्वालियर"** के पक्ष में देय हो, जिसमें बोलीदाता का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो, नीलामी की दिनांक के पूर्व दिनांक 19.01.2023 सायं 05:00 बजे तक संभागीय कार्यालय में जमा करना होगा।
2. बोलीदाता को अपना पहचान-पत्र (आइडेण्टी प्रूफ) आधार, पेन नम्बर, इाइविंग लाइसेंस आदि भी प्रस्तुत करना होगा।
3. जिस बोलीदाता की नीलामी बोली उच्चतम होगी, उसे बोली की सम्पूर्ण राशि बोली स्वीकृति सूचना दिनांक से 03 दिवस के अन्दर जमा करना होगी, अन्यथा बोली निरस्त मानी जावेगी एवं जमा अमानत राशि शासन पक्ष में राजसात की जाकर बोली पत्रक के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।
4. बोलीदाता **श्री ब्रजेश कुमार जाटव, सहायक यंत्री (सिविल)** से सम्पर्क कर डिस्मेंटल किये जाने वाले भवनों का निरीक्षण किया जाकर वांछित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, ताकि कार्य सम्पादन के समय कोई असमंजस की स्थिति निर्मित न हो।
5. समयावधि में कार्य न करने की स्थिति में ठेकेदार के कारण जितने दिवस विलम्ब होगा उसके लिये रु. 1000/- (एक हजार रुपये) प्रति दिवस क्षतिपूर्ति के रूप में राशि जमा करनी होगी।
6. डिस्मेंटलिंग कार्य हेतु तोड़ी गयी पूरी भवन सामग्री को हटाने (साइट क्लीयरेंस सहित) का कार्य 10 दिवस में पूर्ण करना होगा, अन्यथा विभाग को होने वाले किसी भी नुकसान की क्षतिपूर्ति बोलीदाता द्वारा विभाग को की जावेगी।
7. अमानत राशि की एफ.डी.आर. कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर ही वापिस की जावेगी।
8. किसी भी विवाद के निराकरण के लिये मुख्य परियोजना यंत्री, म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, भोपाल का निर्णय मान्य होगा।
मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश पवेलियन में ओंकारेश्वर में निर्मित हो रहे अद्वैत वेदांत संस्थान और आचार्य शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापना के प्रकल्प पर बनाए गए एकात्म धाम मंडप का अवलोकन किया। पवेलियन स्थल पर इस मंडप का निर्माण भारतीय वास्तुकला की नागर शैली के अनुसार श्रीयंत्र की रचना के आधार पर किया गया है। बिन्दु से सृजन की उत्पत्ति, स्थिति और लय को दर्शाते इस मंडप में ओंकारेश्वर में निर्मित होने वाले संस्थान के डिजाइन, अद्वैत दर्शन तथा संस्थान की विकास प्रक्रिया को सुरुचिपूर्ण तरीके से प्रदर्शित किया गया। ओंकारेश्वर में स्थापित होने वाली आचार्य शंकर की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का संक्षिप्त स्वरूप तथा प्रसिद्ध चित्रकार वासुदेव कामथ की पेंटिंग भी एकात्म धाम में प्रदर्शित की गई।

श्री चौहान ने किसान-कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा लगाए गए मिलेट स्टाल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री द्वारा मिलेट मिशन में मध्यप्रदेश के लोगो की लॉन्चिंग भी की गई। स्टाल में मण्डला, छिंदवाड़ा, डिण्डौरी, अनूपपुर, सिंगरौली, खरगोन, मुरैना एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के मिलेट उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश पवेलियन में लगाए गए चाय सुट्टा बार स्टार्टअप के स्टाल पर बैठ कर चाय पी। मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप किमिरिका, पता, डायरेक्ट शॉप किराना, कार्वन न्यूट्रल कम्पनी इकाई, नीव क्लाउड, ग्राम-ओ-फोन, लकड़ी पर केन्द्रित नवाचार सिग्नीफाय के स्टाल पर स्टार्टअप आरंभ करने वाले युवाओं से चर्चा की।

प्रदर्शनी स्थल पर जापान, मालदीव, मॉरीशस, यूरोपियन चैम्बर्स, थाईलैंड, कनाडा, गुयाना, रिपब्लिक ऑफ पनामा, इंडिया-बांग्लादेश चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज और सिंगापुर-इंडिया चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा स्टाल लगाए गए।

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन-2023

निवेश और रोज़गार बढ़ाने के लिए सरकार करेगी पूरी मदद - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर निवेशकों से चर्चा करते हुये।

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से इंदौर में प्रवासी भारतीयों और उद्योगपतियों ने प्रवासी भारतीय दिवस के पहले दिन व्यक्तिगत भेंट और चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश और रोज़गार बढ़ाने के लिए सरकार भरपूर मदद करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी नवीन निवेश का स्वागत है। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को पर्याप्त बढ़ावा दिया गया है। प्रदेश में इस क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है। श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश में ओंकारेश्वर में 600 मेगावॉट के फ्लोटिंग संयंत्र की स्थापना का कार्य हो रहा है। साथ ही शाजापुर, नीमच, छतरपुर और मुरैना आदि स्थानों में नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रयास किए जा रहे हैं। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए राज्य की नीति के अनुसार पूरी सहायता दी जाएगी। पूर्व वर्षों में रीवा में सौर ऊर्जा परियोजना से लाभ लिया गया है। मध्यप्रदेश शरबती गेहूं और बासमती चावल के साथ मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देना चाहता है।

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश में निवेश के संबंध में विभिन्न प्रवासी भारतीय और उद्योगपतियों से कहा कि करीब 20 वर्ष पहले मध्यप्रदेश में बिजली, पानी और सड़कों से जुड़ी समस्याएं देखी जाती थीं। दो दशक में इन क्षेत्रों में व्यवस्थाएं मजबूत की गईं। आवश्यक अधोसंरचना के विकास और विभिन्न ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए उद्योगपतियों को आमंत्रित करने से निवेश आने लगा। योग्य युवाओं को काम मिलने लगा। प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ और मध्यप्रदेश अनेक क्षेत्र में अग्रणी हो गया है। सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल, कृषि, पर्यटन, स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण और टेक्सटाइल उद्योगों के विकास के ठोस कदम उठाये गये। प्रदेश में निवेश के लिये प्रवासी भारतीयों की भी रुचि बढ़ रही है। इस सम्मेलन में प्राप्त सुझावों और इसके पश्चात प्राप्त प्रस्तावों का संबंधित विभागों से परीक्षण करवाकर विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की नवीन कोशिशें की जायेंगी।

श्री चौहान से जिन क्षेत्रों में निवेश के लिए इच्छुक प्रवासी भारतीय और निवेशकों ने भेंट की, उनमें शिक्षा और कौशल विकास, आईटी, साइंस लैब स्थापना, नवकरणीय ऊर्जा, जैविक उत्पादों को बाजार दिलवाने, पर्यटन और मिथित मार्शल आर्ट्स एवं फिटनेस केंद्रों को प्रारंभ किए जाने से संबंधित क्षेत्र शामिल हैं।

मुख्यमंत्री से यूएई सहित खाड़ी के देशों में सुचना प्रौद्योगिकी कम्पनी के श्री साजन लतीफ ने भेंट की। श्री साजन 20 व्यवसायी बंधुओं के समूह के साथ प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने चिकित्सा पर्यटन और कार्गो शिपिंग में निवेश की पहल की है। यूएई के ही डॉ. सिद्दीक अहमद ग्रुप ने भी भेंट कर निवेश की मंशा से अवगत करवाया। पोलोस धेपेला समूह (कतर) के साथ ही वहीं के श्री अमान हैदर ने भेंट की।

श्री चौहान से मूलतः दतिया के निवासी और वर्तमान में यू.के. में निवासरत अंकित बोहरे ने भेंट कर जिला स्तर पर इन्वेस्टमेंट नेटवर्क बनाने की भावना से अवगत करवाया है। उन्होंने जिला स्तर पर युवाओं को रोज़गार और प्रशिक्षण के लिए प्रस्ताव दिया।

मुख्यमंत्री को श्री अश्वजीत गर्ग ने देवास जिले में गैर वन क्षेत्र में पर्यटन रिसोर्ट के प्रस्ताव से अवगत कराया। वर्तमान में इंदौर जिले में महू के निकट 25 एकड़ क्षेत्र में वनोपज उत्पादन और वनोपज के प्रसंस्करण के कार्य के बाद देवास में ऐसी ही इकाई प्रारंभ करने की मंशा से अवगत कराया। श्री चौहान से राजस्थान के मूल निवासी और कुवैत में रहने वाले श्री धनराज पांचाल ने कोशल विकास के क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा जताई।

अतिथि देवो भवः

मुख्यमंत्री ने नागरिकों के घर में ठहरे प्रवासी भारतीयों को सम्मानित किया

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के आनंद कॉलोनी स्थित श्री बी.के. इंवर के निवास पर सपत्निक पहुंचकर 'पधारो म्हारे घर' कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों के घर में ठहरे प्रवासी भारतीयों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासी भारतीयों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इंदौर विकास प्राधिकरण की विकास योजनाओं पर केंद्रित 'ब्लू प्रिंट' पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन इंदौर में करने का विचार आया, तभी यह भी विचार किया गया कि कुछ प्रवासी भारतीयों के लिए होटलों के स्थान पर स्थानीय नागरिकों के घर पर ठहरने की व्यवस्था की जाए। मेहमान और मेजबान दोनों परिवार एक-दूसरे की संस्कृति और परंपराओं को समझ सकें और विदेश से आए हमारे मेहमानों को अपनापन अनुभव हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी भारतीयों के स्वागत और सत्कार में केवल प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन ही नहीं, इंदौर का हर एक नागरिक लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की संस्कृति और परंपरा के अनुसार 'अतिथि को देवताओं के तुल्य माना गया है' और यह कहा गया है कि 'मेहमां जो हमारा होता है वो जान से प्यारा होता है।' विभिन्न देशों से इंदौर आए प्रवासी भारतीयों ने भी वहाँ आने के बाद के अपने अनुभव सुनाये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में अतिथि देवो भवः कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रवासी भारतीयों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये।

बहरीन से इंदौर आए श्री रमेश पाटीदार ने मुख्यमंत्री श्री कार्य शैली और नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि श्री चौहान केवल प्रदेश और देशवासियों के ही नहीं, दुनिया में बसे सभी प्रवासी भारतीयों के भी मामा हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर शहर की स्वच्छता के बारे में बहरीन में सुना तो था, लेकिन जब यहां आकर देखा तो कल्पना से भी बेहतर पाया। उन्होंने कहा कि वह जब 20 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश आए थे तो यहां की सड़कें बहुत खराब थीं। अब सड़कें बहुत अच्छी हैं। मुख्यमंत्री के बेहतर प्रयासों से मध्यप्रदेश की दशा ही बदल गई है।

लंदन के मेयर श्री सुनील चोपड़ा ने अपने अनुभव सुनाते हुए इंदौर की स्वच्छता व्यवस्था को सराहा। उन्होंने कहा कि इंदौर की साफ-सुथरी सड़कें लंदन की सड़कों से भी बेहतर हैं। संयुक्त अरब अमीरात से आए श्री आदित्य प्रताप सिंह तथा साध्वी दिव्यप्रभा के साथ कैलिफोर्निया अमेरिका से आई डॉक्टर वीणा चौहान ने भी अपने अनुभव सुनाते हुए इंदौर में मिले सम्मान और अपनेपन की सराहना की।

'ऑटोमोबाइल एंड इंजीनियरिंग' सत्र

दो पहिया और तीन पहिया वाहनों के निर्माण में भारत विश्व में प्रथम

इंदौर, आदिकाल हो या वर्तमान जब हम विकास की बात करते हैं तो सबसे पहले परिवहन की बात होती है और परिवहन की बात करें तो यह हमारे लिए गर्व की बात है कि दो पहिया और तीन पहिया वाहनों के निर्माण में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है। इंदौर के त्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के प्रथम दिन मध्यप्रदेश शासन के सहकारिता सचिव श्री विवेक पोरवाल ने 'ऑटोमोबाइल एंड इंजीनियरिंग' सेशन में बताया कि ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में भारत दुनिया में टॉप 5 देशों में चीन, यूनाईटेड स्टेट और जापान के बाद चौथे स्थान पर है। उसके बाद साउथ कोरिया का स्थान है। ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में श्री पोरवाल के बाद श्री राजेन्द्र सिंह सचदेवा, श्री सुधीर मेहता, श्री अजय सेवाकारी और श्री गौरव तनेजा ने अपने अनुभव साझा किये।

मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल के लिए सर्वसुविधायुक्त

श्री पोरवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में निवेश करने वालों को समस्त सुविधाएं 30 दिनों के अंदर प्रदान करेगा। प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए समस्त आवश्यक 45 सेवाएं देने के लिए 9 विभागों का समूह तैयार है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत 24 दिनों के अंदर उद्योग के लिए भूमि का आवंटन किया जाएगा। मध्यप्रदेश में ईटीपी, एटीपी जू जैसी अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों की स्थापना के लिए ग्रीन औद्योगीकरण में सहायता के साथ पॉवर टैरिफ छूट और बिजली ड्यूटी छूट का प्रावधान, इलेक्ट्रिकल वाहनों के लिए विशेष पैकेज और दिव्यांग को रोज़गार की पहल पर प्रोत्साहन दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

सवा लाख एकड़ का लैण्ड बैंक सुरक्षित

सहकारिता सचिव ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में इन्वेस्टर्स के लिए सवा लाख एकड़ का लैण्ड बैंक सुरक्षित रखा गया है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सड़कों की सुगमता अत्यधिक आवश्यक है। सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित परिवहन के लिए प्रदेश में 3 लाख किलोमीटर क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा हुआ है।

प्रदेश में तकनीकी क्षेत्र में मैन पॉवर की कमी नहीं है। दो लाख टेक्निकल ग्रेज्युएट युवा प्रतिवर्ष उपलब्ध हैं। बिजली की बात करें तो प्रदेश में 25 हजार 800 मेगावॉट बिजली अतिरिक्त रूप से उपलब्ध है। साथ ही 100 एम.सी.एम. पानी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए उपलब्ध है। यूं कहें कि एक उद्योग के लिए आवश्यक बिजली, पानी, जमीन, मैन पॉवर और परचेजर सभी मध्यप्रदेश में उपलब्ध हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

देश में आई.टी. का अगला डेस्टिनेशन होगा इंदौर - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा करते हुये।

इंदौर, देश में आई.टी. का अगला डेस्टिनेशन इंदौर होगा। स्वच्छता और कार्य के बेहतर वातावरण को हमने ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। उद्योग और निवेश की सुगम प्रक्रियाएं, सहयोगी और उत्साह-वर्धक व्यवहार तथा बेहतर कनेक्टिविटी एवं पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर सभी क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रदेश को उपयुक्त बनाता है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले उद्योगपतियों और निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा में कहीं। मुख्यमंत्री से डालमिया भारत समूह के श्री पुनीत डालमिया, गोदरेज इण्डस्ट्री के श्री नादिर गोदरेज, अडानी एग्रो ऑयल एवं गैस के श्री प्रणव अडानी, टाटा इंटरनेशनल के श्री नोएल टाटा, आईटीसी ग्रुप के श्री संजीव पुरी, एक्ससेंचर की सुश्री रेखा मेनन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के श्री निखिल आर. मेसवानी ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में भेंट की।

डालमिया समूह लगाएगा सीमेंट प्लांट

मुख्यमंत्री से चर्चा में डालमिया भारत समूह के श्री पुनीत डालमिया ने प्रदेश में सीमेंट प्लांट लगाने तथा स्वस्थ कार्बन साइकल विकसित करने के लिए प्रदेश के बेस्ट लैंड पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने संबंधी प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेश में इस प्रकार के नवाचारों का प्रदेश में स्वागत है।

श्री चौहान से भेंट में गोदरेज इण्डस्ट्री के श्री नादिर गोदरेज ने प्रदेश में बढ़ रहे शहरीकरण को देखते हुए रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश की इच्छा व्यक्त की। इसके साथ ही एग्रो केमिकल उद्योग लगाने की योजना की जानकारी दी। श्री गोदरेज ने कहा कि उनका समूह मालनपुर स्थित इकाई का विस्तार कर रहा है।

अडानी समूह की प्रदेश में 60 हजार करोड़ के निवेश की योजना

मुख्यमंत्री से वन-टू-वन चर्चा में अडानी एग्रो ऑयल एवं गैस के श्री प्रणव अडानी ने कहा कि उनके समूह की प्रदेश में खनिज, ऊर्जा, कृषि, नवकरणीय ऊर्जा और कोयले के क्षेत्र में 60 हजार करोड़ के निवेश की योजना है। श्री चौहान द्वारा स्थानीय युवाओं को रोज़गार में प्राथमिकता देने के संबंध में चर्चा के दौरान श्री अडानी ने कहा कि यह हमारा कर्तव्य है। समूह अपनी आवश्यकताओं के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए राज्य में कौशल उन्नयन की गतिविधियां संचालित करेगा।

आईटीसी ग्रुप करेगा 1500 करोड़ रुपये का निवेश

मुख्यमंत्री से चर्चा में आईटीसी ग्रुप के श्री संजीव पुरी ने कहा कि निवेश आमंत्रित करने के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अन्य राज्य की तुलना में अधिक सक्रिय है। राज्य सरकार ने इंदौर में विकास का उदाहरण प्रस्तुत किया है। श्री संजीव पुरी ने कहा कि प्रदेश में आईटीसी द्वारा 300 एफपीओ संचालित किए जा रहे हैं। इनका विस्तार कर 1000 एफपीओ स्थापित करने का लक्ष्य है, इसमें 1500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। आईटीसी समूह प्रदेश में पैकेजिंग और खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने जा रहा है। पैकेजिंग इकाई इस वर्ष के अंत तक आरंभ हो जाएगी।

सुश्री रेखा मेनन ने मध्यप्रदेश की आई.टी. नीति को बताया उपयोगी

श्री चौहान से चर्चा में एक्ससेंचर की सुश्री रेखा मेनन ने मध्यप्रदेश की आई.टी. नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह नीति आई.टी. इंडस्ट्री के लिए बहुत उपयोगी और मित्रवत है। इंदौर में कार्य का उपयुक्त वातावरण है। अतः इंदौर निरंतर आई.टी. प्रोफेशनल्स का केंद्र बनता जा रहा है। एक्ससेंचर ने इंदौर में 6 महीने पहले ही कार्य आरंभ किया है, जहां 1400 लोग कार्य कर रहे हैं।

रिलायंस ग्रुप संपूर्ण प्रदेश में 5जी सुविधा का करेगा विस्तार

मुख्यमंत्री से चर्चा में रिलायंस इंडस्ट्रीज के श्री निखिल आर. मेसवानी ने कहा कि सेवा क्षेत्र में निवेश से आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। अतः रिलायंस समूह संपूर्ण प्रदेश में तहसील स्तर तक इस वर्ष के अंत तक 5 जी सुविधा उपलब्ध करवाएगा।

गो अहेड, आप कितनी जल्दी उद्योग लगा सकते हैं - मुख्यमंत्री

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के दौरान गल्फ ब्यूरस और कुवैत वेस्ट एनवीटीसी कम्पनी की मलेशिया वेस्ट सेटूल इंडिया फर्टिलाइजर्स एण्ड रिफायनरी कम्पनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जे.वी.वी. सत्यनारायण से प्रदेश में निवेश के संबंध में वन-टू-वन चर्चा की। कम्पनी द्वारा कुवैत वेस्ट फर्टिलाइजर प्लांट के रिलोकेशन और 10 मीट्रिक टन उत्पादन की क्रूड ऑइल रिफायनरी मध्यप्रदेश में लगाने के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री ने 'गो अहेड' कहते हुए कहा कि प्रदेश में भूमि, गैस पाइप लाइन, पर्याप्त विद्युत, जल, रेल और बेहतर रोड नेटवर्क उपलब्ध है। आप राज्य शासन की टीम के साथ रोडमैप बनायें और वतायें कि कितनी जल्दी इकाई लगाने का काम आरंभ कर रहे हैं। कंपनी के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कम्पनी फर्टिलाइजर कॉम्प्लेक्स में 6000 करोड़ रुपये और रिफायनरी कॉम्प्लेक्स में 15 से 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे 2500 से अधिक लोगों को रोज़गार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने लुलु ग्रुप इंटरनेशनल, डेवलपमेंट बैंक ऑफ सिंगापुर लिमिटेड, एमईटीएल ग्रुप और स्टारलेट ग्लोबल के प्रतिनिधियों से चर्चा की। श्री चौहान ने निवेशकों और उद्योगपतियों को राज्य शासन की तरफ से हरसंभव सहयोग और त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री से अमीरात की बहुराष्ट्रीय कम्पनी लुलु ग्रुप इंटरनेशनल के चेयरमैन और एम.डी. श्री यूसुफ अली मौरय्येम अब्दुल कादर तथा संचालक श्री अनंथ एवी ने प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण केंद्र, एग्री प्रोक्योरमेंट सेंटर में निवेश तथा इंदौर में मॉल स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। लुलु ग्रुप 22 देश में 232 स्टोर संचालित कर रहा है। भारत में भी इस ग्रुप के 5 मॉल हैं। ग्रुप राज्य में होटल और कन्वेंशन सेंटर में निवेश का भी इच्छुक है।

श्री चौहान से डेवलपमेंट बैंक ऑफ सिंगापुर लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा प्रबंध संचालक श्री पीयूष गुप्ता ने प्रदेश में परिसम्पत्ति प्रबंधन और वीपीओ स्थापित करने, अधोसंरचना निर्माण परियोजनाओं तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को वित्तीय समर्थन उपलब्ध कराने और कार्बन क्रेडिट के संबंध में गतिविधियां संचालित करने संबंधी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही। श्री गुप्ता ने इंदौर की स्वच्छता और प्रवासी भारतीय सम्मेलन के आयोजन की भी प्रशंसा की। भारत में डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड इस समूह द्वारा ही संचालित किया जा रहा है।

तंजानिया का एमईटीएल ग्रुप भारत-अफ्रीका अक्षांस कंट्री ट्रेरिज्म के क्षेत्र में मध्यप्रदेश से गतिविधियां संचालित करने का इच्छुक है। साथ ही यह समूह ऑर्गेनिक फार्मिंग, इलेक्ट्रिकल व्हीकल निर्माण तथा कृषि के क्षेत्र में निवेश का इच्छुक है। मुख्यमंत्री से समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री इंद्रभुवन सिंह तथा प्रतिनिधि श्री विवेक राखेचा ने भेंट की।

मध्यप्रदेश को फूलों के उत्पादन का हब बनाएंगे

भोपाल, मध्यप्रदेश को फूलों के उत्पादन का हब बनाएंगे। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने 42वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी में कही।

राज्यमंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि फूलों के उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। प्रदेश में फूलों की खेती करने वालों को बढ़ावा दिया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में उद्यानिकी की खेती करने वालों के लिये अनेक कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। फूलों को सुरक्षित रखने के लिये भोपाल में फ्लावर डोम का निर्माण किया जा रहा है। इसमें फूलों को पर्याप्त समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। विभिन्न प्रकार के फूलों की विकसित करने और फूलों की नई प्रजातियों को बढ़ाने के लिये प्रदेश में फ्लोरी-कल्चर गार्डन बनाया जायेगा। श्री कुशवाह ने प्रदेशी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का स्वागत किया। श्री कुशवाह ने प्रदर्शनी के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये।

प्रवासी भारतीयों के सुझाव पर निवेश नीति बनायेगी प्रदेश सरकार

प्रवासी भारतीय निवेश करें, सरकार हर प्रकार से सहायता करेगी

इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में युवा प्रवासी भारतीय सम्मेलन में समानांतर सत्र में मध्यप्रदेश के फूड वॉस्केट के बारे में चर्चा हुई। सत्र में खाद्य प्रसंस्करण के लिए उपलब्ध उपयुक्त वातावरण एवं संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने प्रवासी भारतीयों का आह्वान किया कि वे आगे आकर प्रदेश में उपलब्ध सरप्लस उद्यानिकी फसलों के प्रोसेसिंग प्लांट लगाएं और प्रदेश को समृद्ध करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रवासी भारतीयों के सुझाव पर निवेश नीति का निर्माण करेगी और निवेश में हर प्रकार सहायता करेगी। श्री कुशवाह ने आशा व्यक्त की कि प्रदेश के उद्यानिकी संसाधनों का उपयोग कर प्रवासी भारतीय प्रदेश की समृद्धि में सहयोगी बनेंगे।

प्रवासी भारतीयों से साझा की उन्नत कृषकों की सफलता की कहानी

इस सत्र में प्रदेश के उन्नत उद्यानिकी कृषक एवं व्यवसायियों द्वारा स्वयं की सफलता की कहानियों को प्रवासी भारतीयों से साझा किया। इनमें एग्वि वाइन रतलाम के श्री जितेंद्र पाटीदार, श्रीधि मिल्क कंपनी के श्री देवेंद्र खंडेलवाल, संतरे निर्यात करने वाले श्री साजिद मंसूर अंसारी, चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री पी.के. जैन और फ्रोजन फूड्स के श्री सुभाष कावरा शामिल रहे।

कृषि उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है मध्यप्रदेश

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया ने प्रदेश की उद्यानिकी फसलों एवं उपलब्ध संसाधनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश देश में गेहूं उत्पादन में तीसरे, चावल में दूसरे एवं दुग्ध उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश में देश का सर्वाधिक लहसुन और प्याज उत्पादित होता है। यही नहीं तिलहन उत्पादन में भी प्रदेश तीसरे स्थान पर है। मध्यप्रदेश में 8 फूड पार्क हैं और 2 लाख 88 हजार किलोमीटर लम्बाई का सड़क नेटवर्क है। यहाँ 1 लाख 34 हजार हेक्टेयर में संतरे की खेती होती है और प्रतिवर्ष 23 लाख 52 हजार मीट्रिक टन संतरा उत्पादित होता है। श्री कंसोटिया ने बताया कि प्रदेश में 45 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है, जिसको बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर किया जा रहा है। प्रदेश में आईटीसी, पारले, डाबर, वालाजी, टॉप एंड टाउन, एलटी फूड्स, पेप्सीको कंपनियों के प्लांट्स कार्य कर रहे हैं।

स्टार्टअप सहित हर क्षेत्र में निवेश के लिए पूरी मदद - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों के साथ प्रदेश में निवेश संभावनाओं पर चर्चा करते हुये।

इंदौर, टेक्सटाइल, नवकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, फार्मा, स्वास्थ्य, स्टार्टअप सहित विभिन्न क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने प्रोत्साहनकारी नीति लागू की है। इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए पूरी मदद की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान निवेशकों से चर्चा करते हुये कहीं। समिट में आए देश-विदेश के विभिन्न निवेशकों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश की इच्छा जताई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में उद्योग स्थापना के लिए राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी। श्री चौहान से मॉरीशस के वित्त मंत्री डॉ. आर. पदयाची के नेतृत्व में भेंट करने आए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आप एमओयू तैयार करें। यह एमओयू मात्र दस्तावेज न होकर दोनों देशों के मध्य विश्वास का पुल होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जी-20 सम्मेलन के माध्यम से भी विभिन्न राष्ट्र के आपसी सम्पर्क में प्रगाढ़ता और परस्पर सहयोग के प्रति आशा जताई।

स्टार्टअप के लिए नौजवानों को भरपूर मदद

श्री चौहान ने यूरोपियन समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश स्टार्टअप के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। इंदौर शहर युवाओं को स्टार्टअप में प्रोत्साहित करने का केंद्र बना है। राज्य सरकार ने स्टार्टअप नीति तैयार की, जिसका विभोचन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया। प्रधानमंत्री का कहना है कि कार्य के लिए यही समय सही है। सिर्फ एक वर्ष में 2500 से अधिक स्टार्टअप सफलता के मार्ग पर बढ़े हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि राज्य की स्टार्टअप नीति अफसरों ने नहीं, नौजवानों ने ही बनाई है। युवाओं को इस क्षेत्र में पूरी मदद की जा रही है। बैठक में यूरोपियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों में स्पेन, पोलैंड और डेनमार्क के 10 सीईओ भी शामिल थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

उद्योग स्थापना के लिए आकर्षण का केंद्र बनकर उभरा है मध्यप्रदेश

इंदौर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। देश में प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन, बेहतर कानून व्यवस्था, दक्ष मानव संसाधन और संसाधन की उपलब्धता ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के प्रभावी क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश उद्योग स्थापना और निवेश के लिए आकर्षण के केंद्र के रूप में उभरा है। देश ही नहीं जापान, कनाडा, जर्मनी सहित अन्य देशों की बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भी अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में उद्योगपतियों और निवेशकों से ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में वन-टू-वन चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने मालदीव के डिप्टी मिनिस्टर श्री सादुल्ला अहमद से पर्यटन और दोनों देशों की समान सांस्कृतिक विरासत के संबंध में चर्चा की। कनाडा की कॉंज़िल जनरल सुश्री डाईड्रा केला से कनाडा के उन्नत कोल्ड स्टोरेज सिस्टम, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों और हार्टवे प्रबंधन के अनुभवों का लाभ प्रदेश को उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई। जेएसडब्ल्यू सीमेंट एवं पेंट्स के श्री पार्थ जिंदल ने प्रदेश में आगामी निवेश के संबंध में चर्चा की। हैंटेज इंडिया प्रावेट लिमिटेड के एमडी श्री आंद्रे एकलोल्ट ने मध्यप्रदेश में 500 करोड़ रुपये के निवेश की बात कही। कॉस्मॉस ग्रेनाइट एण्ड मार्बल के संस्थापक श्री रोहित गंगवाल ने नेचुरल स्टोन और माइनिंग से संबंधित प्रोसेसिंग यूनिट लगाने की इच्छा जताई। जापान एक्स-ट्रनल समूह के डायरेक्टर जनरल श्री मात्सुनागा मुनेनोरि से मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जापान ज़ोन बनाने तथा जापान से प्रदेश में अधिक निवेश के संबंध में चर्चा की।

मुख्यमंत्री से अमेरिका की दूरसंचार सेवा प्रदाता कम्पनी मेसर्स क्वाडजेन वीटल मेन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन तथा को-फाउंडर श्री सी.एस. राव तथा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जी होआंग ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संबंधी परियोजना के विभिन्न बिन्दु पर चर्चा की। चेन्नई के एकॉर्ड ग्रुप के डॉ. संदीप आनंद ने प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने तथा कैंसर पर केन्द्रित अस्पतालों की चेन विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। तेलंगाना के ग्रीनको ग्रुप के श्री अनिल कुमार चलमलासेट्टी तथा श्री नरसिम्हा राव ने नीमच में 7200 करोड़ रुपये के निवेश से गांधी सागर डैम के समीप 1440 मेगावॉट ऊर्जा क्षमता का सौर ऊर्जा से जल की पम्पिंग पर आधारित ऊर्जा उत्पादन संयंत्र स्थापित करने तथा नीमच की एयर स्ट्रिप के उन्नयन के बारे में चर्चा की। एक्सिस एनर्जी तेलंगाना के श्री रवि कुमार रेड्डी ने ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति तथा नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के संबंध में प्रस्ताव रखा।

श्री चौहान से विटेरा इंडिया प्रायवेट लिमिटेड के श्री मानिक गुप्ता ने सागर जिले में उच्च तकनीक पर आधारित दाल मिल संयंत्र स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की। हाइडलवर्ग सीमेंट इंडिया के श्री जमशेद नवल कपूर ने दमोह में 1000 करोड़ रुपये के निवेश से क्लिंकर प्लांट स्थापित करने संबंधी बातचीत की। आईनॉक्स एयर प्रोडेक्ट्स के श्री सिद्धार्थ जैन ने नर्मदापुरम जिले में चिकित्सकीय ऑक्सीजन प्लांट के लिए राज्य शासन से सहयोग तथा प्रदेश में फिल्म थियेटर्स की स्थापना पर चर्चा की। थिंक गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रायवेट लिमिटेड के श्री अमित सेन गुप्ता ने प्राकृतिक गैस के उपयोग के संबंध में नीतिगत सुधार और प्रदेश में ग्रीन एनर्जी पार्क विकसित करने के बारे में चर्चा की। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के श्री वी.आर.के. गुप्ता ने सागर जिले की बीना तहसील में पेट्रो-रसायन परियोजना के संबंध में चर्चा की।

पर्यटन में निवेश के लिए मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पर्यटन में निवेश संबंधी सत्र को संबोधित करते हुये।

इंदौर, मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के लिए अपार संभावनाएं हैं। देश और विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों में भ्रमण करने आते हैं। मध्यप्रदेश का सौंदर्य अद्भुत है। यहां धार्मिक पर्यटन के रूप में 2 ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर, मां नर्मदा के तट हैं। विश्व धरोहर खजुराहो है। वाइल्डलाइफ टूरिज्म क्षेत्र में मध्यप्रदेश भारत का बाघ, घड़ियाल, गिद्ध, तेंदुआ और चीता स्टेट है। प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या का लाभ लेते हुए सभी निवेशकों को पर्यटन में निवेश के अवसर तलाशने चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में पर्यटन क्षेत्र में निवेश संबंधी सत्र को संबोधित करते हुये कहीं।

पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की पूर्ति में मध्यप्रदेश का पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश पर्यटन क्षेत्र में आकर्षक निवेश नीतियों के साथ सांस्कृतिक पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन और एग्रो पर्यटन जैसे नवाचारों के लिए जाना जाता है।

सचिव पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार श्री अरविंद सिंह ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का महत्व बढ़ा है। कोविड के बाद के आंकड़ों को देखें तो पता चलता है कि देशवासी पर्यटन को अपनी जीवन-शैली में महत्व देने लगे हैं। भारत के सभी राज्यों में पर्यटकों की संख्या में इजाफा हुआ है।

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि अद्वितीय वन्य-जीवन, ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध संस्कृति और धार्मिक तीर्थ-स्थलों के साथ भारत का हृदयप्रदेश मध्यप्रदेश निजी निवेशकों के लिए एक उपयुक्त स्थान है। यहां 11 नेशनल पार्क, 24 सेंचुरी, 3 यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट, 2 ज्योतिर्लिंग सहित अनेक विशेषताएं हैं, जो पर्यटकों को अनायास ही आकर्षित करती हैं।

प्रमुख सचिव श्री शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार ने पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष 'पर्यटन नीति 2019' बनाई है। पर्यटन नीतियों में प्रमुख रूप से पारदर्शी प्रक्रिया, सस्ती एवं आसान दरों पर निवेशकों को शासकीय भूमि का आवंटन, निवेशकों को हेरिटेज संपत्तियों का आवंटन, निजी निवेश पर पूंजी निवेश अनुदान, मार्ग सुविधा केंद्र (डब्ल्यूएसए) पॉलिसी, जल पर्यटन नीति, ब्रांडेड होटल प्रचार नीति, नीतिगत अनुदान और फिल्म पर्यटन नीति शामिल है।

सेशन में पर्यटन में निवेश की संभावनाओं और अवसर के संबंध में आमंत्रित डेलिगेट्स ने अपने विचार रखे। द इंडियन होटल कंपनी (ताज) की एग्जीक्यूटिव प्रेसीडेंट रियल स्टेट एंड डेवलपमेंट सुश्री सुमा वेंकटेश, अबुदांतिया एंटरटेनमेंट लिमिटेड के फाउंडर और सीईओ श्री विक्रम मल्होत्रा, तमारा लेजर एक्सपीरियंसेस की सीईओ सुश्री श्रुति शिवुलाल, एडवेंचर टूर ऑपरेटर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के फाउंडर प्रेसीडेंट कैप्टन स्वदेश कुमार और लाइव लिस्ट्री इंडिया की को फाउंडर और एडिटर सुश्री मिनी मेनन ने मध्यप्रदेश में पर्यटन-स्थलों में इन्वेस्टमेंट के स्वयं के अनुभवों को साझा किया।

पर्यटन विकास से स्थानीय निवासियों को भी मिलेगा रोज़गार - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में प्रवासी भारतीयों से चर्चा करते हुये।

इंदौर, मध्यप्रदेश अब चीता राज्य भी है। कूनो पालपुर में अफ्रीका से चीते लाकर बसाए गए हैं। वाइल्ड लाइफ टूरिज्म के क्षेत्र में स्थानीय निवासियों को विभिन्न कार्यों से रोज़गार मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा। कूनो पालपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया के निर्धन भाई-बहनों को पर्यटन से रोज़गार मिलेगा। फरवरी माह से कूनो पालपुर में पर्यटकों को चीता देखने की सुविधा मिलने लगेगी। इस क्षेत्र की जलवायु और वातावरण चीतों को रास आ गया है। चीतों की संख्या में भी वृद्धि होगी और पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवा कर इस क्षेत्र के पर्यटन महत्व को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में युवा प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में द्वितीय सत्र में प्रवासी भारतीयों और निवेशकों से चर्चा करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने ओयो रूम्स के श्री रितेश अग्रवाल से चर्चा के दौरान कहा कि कम्पनी द्वारा बड़े निवेश की दशा में कस्टमाइज्ड पैकेज की सुविधा और होम-स्टे एवं वेलनेस टूरिज्म के लिए नीति के अनुसार बढ़ावा देने का कार्य किया जाएगा। कम्पनी द्वारा शिवगंगा परियोजना में भी भागीदारी की जा रही है। मध्यप्रदेश में ओयो रूम्स को बजट एवं बुटीक होटल स्थापित करने और कम प्रसिद्ध गंतव्य स्थलों में ग्रामीण होम-स्टे की प्रस्तावों पर पूरा सहयोग किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में वे प्रति सप्ताह उद्योगपतियों से मिलते हैं। फुड प्रोसेसिंग क्षेत्र में भी निवेश के लिए उद्योगपति आगे आ रहे हैं। मध्यप्रदेश के मिलेट ज्वार, बाजरा के अलावा अनेक ऑर्गेनिक उत्पाद सरसों, लहसुन, संतरा, अदरक, टमाटर बाजार में अलग पहचान रखते हैं। मालवा क्षेत्र का एक कली वाला लहसुन लोकप्रिय रहा है। मध्यप्रदेश से शरबती गेहूं के निर्यात में वृद्धि हो रही है। लॉजिस्टिक क्षेत्र में मध्यप्रदेश हब बन रहा है। इन सेक्टर्स में नवीन निवेशकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रावधान है। पारदर्शी प्रक्रिया से स्वीकृतियां प्रदान की जाती हैं। मुख्यमंत्री से सिंगापुर के गोविंदा होल्डिंग्स के अध्यक्ष डॉ. आनंद गोविंदलुरी ने भेंट कर जानकारी दी कि वे स्वास्थ्य एवं वायोटेक निवेशक हैं। करीब दो दर्जन कम्पनियों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें दो यूनिकॉर्न भी शामिल हैं।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- राम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों
पर उपलब्ध

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शिवा चौहान

सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र में तैनात

लद्दाख के सियाचिन में बर्फ से ढंकी चोटियों पर मौसम और दुश्मन की चुनौतियों के बीच शिवा चौहान सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र में तैनात होने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी बन गई हैं। सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर ने अपने ट्विटर हैंडल पर शिवा चौहान की अपनी साथी सैनिकों संग तस्वीर पोस्ट कर उनका हौसला बढ़ाया है। शिवा सियाचिन में समुद्र तल से करीब 15,632 फीट की ऊंचाई पर स्थित कुमार पोस्ट पर कर्तव्य का निर्वहन कर रही हैं।

चीन

क्विन गेंग बने विदेश मंत्री

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने फेरबदल किया है। जिनपिंग ने 10 साल तक विदेश मंत्री रहे वांग यी को पद से हटा दिया है। यी की जगह उन्होंने अपने करीबी क्विन गेंग को विदेश मंत्री बनाया है। क्विन इस वक्त अमेरिका में चीन के दूत हैं। क्विन के सामने भारत से सीमा विवाद, अमेरिका से तनातनी और ताइवान में जंग का खतरा समेत कई चुनौतियां हैं।

केविन मैककार्थी

नहीं जीत पाए स्पीकर का चुनाव

अमेरिकी संसद की प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन नेता केविन मैककार्थी पहले राउंड की वैलेट वोटिंग में नैंसी पेलोसी की जगह स्पीकर का चुनाव जीतने में असफल रहे। वह पेलोसी का स्थान लेने के लिए जरूरी संख्या बल नहीं हासिल कर पाए। इस तरह सदन में स्पीकर के चुनाव के लिए 100 वर्ष में पहली बार दूसरे राउंड की वैलेट वोटिंग होगी। केविन को सिर्फ 19 वोट मिले।

जूली ए. मैथ्यू

भारतवंशी दूसरी बार अमेरिका में बनीं जज

भारतीय मूल की जूली ए. मैथ्यू लगातार दूसरी बार संयुक्त राज्य अमेरिका में फोर्ड वेंड काउंटी कोर्ट में न्यायाधीश के रूप में चुनी गई। वह मूल रूप से केरल की तिरुवल्ला की रहने वाली हैं। जूली 15 वर्षों तक एक वकील के रूप में सेवारत थीं और चार साल पहले जज बनीं। अमेरिका के टेक्सास में फोर्ट वैंड काउंटी की दोबारा जज बन कर उन्होंने लगातार दो बार नामित होने का रिकॉर्ड बनाया।

ब्रिटेन

अठारह वर्ष की उम्र तक गणित पढ़ना जरूरी होगा

ब्रिटेन में 18 साल तक के युवाओं के लिए गणित पढ़ना आवश्यक होगा। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक जल्द ही एजुकेशन सिस्टम में बदलाव की घोषणा करने वाले हैं। अभी सिर्फ 16 से 19 वर्ष तक के आधे विद्यार्थी ही गणित पढ़ते हैं। नयी नीति के अनुसार 18 वर्ष की उम्र तक मैथ्स ए-लेवल (एडवांस लेवल क्वालिफिकेशन) की बजाय अलग माध्यमों से प्रत्येक कक्षा में पढ़ाया जाएगा। दरअसल अभी तक ब्रिटेन में ए-लेवल 16 साल और उससे ज्यादा उम्र के विद्यार्थियों के लिए सबजेक्ट बेस्ड क्वालिफिकेशन है। यह कवायद बच्चों में एनालिटिकल स्किल्स बढ़ाने में कारगर रहेगी।



ऑस्ट्रिया

बारह सौ साल पुरानी लाइब्रेरी सबसे खूबसूरत घोषित

ऑस्ट्रिया के एडमॉन्ट एबे में 1200 साल पहले बेनेडिक्ट मॉन्क द्वारा बनायी गयी मॉनेस्ट्री लाइब्रेरी दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे खूबसूरत लाइब्रेरी में शामिल की गई है। इसे 1074 में साल्जबर्ग के बेनेडिक्ट मॉन्क ने एडमॉन्ट एबे में बनाया था। 1764 में इसे फिर से नया आकार दिया गया। यह आजकल पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण में से एक है। 70 मीटर लंबी लाइब्रेरी के गुम्बद में खूबसूरत चित्रकारी की गई है।

ब्राजील

सबसे बड़े बंदरगाह का नाम पेले होगा

ब्राजील के सैंटोस शहर में स्थित सबसे बड़े बंदरगाह का नाम तीन बार के विश्व फुटबॉल चैंपियन पेले के नाम पर रखा जाएगा। ब्राजील के समाचार पोर्टल जी-1 ने सैंटोस के पूर्व - मेयर पाउलो एलेसैंड्रो बारबोसा के हवाले से यह जानकारी दी है। हाल ही में पेले का निधन हो गया, जिसके बाद देश में 3 दिवस का राजकीय शोक घोषित किया गया था।

क्रोएशिया

यूरोपीय संघ में हुआ शामिल

क्रोएशिया नव वर्ष की मध्यरात्रि से पूरी तरह से यूरोपीय संघ में शामिल हो गया। इसके साथ ही देश में यूरोपीय मुद्रा यूरो का इस्तेमाल शुरू हो गया है। यूरोपीय महाद्वीप के बाल्कन क्षेत्र में पड़ने वाले छोटे से देश क्रोएशिया की आबादी लगभग 40 लाख है। तीन दशक पहले क्रोएशिया में हुए भयानक युद्ध के कारण इस देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। यह युद्ध युगोस्लाविया से स्वतंत्रता पाने के लिए हुआ था।

ट्यूनीशिया में

एक माह बढ़ा आपातकाल

ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सईद ने देश में लगे आपातकाल को एक और महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया है। ट्यूनीशियाई गणराज्य के आधिकारिक गजट के अनुसार यह आपातकाल 30 जनवरी 2023 तक लागू रहेगा। ज्ञात रहे कि ट्यूनीशिया में पहली बार 24 नवंबर 2015 को आपातकाल घोषित किया गया था। ट्यूनीशिया में आपातकाल कानून अधिकारियों को असाधारण अधिकार की अनुमति देता है, जिसमें घर में नजर बंद करना, अधिकारिक बैठकों पर प्रतिबंध लगाना, कर्फ्यू लगाने, मीडिया की निगरानी करना और न्यायपालिका से अनुमति के बिना मीडिया सेंसरशिप को प्रतिबंधित करना शामिल है।

आलोक शर्मा

ब्रिटेन के पूर्व मंत्री को नाइटहुड की उपाधि

किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा नववर्ष के मौके पर लंदन में एक सम्मान सूची जारी की गई है। जिसमें सीओपी 26 के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री आलोक शर्मा को नाइटहुड सम्मान के लिए चुना गया है। 55 वर्षीय शर्मा को सीओपी 26 शिखर सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन से बचाव के लिए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। शर्मा पहले व्यापार, ऊर्जा और औद्योगिक रणनीति के राज्य सचिव थे।



सुजॉय लाल थाउसेन

सीआरपीएफ चीफ ने संभाला बीएसएफ का अतिरिक्त प्रभार

केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल के महानिदेशक सुजॉय लाल थाउसेन को सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्हें सीआरपीएफ महानिदेशक पंकज कुमार के सेवानिवृत्ति के बाद यह प्रभार संभाला है। सीआरपीएफ प्रमुख थाउसेन मध्यप्रदेश कैडर से हैं।

दक्षिणी कैलिफोर्निया में

सौ साल बाद दिखा बर्फीला उल्लू

आर्कटिक का सफेद पंखों वाला बर्फीला उल्लू 100 से भी अधिक साल में पहली बार दक्षिणी कैलिफोर्निया में देखा गया है। बर्फीले उल्लू का वजन 1.3 से 2.5 किलोग्राम, लंबाई तकरीबन 20-27.5 इंच, पंखों का फैलाव 45-72 इंच और चौड़ाई 14-19 इंच रहती है। बर्फीले उल्लू सबसे बड़े उत्तर अमेरिकी उल्लू हैं, जो अधिकांश समय आर्कटिक और सर्दियों में कनाडा और अलास्का में दिखाई देते हैं। इनकी आबादी निरंतर घट रही है, 2013 में दो लाख थी, जो 2018 में मात्र 28 हजार रह गई।

आंग सान सू की

जेल में रहेंगी 33 साल तक

म्यांमार की एक अदालत ने देश की अपदस्थ नेता आंग सान सू की के खिलाफ एक और मामले में सजा सुनायी है। इससे पहले 2021 से लगातार सू की पर कई अलग-अलग मामलों में अदालत 26 सालों की सजा सुना चुकी है। इस तरह उन्हें 33 साल जेल में ही रहना होगा। फरवरी 2021 में सेना ने उनकी सरकार को अपदस्थ कर दिया था।

एलन मस्क

182 अरब डॉलर गंवाने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने

टेस्ला प्रमुख और ट्विटर के नए सीईओ अमेरिकी अरबपति एलन मस्क के नाम सबसे कम समय में पैसे कमाने के बाद उसे गंवाने का अनूठा रिकॉर्ड जुड़ गया है। उन्हें 182 अरब डॉलर (लगभग 14.71 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का नुकसान हुआ है। अब मस्क इतिहास में इतनी रकम गंवाने वाले पहले शख्स बन गए हैं। उनकी संपत्ति अब घटकर 138 अरब डॉलर रह गई है।

वेलिंडा क्लार्क

सिडनी स्टेडियम में लगी प्रतिमा

सिडनी क्रिकेट स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया की वेलिंडा क्लार्क की प्रतिमा लगाई गई है। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका के बीच खेले गए आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। वह दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर हैं, जिनकी प्रतिमा स्टेडियम में स्थापित की गई है। उनकी मूर्ति ऑस्ट्रेलिया के प्रसिद्ध मूर्तिकार कैथी वीजमैन ने बनाई है।

जंगी जहाज गोर्शकोव को

रूस ने समुद्र में उतारा

यूक्रेन के साथ युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जिरकॉन हाइपरसोनिक मिसाइल से लैस देश के नए लड़ाकू जहाज गोर्शकोव को अटलांटिक महासागर में भेज दिया है। यह समुद्र में गश्त करेगा। यह पश्चिमी देशों के लिए एक संकेत है। इससे स्पष्ट है कि रूस, अमेरिका से डरेगा नहीं। रूस का दावा है कि यह मिसाइल किसी भी एयर डिफेंस को चकमा दे सकती है। यह मिसाइल 11,265 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरने में सक्षम है।

ट्रूना फिश

सवा दो करोड़ में नीलाम हुई

जापान की राजधानी टोक्यो में नए वर्ष में हुई पहली नीलामी में सुशी गिन्जा ओनोडेरा रेस्त्रां का संचालन करने वाली कंपनी के अध्यक्ष युकिताका-यामागुची ने 212 किलोग्राम वजनी ट्रूना मछली लगभग सवा दो करोड़ रुपये में खरीदी है। यह इस वर्ष की सबसे अधिक की नीलामी है। इसके साथ ही देश में नए कारोबार की भी शुरुआत हो गई।

अमेरिका

आठ सौ करोड़ रुपए की बिल्ली दुनिया के अमीर जानवरों में शामिल

अमेरिका की मशहूर पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट की बिल्ली दुनिया के सबसे अमीर जानवरों की लिस्ट में शामिल की गई है। इसकी कीमत लगभग 800 करोड़ रुपए है। टेलर स्विफ्ट इस बिल्ली के साथ कई विज्ञापन भी कर चुकी हैं। इस बिल्ली का नाम ओलिविया बेनसन है। यह बिल्ली स्विफ्ट के पास 2014 से है।

स्मृति शेष

अंतरिक्ष यात्री वाल्टर कनिंघम का निधन

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अपोलो-7 मिशन के अंतरिक्ष यात्री 90 वर्षीय वाल्टर कनिंघम का निधन हो गया। वॉल्टर नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एड मिनिस्ट्रेशन (नासा) के अपोलो कार्यक्रम के पहले सफल मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान के चालक दल के अंतिम जीवित अंतरिक्ष यात्री थे। ज्ञान रहे कि वॉल्टर नासा की ओर से 1968 में अंतरिक्ष में भेजे गए अपोलो-7 मिशन के चालक दल के सदस्य थे।

पूर्व भारतीय फुटबॉलर श्यामल घोष का निधन

पूर्व भारतीय फुटबॉलर श्यामल घोष का 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। घोष 70 और 80 के दशक में भारत के सबसे कुशल सेंट्रल डिफेंडर माने जाते थे। घरेलू स्तर पर उन्होंने ईस्ट बंगाल के साथ एक सफल कैरियर में सात सीजन खेले और 1977 में टीम की कप्तानी भी की, घोष ने राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप (संतोष ट्रॉफी) में प्रतिनिधित्व भी किया और 1975, 1976, 1977 में चैंपियन बनाकर हैट्रिक भी लगायी थी।

अमेरिका की मशहूर समाचार प्रस्तोता बारबरा का निधन

अमेरिका की प्रख्यात समाचार प्रस्तोता बारबरा वॉल्टर्स का 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने महिला पत्रकारों के हित में बेहतर काम करने वाले संस्था का नेतृत्व भी किया। वे अमेरिका की स्टार समाचार प्रस्तोता थीं।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय अधिष्ठाता
अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
विदिशा (म.प्र.)

खेल परिसर के सामने, सांची रोड, विदिशा (म.प्र.) 464001, दूरभाष - 07592-299254
E-Mail :- deangmcvidisha@gmail.com, Website :- www.gmcvidisha.org

क्रमांक- 90/स्था./अराज/नर्सिंग/अ.वि.बा.जी.एम.सी./23 विदिशा, दिनांक : 06.01.2023

विज्ञप्ति सूचना
नर्सिंग ऑफीसर (स्टॉफ नर्स) हेतु

1. मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल का ज्ञाप क्र. एफ 2/06/2018/1-55 भोपाल दिनांक 07.04.2018 (मध्यप्रदेश स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सकीय सेवा आदर्श सेवा नियम-2018), मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक 838/स्था./अराज/2018 भोपाल दिनांक 03.10.2018 एवं कार्यालय आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, मध्यप्रदेश के पत्र क्र. 2387/स्था/अराज/संचिप्रि/2022 भोपाल, दिनांक 01.12.2022 एवं संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा, मध्यप्रदेश का पत्र क्र. 1301-15/स्था/अराज/2020 भोपाल, दिनांक 29.09.2020 तथा मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय के आदेश भोपाल दिनांक 04.03.2022 क्रमांक एफ 2-20/2020/1/55 में **"राज्य शासन एतद् द्वारा उक्त आदेश में उल्लेखित शासकीय नर्सिंग स्कूल, शासकीय/स्वशासी नर्सिंग महाविद्यालय से उत्तीर्ण उम्मीदवारों के साथ राज्य में केन्द्र शासन द्वारा संचालित नर्सिंग स्कूल/महाविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों** को अटल विहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा में नर्सिंग ऑफीसर (स्टॉफ नर्स) के रिक्त पदों पर नियुक्त करने हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाने हैं। नर्सिंग ऑफीसर (स्टॉफ नर्स) के पदों पर आवेदन का प्रारूप इस संस्था की वेबसाइट **www.gmcvidisha@gmail.com** पर उपलब्ध रहेगा।
2. उपरोक्त विज्ञापन की सम्पूर्ण जानकारी एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप अटल विहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा की वेबसाइट **www.gmcvidisha.org** पर उपलब्ध है तथा **आवेदन की अंतिम दिनांक 31.01.2023 समय सायं 05.00 बजे तक (शासकीय कार्य दिवस)** कार्यालय अधिष्ठाता, अटल बिहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा की आवक शाखा में जमा करना सकेंगे। आवेदकों द्वारा अपना पूर्ण रूप से निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन पत्र, समस्त दस्तावेजों सहित आवेदन पत्र केवल स्वयं द्वारा एवं डाक/रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्राप्त ही मान्य किये जायेंगे।
3. आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, अटल विहारी वाजपेयी, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा, में नर्सिंग ऑफीसर (स्टॉफ नर्स) में आवेदन हेतु आवेदित पद का नाम, श्रेणी-अनारक्षित (UR)/आरक्षित (SC/ST/OBC) श्रेणी का उल्लेख स्पष्ट एवं अनिवार्य रूप से करें। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी

जी-21444/48055/2023 अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

कार्यालय महाप्रबंधक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई-2 , जिला सिवनी
Phone No. : 07692-224440, E-mail : gmpiuseoni2@rediffmail.com

पत्र क्र. 1623/स्था./ग्रासविप्रा/II/2022 सिवनी, दिनांक : 31.12.2022

संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

कार्यालय महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्रमांक-2, सिवनी के कार्यालय में निम्न पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

स. क्र.	पद नाम	पद संख्या	नियुक्ति हेतु आवश्यक पात्रता
1.	सहायक ग्रेड- 3	1	राज्य शासन या राज्य शासन के निगम, मण्डल बोर्ड के अधीन किसी निर्माण कार्य विभाग से सहायक वर्ग दो से अथवा संवर्ग के उच्च पद से सेवानिवृत्त कर्मचारी जिनकी आयु 31.01.2023 को 63 वर्ष से अधिक न हो एवं उम्मीदवार शारीरिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना चाहिये।

शर्तें : 1. सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त वेतन (ग्रेड-पे सहित) एवं देय महंगाई भत्ते में से पेंशन एवं उस पर देय राहत राशि कम कर निश्चित एकमुश्त वेतन प्रतिमाह देय होगा। 2. संविदा नियुक्ति की अवधि 01 वर्ष होगी एवं आवश्यकतानुसार संविदा नियुक्ति बढ़ाई जा सकेगी। 3. निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। 4. वांछित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जावेगा। 5. परियोजना क्रियान्वयन इकाई-2, सिवनी कार्यालय को कोई भी/सभी आवेदन पत्रों को अमान्य करने का अधिकार होगा।

इच्छुक आवेदक/उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र जिसमें उम्मीदवार का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, योग्यता, जाति, अनुभव प्रमाण पत्र, पत्र व्यवहार का पता, मोबाइल नम्बर इत्यादि की जानकारी सहित आवश्यक प्रमाण पत्र (शासकीय विभाग में कार्यरत कर्मचारी अपने विभाग की सहमति अनुशंसा) के साथ **अंतिम तिथि 31.01.2023 तक** कार्यालयीन समय में कार्यालय महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई-2, एम.वी.ई.वी. ऑफिस के सामने, बारापत्थर सिवनी (म.प्र.) पर प्रेषित किये जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/10814B/आर-48087/2023 **महाप्रबंधक**

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

मां पीतांम्बरा शक्तिपीठ के कारण देशभर में प्रसिद्ध है दतिया जिला

दतिया, मध्यप्रदेश के ग्वालियर संभाग का एक जिला है। 1 नवंबर, 1956 को मध्यप्रदेश राज्य के गठन के साथ ही दतिया को भी जिला बनाया गया था। दतिया जिले की सीमा मध्यप्रदेश के शिवपुरी, ग्वालियर और भिंड से लगती है। जिले के पूर्व में उत्तरप्रदेश का झांसी जिला स्थित है।

पुराने समय से ही यहां के क्षत्रिय (वीर बुंदेला) प्रसिद्ध रहे हैं। दतिया नगर को 16वीं सदी में बुन्देलखण्ड के प्रतापी राजा वीर सिंह जूदेव बुंदेला ने बसाया था। यहां कई प्राचीन महल, डाक बंगले, अस्पताल, कारागृह एवं शिक्षण संस्थाएं हैं। दतिया का पुराना कस्बा चारों ओर से पत्थर की दीवार से घिरा हुआ है, जिसमें बहुत से महल और उद्यान बने हुए हैं। वीर सिंह बुंदेला महल, उत्तर भारत की सबसे बेहतरीन इमारतों में से एक माना जाता है।

दतिया जिला पठारी, पथरीला, टौरियाऊ, ऊंचा-नीचा, ढालू, रांकड़ भूमि वाला जंगली भूभाग रहा है। दत (पत्थर की चट्टान), दतया (पथरीला) भूभाग होने से ही इसको दतया उर्फ दतिया कहा जाने लगा था।

यहां का मां पीताम्बरा देवी शक्तिपीठ, भारत के श्रेष्ठतम और महत्वपूर्ण शक्तिपीठों में से एक है। प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन लगा रहता है। यहां स्थित बनखण्डेश्वर मंदिर महाभारत कालीन शिव मंदिर है। पीताम्बरा पीठ के प्रांगण में ही 'मां धूमावती देवी' का मन्दिर है, जो भगवती धूमावती का देश का एक मात्र मन्दिर है।

मंदिरों की अधिकता के कारण दतिया को लघु वृंदावन भी कहा जाता है।

इतिहास

दतिया एक प्राचीन शहर है, जिसका उल्लेख महाभारत में भी वर्णित है। महाभारत में दतिया का उल्लेख दैत्य वक्र के रूप में है और जिले के भाण्डेर कस्बे का नाम भंडकपुर था। दतिया को पूर्व में दैत्यनगर और दिलीपनगर के नाम से जाना जाता था।

ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार दतिया की स्थापना 1549 में हुई थी। दतिया और बरोनी के प्रथम राओ भगवान राओ ने दतिया और बरोनी को अपने पिता ओरछा के राजा वीर सिंह देव से प्राप्त किया और अपना शासन स्थापित किया। 1676 में उनकी मृत्यु हो जाने के बाद, राज्य 1802 में बेसिन की संधि के तहत बुंदेलखंड के अन्य क्षेत्रों के साथ ब्रिटिश नियंत्रण में आ गया।

यहां पहले शासक परिवार को 'महाराजा राओ राजा' की उपाधि से सम्बोधित किया जाता था, लेकिन बाद में ब्रिटिश सरकार ने 1865 में महाराजा की उपाधि को सिर्फ वंशानुगत के रूप में मान्यता दी।

अंग्रेजों से लड़ाई के लिए पेशवा ने 945 घुड़सवारों, 5203 पैदल सेना और कई तोपों वाली सेना तैयार की थी। 1896-97 में राज्य अकाल से पीड़ित हुआ और 1899-1900 में फिर से अकाल की स्थिति आ गई। 1947 में स्वतंत्रता के बाद दतिया का भारत में विलय हो गया।

अर्थव्यवस्था

दतिया जिले की अर्थव्यवस्था पूर्णतः कृषि पर आधारित है। सिंध एवं पहुज जिले की प्रमुख नदियाँ हैं। जिले में गेहूं, ज्वार, दलहन और तिलहन का उत्पादन बड़ी मात्रा में होता है। उड़द दाल के लिए यह जिला प्रसिद्ध है, यहां बड़े पैमाने पर उड़द दाल की खेती की जाती है। साथ ही आंवला, कपास और गन्ना जैसी नगदी फसलें भी ली जाती हैं।

यह शहर अनाज और कपास उत्पादों के व्यापार केंद्र के रूप में कार्य करता है। हथकरघा बुनाई यहां का एक महत्वपूर्ण उद्योग है।

जिले में कुछ मात्रा में सीसा अयस्क और चूना पत्थर पाया जाता है।

दतिया जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- ग्वालियर
3. जिला मुख्यालय- दतिया
4. क्षेत्रफल- 2959 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 786754 (पुरुष- 420157, महिलाएं- 366597)
6. लिंग अनुपात- 873
7. जन घनत्व- 271 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 73.50 प्रतिशत
9. तहसीलें- 5 (दतिया, बड़ौनी, सेवड़ा, इन्दरगढ़, भांडेर)
10. विकासखंड- 3 (दतिया, सेवड़ा, भांडेर)
11. ग्राम पंचायत- 290
12. ग्राम- 735
13. जनपद पंचायत- 3
14. नगर पालिका- 1
15. विधानसभा क्षेत्र- 3 (दतिया, सेवड़ा, भांडेर)
16. लोकसभा क्षेत्र- 1
17. भाषा एवं बोली- हिन्दी, बुंदेली

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- दतिया जिले में स्थित वीर सिंह देव महल 1614 में राजा वीर सिंह देव द्वारा निर्मित कराया गया एक सात मंजिला महल है। वास्तुकला का एक अद्वितीय उदाहरण यह पूरा महल सिर्फ पत्थरों से बना हुआ है। बुन्देला शासकों द्वारा बनवाई गई बेहतरीन इमारतों में इसकी गणना की जाती है। महल में आकर्षक भित्ति चित्र बने हुए हैं। महल में कुछ सुंदर मूर्तियों भी स्थापित की गई हैं और महल की ऊपरी मंजिल से आसपास के क्षेत्र का सुंदर नजारा देखा जा सकता है।
- दतिया में पीतांम्बरा पीठ के निकट बना राजगढ़ महल, राजा शत्रुजीत सिंह बुन्देला द्वारा बनवाया गया था। यह महल बुन्देली भवन निर्माण शैली में बना है। यहीं पर एक संग्रहालय भी है, जहां भौगोलिक और सांस्कृतिक महत्व की अनेक वस्तुओं का संग्रह रखा गया है।
- दतिया जिले की सेवड़ा तहसील में घने जंगल में सिंध नदी के किनारे पर स्थित रतनगढ़ मंदिर एक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, हर साल हजारों भक्त यहां आते हैं। यहां दीपावली पर विशाल मेला लगता है। अवध विहारी मंदिर, शिवगिरि मंदिर, विजय राघव मंदिर, गोविन्द मंदिर और विहारी जी मंदिर, बालाजी सूर्य मंदिर, जिले में स्थित अन्य प्रमुख मंदिर हैं।
- दतिया से कुछ किलोमीटर दूर स्थित सोनगिरी दिगंबर जैन संप्रदाय का पवित्र तीर्थस्थल है। सोनगिरी की पहाड़ी पर 77 मंदिर और पास के गांव में 26 जैन मंदिर हैं। पहाड़ी पर बना 57 नंबर का मंदिर यहां का मुख्य मंदिर है। मंदिर में भगवान चन्द्रप्रभु की 11 फीट ऊंची आकर्षक प्रतिमा स्थापित है। यहां भगवान शीतलनाथ और पार्श्वनाथ की सुंदर प्रतिमाएं स्थापित हैं।
- दतिया जिले का बड़ौनी खुर्द, बुंदेला शैली में बने किले और हवेलियों के लिए भी काफी लोकप्रिय है। यहां राजा वीर सिंह जूदेव बुंदेला का राज्याभिषेक हुआ था, यहां बौद्ध और जैन धर्म से संबंधित गुप्तकालीन मंदिर बने हुए हैं।
- दतिया में स्थित बुंदेला राजाओं की छतरियां यहां के बुंदेली शासनकाल के वैभव को दर्शाती हैं।
- दतिया जिले में कई तालाब हैं, जिनमें से सीता सागर, कर्ण सागर, राधा सागर, लाला का ताल, तरन तारण तालाब, लक्ष्मण तालाब, वीर सागर तालाब, राम सागर तालाब, बड़ौनी तालाब, अगोरा तालाब, मकरारी तालाब, बसई तालाब आदि प्रमुख हैं।

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मध्यप्रदेश में व्यापार एवं उद्योग संगठनों के साथ गतिविधियां संचालित होंगी – मुख्यमंत्री

इंदौर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतिम दिन प्रथम सत्र में व्यापार प्रोत्साहन गतिविधियों के लिए विभिन्न औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि-मंडलों के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एम.ओ.यू.) का आदान-प्रदान किया। विश्व के 215 से अधिक देशों में अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे इन औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों से 15 क्षेत्र में गतिविधियों के लिए एमपीआईडीसी से करार हुए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संगठनों के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने और परस्पर प्रगति के लिए राज्य सरकार दीर्घकालिक गतिविधियां संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मध्यप्रदेश की व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों के वैश्विक विस्तार के लिए व्यापार एवं उद्योग संगठनों के साथ गतिविधियां संचालित होंगी। इस दिशा में हरसंभव प्रयास किए जाएंगे तथा प्रदेश में निवेश और गतिविधियों के विस्तार के लिए नए अवसरों का सृजन भी होगा।

मुख्यमंत्री के साथ इण्डो-कनाडा विजनेस चेम्बर, सिंगापुर इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, इंडिया आसियान ग्रेट कांउसिल और इंडिया-अफ्रीका ट्रेड कांउसिल, इंडियन इकोनॉमिक ट्रेड आर्गेनाइजेशन, इंडिया-बांग्लादेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज ने कृषि, तकनीक, खाद्य प्र-संस्करण, प्रशिक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित करने के लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिंग का आदान-प्रदान किया।

हार्टफुलनेस और आर्गेनाइजेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट ने भी किया एमओयू

मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ हार्ट फुलनेस एज्युकेशन ट्रस्ट, मार्वल रॉक्स, इंफ्रो ट्रस्ट, ईको टारस, वर्ल्ड एन.आर.आई एसोसिएशन, आर्गेनाइजेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट, कांउसिल ऑफ ई.यू. चेम्बर ऑफ कॉमर्स तथा टर्की के मुसियाद समूह ने भी एम.ओ.यू का आदान-प्रदान किया।

केंद्र सरकार के प्रयासों से सुदृढ़ हो रही हैं पंचायतें

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत पंचायती राज संस्थाएं हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रशासन में विकास और जन भागीदारी सुनिश्चित करना है। पंचायती राज की मूल अवधारणा भी यही है कि गांव-गांव, नगर-नगर शासन की जिम्मेदारी जनता के हाथों में हो और वे अपनी स्थानीय जरूरतों के अनुसार अपने गांव और नगर का विकास कर सकें। जन-प्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारी शासक नहीं, अपितु जनता के सहयोगी और सहायक की भूमिका में हों। यह व्यवस्था ग्राम स्वराज के सपने को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायती राज संस्थाओं को कल्याणकारी योजनाओं का आवश्यक संदेशवाहक बताते हुए कहा था कि यह व्यवस्था पंचों, सरपंचों के साथ-साथ खंड और जिला परिषदों में निर्वाचित प्रतिनिधियों के पास जमीनी स्तर पर अंतिम कतार में स्थित अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का सबसे अच्छा माध्यम है। सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में पंचायती राज व्यवस्था अहम भूमिका निभाती है। भारत में स्थानीय शासन मजबूती से ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय स्तर पर जनता का प्रतिनिधित्व करना। ऐसे में पंचायती राज का सुदृढ़ होना काफी अहम हो जाता है। केंद्र सरकर भी इसके मद्देनजर पंचायती राज संस्थाओं की क्षमता निर्माण को निरंतर बढ़ावा देती रही है। सरकार पंचायतों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर हाईटेक बना रही है। पंचायती राज संस्थाओं से विकास के लिए किए गए मत्वपूर्ण कार्य इस प्रकार से हैं।

स्वामित्व योजना (SVAMITVA)

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2020 में स्वामित्व (SVAMITVA) योजना शुरू की गई, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार के मालिक को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को सक्षम बनाना है। वर्ष 2022 के दौरान स्वामित्व योजना के तहत कई उपलब्धियां हासिल हुईं। इसके तहत दिसंबर 2022 तक 2 लाख 3 हजार से अधिक गांवों में ड्रोन उड़ाने का काम पूरा हो चुका है। इसके साथ ही हरियाणा और उत्तराखंड के सभी बसे हुए गांवों के लिए संपत्ति कार्ड तैयार कर लिए गए हैं। सरकार ने यह लक्ष्य निर्धारित किया है कि 2025 तक स्वामित्व के तहत सभी भारतीय गांवों का पूर्ण सर्वेक्षण कर लिया जाएगा।

ई-ग्राम स्वराज

पारदर्शिता बढ़ाने और पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए, पंचायती राज मंत्रालय ई-ग्राम स्वराज एप्लिकेशन के साथ विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के लाभार्थी विवरणों को एकीकृत करने का प्रयास कर रहा है। पंचायती राज संस्थानों में ई-गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए, ई-ग्राम स्वराज लॉन्च किया गया था। इसे ई-पंचायत मिशन मोड प्रोजेक्ट के तहत विकसित किया गया है। यह योजना, प्रगति रिपोर्टिंग और कार्य-आधारित लेखांकन के माध्यम से बेहतर पारदर्शिता लाती है।

संपत्तियों की जियो-टैगिंग

प्रभावी निगरानी के एक हिस्से के तौर पर कार्यों की भौतिक प्रगति की क्षेत्र-स्तरीय निगरानी करना अनिवार्य है। इसके अलावा सिस्टम को मजबूत करने के लिए पूरक; संपत्तियों की जियो-टैगिंग (कार्य पूरा होने पर) अत्यंत महत्वपूर्ण है। मंत्रालय ने mActionSoft एक मोबाइल आधारित समाधान विकसित किया है। यह प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, जल संचयन, सूखा प्रूफिंग, स्वच्छता, कृषि, चेक डैम और सिंचाई चैनल आदि से संबंधित सभी कार्यों और संपत्तियों पर जानकारी का भंडार प्रदान करेगा। 2022 में पंद्रह वित्त आयोग के तहत की गई गतिविधियों के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा दो लाख से अधिक संपत्तियों को जियो-टैग किया गया है।

सिटीजन चार्टर

नागरिकों के प्रति पंचायती राज संस्थानों की प्रतिबद्धता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सिटीजन चार्टर को लाया गया है। मंत्रालय ने 'मेरी पंचायत मेरा अधिकार-जन सेवा हमारे द्वार' नारे के साथ नागरिक चार्टर दस्तावेज़ (https://panchayatcharter.nic.in) अपलोड करने के लिए मंच प्रदान किया है। यह चार्टरों के निर्माण और कार्यान्वयन के साथ-साथ उनके मूल्यांकन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करता है। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2022 तक 2.15 लाख ग्राम पंचायतों ने अपना स्वीकृत सिटीजन चार्टर अपलोड किया है और नागरिकों को 952 सेवाएं प्रदान कर रही हैं, जिनमें से 268 सेवाएं ऑनलाइन मोड के माध्यम से दी जा रही हैं।

स्मार्ट वेंडिंग कार्ट से बदल रही ग्रामीण प्रौद्योगिकी

ग्रामीण विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की दिशा में अपने प्रयासों में मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रेताओं द्वारा उपयोग की जाने वाली स्मार्ट वेंडिंग कार्ट विकसित करने में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और छह आईआईटी के साथ सहयोग किया है। आईआईटी बॉम्बे द्वारा डिजाइन की गई स्मार्ट वेंडिंग कार्ट को छोटे व्यवसायों के लिए काफी उपयुक्त पाया गया है। स्मार्ट वेंडिंग ई-कार्ट में उपयोगकर्ता-अनुकूल सक्षम तकनीक और विशेषताएं हैं, जो खराब होने वाले खाद्य पदार्थों, सब्जियों और फलों के बेहतर भंडारण की सुविधा प्रदान करती हैं।

ग्राम ऊर्जा स्वराज

नवंबर 2021 में ग्लासगो में आयोजित COP26 के दौरान किए गए जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मोदी की प्रतिबद्धता के अनुसार पंचायत स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम ऊर्जा स्वराज पहल शुरू की है। पंचायती राज मंत्रालय ने अक्षय ऊर्जा को अपनाने की दिशा में पंचायती राज संस्थाओं के झुकाव को पकड़ने के लिए मई 2022 में ग्राम ऊर्जा स्वराज पोर्टल भी लॉन्च किया है।

ऑनलाइन ऑडिट की व्यवस्था

महत्वपूर्ण संस्थागत सुधार के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग ने निर्धारित किया है कि पंचायत खातों की ऑडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। मंत्रालय ने पंचायत खातों की ऑनलाइन ऑडिट करने के लिए 'ऑडिट ऑनलाइन' एप्लीकेशन की संकल्पना की है। यह न केवल खातों के ऑडिटिंग की सुविधा प्रदान करता है बल्कि फिट एप ऑडिट से संबंधित डिजिटल ऑडिट रिकॉर्ड को बनाए रखने का भी प्रावधान करता है। यह एप्लिकेशन विभिन्न ऑडिट प्रक्रियाओं, अर्थात् ऑडिट पृछताछ, ड्राफ्ट स्थानीय ऑडिट रिपोर्ट, ड्राफ्ट ऑडिट पैरा आदि को सुव्यवस्थित करने की सुविधा प्रदान करता है।

पंचायती राज संस्थाओं का क्षमता निर्माण

पंचायती राज संस्थाओं की क्षमता निर्माण पंचायती राज मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों में से एक रहा है। मंत्रालय पंचायती राज संस्थाओं की क्षमता को मजबूत करने के लिए कार्यक्रम से जुड़े तकनीकी और संस्थागत सहायता प्रदान कर रहा है। क्षमता निर्माण के दायरे में पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरण बढ़ाने और स्थानीय प्रशासन के लिए समाधान खोजने के साथ-साथ ग्रामीण भारत को मजबूत करने के लिए आउटरीच का भी समर्थन किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश की पंचायती राज व्यवस्था हर मोर्चे में आगे

देश के ग्रामीण विकास को आगे ले जाने में मध्यप्रदेश की पंचायती राज व्यवस्था हर मोर्चे पर खरी उतरी है, चाहे महिलाओं की भागीदारी की बात हो या फिर रोज़गार की बात हो। मध्यप्रदेश राज्य ने नागरिकों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने और शासन में पारदर्शिता लाने पर हमेशा काम किया है, जिसका परिणाम यह हुआ है कि आज पंचायतों में बड़ी संख्या में महिलायें बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं और कुशल नेतृत्व कर रही हैं जो अपने आप में अद्वितीय है। आज प्रदेश में विभिन्न शासकीय योजनाओं की राशि पंचायतों के खाते में सीधे पहुंच रही है।

मध्यप्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं को सुदृढ़ और सशक्त बनाने के लिए पंचायतों और पंचायत प्रतिनिधियों को ज्यादा से ज्यादा अधिकार दिए जा रहे हैं। ग्राम सभाओं को गांवों के विकास के लिए व्यापक अधिकार दिए गए हैं, स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कई विकास योजनाएं बनाई गई हैं और उस पर पूरी तरह से अमल भी हो रहा है। पंचायतों को अधिक से अधिक शक्ति प्रदान करते हुए शासकीय कार्यों की मंजूरी के लिए उन्हें 25 लाख रुपये तक के अधिकार दिए गए हैं।

- मध्यप्रदेश में ग्रामों के सुनियोजित विकास के लिए शहरों की तरह गांव का भी मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिए गए हैं।
- मध्यप्रदेश में हर गांव में प्रत्येक माह रोज़गार दिवस मनाने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है, इसके माध्यम से ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण युवाओं को रोज़गार प्राप्त कराया जा सकेगा। इसके साथ ही स्व-सहायता समूहों को शक्तिशाली बनाकर आर्थिक और अन्य गतिविधियों से जोड़ने का निर्णय भी लिया गया है, जिसका उद्देश्य विभिन्न स्व-रोज़गार योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को लाभ देना है।
- मध्यप्रदेश में ग्राम पंचायतों को समरस, स्वच्छ और पर्यावरण हितैषी बनाने की दिशा में काम लगातार जारी है। लोगों से पुण्य अवसरों पर पौधे लगाने और गांवों को नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर अपील भी की जा रही है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **एमसी मैरीकॉम ने वर्ल्ड मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में आखिरी बार स्वर्ण पदक कब जीता था?**
(अ) वर्ष 2008 (ब) वर्ष 2010
(स) वर्ष 2018 (द) वर्ष 2019
2. **वर्ष 2022 में इनमें से किस खिलाड़ी ने यूएस ओपन का एकल खिताब जीता है?**
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) कार्लोस एल्कराज
(स) होल्गर रूने
(द) हुर्वट हुरकाज
3. **कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम भारत के किस शहर में है?**
(अ) ग्वालियर (ब) कानपुर
(स) मोहाली (द) देहरादून
4. **वर्ष 2022 में किस क्लब ने कोपा इटलियन कप जीता था?**
(अ) जुवेंटस (ब) इंटरनेजिनल
(स) एसी मिलान (द) लाजियो
5. **पीटर गिलक्रिस्ट किस खेल के दिग्गज खिलाड़ी हैं?**
(अ) क्रिकेट (ब) गोल्फ
(स) बिलियर्ड्स (द) निशानेबाजी
6. **विम्बलडन में पुरुष एकल वर्ग में सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाले खिलाड़ी हैं?**
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) एंडी मरे
(स) आंद्रे अगासी
(द) रोजर फेडरर
7. **फॉर्मूला-वन चैम्पियनशिप-2023 में आयोजित होने वाली पहली रेस होगी?**
(अ) बहरीन ग्रांप्री
(ब) मियामी ग्रांप्री
(स) ऑस्ट्रेलियन ग्रांप्री
(द) मोनाको ग्रांप्री
8. **इनमें से किस शहर में अब तक शीतकालीन ओलिंपिक खेल आयोजित नहीं हुए हैं?**
(अ) बीजिंग (ब) तुरिन
(स) ओस्लो (द) टोरंटो
9. **इलिना रिबाकिना किस देश की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी हैं?**
(अ) कजाकिस्तान (ब) पोलैंड
(स) अमेरिका (द) जर्मनी
10. **एशियन गेम्स-2018 में किस देश ने पुरुष फुटबॉल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था?**
(अ) जापान (ब) द. कोरिया
(स) ईरान (द) कतर
11. **अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष हैं?**
(अ) जॉन कोट्स
(ब) सैप क्लॉटर
(स) थॉमस बाक
(द) इनमें से कोई नहीं
12. **वर्ष 2017 में किस देश ने फीफा कन्फेडरेशन कप जीता था?**
(अ) ब्राजील (ब) जर्मनी
(स) स्पेन (द) पुर्तगाल
13. **न्यूजीलैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के नए कप्तान बनाये गये हैं?**
(अ) टिम साउदी (ब) टॉम लॉथम
(स) ट्रैंट बोल्ट (द) मिशेल सेंटनर
14. **किस देश ने फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप 2022 का खिताब अपने नाम किया है?**
(अ) फ्रांस (ब) ब्राजील
(स) जर्मनी (द) अर्जेंटीना
15. **वर्ष 2022 में आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप जीतने वाली इंग्लैंड टीम के कप्तान हैं?**
(अ) जो रूट (ब) इयोन मॉर्गन
(स) जोस बटलर (द) बेन स्टोक्स
16. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं?**
(अ) क्रिस गेल
(ब) सचिन तेंदुलकर
(स) रोहित शर्मा
(द) मार्टिन गुप्टिल
17. **वर्ष 2029 में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी किस देश में आयोजित की जावेगी?**
(अ) पाकिस्तान
(ब) संयुक्त अरब अमीरात
(स) भारत
(द) बांग्लादेश
18. **वर्ष 2021 में मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के विजेता हैं?**
(अ) राफेल नडाल
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) डेनिल मेदवेदेव
(द) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
19. **भारतीय फुटबॉलर सुनील छेत्री ने अब तक कितने इंटरनेशनल गोल दागे हैं?**
(अ) 80 (ब) 84
(स) 85 (द) 87
20. **वर्ष 2018 में किस खिलाड़ी को आईसीसी क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था?**
(अ) विराट कोहली
(ब) बेन स्टोक्स
(स) मार्नस लाबुशेन
(द) मार्टिन गुप्टिल
21. **वर्ष 2000 में किस शहर में ओलिंपिक खेलों का आयोजन किया गया था?**
(अ) एथेंस (ब) बीजिंग
(स) सिडनी (द) बार्सिलोना
22. **वर्ष 2022 में किस देश ने पुरुष हॉकी एशिया कप खिताब जीता है?**
(अ) भारत (ब) जापान
(स) चीन (द) द. कोरिया
23. **लंदन मैराथन रेस-2022 में पुरुष वर्ग के विजेता बने थे?**
(अ) अमोस किपस्तो
(ब) सिसेय लेमा
(स) इलियुड किपचोगे
(द) इनमें से कोई नहीं
24. **हॉकी खिलाड़ी ऑर्थर वान डोरेन किस देश के लिए खेलते हैं?**
(अ) अर्जेंटीना (ब) बेल्जियम
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) नीदरलैंड
25. **एथेलेटिक्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप-2022 में 100 मीटर दौड़ में चैम्पियन बने थे?**
(अ) क्रिस्टियन कोलमैन
(ब) माइकल नॉर्मन
(स) फ्रेड कर्ले
(द) मार्विन ब्रेसी

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (अ), 4. (ब), 5. (स), 6. (द), 7. (अ), 8. (द), 9. (अ), 10. (ब), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (द), 15. (स), 16. (ब), 17. (स), 18. (द), 19. (ब), 20. (अ), 21. (स), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (स)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

पटवारी परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

विषय–विज्ञान

1. रामसर सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्या था -
(a) आर्द्रभूमि का संरक्षण
(b) जैव विविधता का संरक्षण
(c) ग्लोबल वार्मिंग
(d) जलवायु परिवर्तन
उत्तर- (a) आर्द्रभूमि का संरक्षण

2. वायुमण्डलीय नाइट्रोजन के भीतर नाइट्रेट का सूक्ष्मजीवीय विघटन कहलाता है -
(a) अमोनियाकरण
(b) विनाइट्रीकरण
(c) नाइट्रीकरण
(d) उपरोक्त सभी
उत्तर- (b) विनाइट्रीकरण

3. निम्न में से किसे 'वुड स्पिरिट' भी कहा जाता है -
(a) मिथाइल अल्कोहल
(b) एथिल एल्कोहल
(c) एथिलीन ग्लाइकॉल
(d) ग्लिसरॉल
उत्तर- (a) मिथाइल अल्कोहल

4. दो निकटस्थ वस्तुओं में भेद करने की क्षमता को कहते हैं -
(a) विभेदन क्षमता
(b) आवर्धन क्षमता
(c) अंतर करने की क्षमता
(d) आवर्धक क्षमता
उत्तर- (a) विभेदन क्षमता

5. अवरक्त किरणें क्या हैं -
(a) अनुदैर्ध्य तरंगें
(b) अनुप्रस्थ तरंगें
(c) यांत्रिक तरंगें
(d) विद्युत चुम्बकीय तरंगें
उत्तर- (d) विद्युत चुम्बकीय तरंगें

विषय–हिन्दी

6. "किंकर्तव्यविमूढ़" का तात्पर्य है -
(a) अत्यंत मूर्ख
(b) कर्तव्यपरायण होना
(c) विचित्र परिस्थिति उत्पन्न होना
(d) दुविधा में होना
उत्तर- (d) दुविधा में होना

7. निम्न में से अशुद्ध शब्द छांटिए -
(a) आषाढ़
(b) कष्ट
(c) पुरूट
(d) रेशम
उत्तर- (c) पुरूट

8. चिरंतन शब्द का विलोम शब्द है -
(a) चेतन (b) नश्वर
(c) क्षणिक (d) सुषुप्त
उत्तर- (b) नश्वर

9. "कलेजा मुँह को आना" मुहावरे का अर्थ है -
(a) गहरे दुःख की स्थिति होना
(b) बहुत पछतावा होना
(c) बहुत कष्ट होना
(d) बना-बनाया काम बिगड़ जाना
उत्तर- (a) गहरे दुःख की स्थिति होना

10. चतुर्भुज में उपयुर्क्त समास है -
(a) अव्ययी भाव समास
(b) कर्मधारय समास
(c) बहुव्रीही समास
(d) तत्पुरुष समास
उत्तर- (c) बहुव्रीही समास

विषय–अंग्रेजी

11. How are you.....with your job ? are you enjoying it ?
(a) Keeping on
(b) going on
(c) getting on
(d) carrying on
उत्तर- (c) getting on

12. When I called her she doing her assignment -
(a) When I
(b) Called on her
(c) She was doing
(d) No error
उत्तर- (c) She was doing

13. Last night, the dog ..... for a long time.
(a) had been barking
(b) has been barking
(c) barking
(d) would be barking
उत्तर- (a) had been barking

14. We.....a terrifying news last night.
(a) hear
(b) heard
(c) have been hear
(d) none of the
उत्तर- (b) heard

15. The teacher went to see what the students ..... in the garden.
(a) was doing
(b) were doing
(c) did be
(d) none of the above
उत्तर- (b) were doing

विषय–गणित

16. किसी संख्या और उसके वर्ग का योग 240 है, वह संख्या है -
(a) 12 (b) 14
(c) 15 (d) 16
उत्तर- (c) 15

17. यदि 15 औरतें मिलकर एक एकड़ जमीन की 2 दिन में बुवाई कर सकती हैं, तो तीन एकड़ जमीन को एक दिन में बुवाई करने में कितनी औरतों की आवश्यकता होगी -
(a) 60 (b) 90
(c) 120 (d) 180
उत्तर- (b) 90

18. $0.9 \div 0.75 = ?$
(a) 1.4 (b) 1.8
(c) 1.2 (d) 1.35
उत्तर- (c) 1.2

19. एक व्यक्ति के पास रु. 5, रु. 10 तथा रु. 20 के नोटों के रूप में कुल धनराशि रु. 1575 है तथा प्रत्येक प्रकार के नोटों की संख्या समान है, उसके पास कुल कितने नोट हैं -
(a) 115 (b) 125
(c) 135 (d) 165
उत्तर- (c) 135

विषय–सामान्य ज्ञान व अभिरुचि

20. वन अनुसंधान (शोध) संस्थान स्थित है -
(a) मैसूर में
(b) देहरादून में
(c) नागपुर में
(d) कोलकाता में
उत्तर- (b) देहरादून में

21. मण्डीदीप औद्योगिक क्षेत्र मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है -
(a) विदिशा
(b) भोपाल
(c) सीहोर
(d) रायसेन
उत्तर- (d) रायसेन

22. मध्यप्रदेश का महालेखाकार कार्यालय किस शहर में स्थित है -
(a) भोपाल (b) ग्वालियर
(c) जबलपुर (d) रीवा
उत्तर- (b) ग्वालियर

23. फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (FIFA) का मुख्यालय स्थित है -
(a) स्पेन (b) जर्मनी
(c) ज्युरिख (d) कतर
उत्तर- (c) ज्युरिख

24. जी-20 समिट (शिखर सम्मेलन) 2023 में कहां आयोजित किया जावेगा -
(a) भारत (b) अमेरिका
(c) ब्रिटेन (d) कनाडा
उत्तर- (a) भारत

25. विश्व में पॉम तेल की नदी कहा जाता है -
(a) नाइजर नदी
(b) झांगो नदी
(c) कांगो नदी
(d) दामोदर नदी
उत्तर- (a) नाइजर नदी

26. आत्मीय सभा के संस्थापक थे -
(a) ज्योतिया फुले
(b) राजा राममोहन राय
(c) दयानन्द सरस्वती
(d) रमाबाई
उत्तर- (b) राजा राममोहन राय

27. 'सीरी के किले' का निर्माण करवाया था -
(a) कुतुबुद्दीन ने
(b) अलाउद्दीन खिलजी ने
(c) इल्तुतमिश ने
(d) बहराम शाह ने
उत्तर- (b) अलाउद्दीन खिलजी ने

28. भारतीय संविधान में भाग 4 (क) में मौलिक कर्तव्य किस वर्ष जोड़े गये थे -
(a) 1978 (b) 1950
(c) 1948 (d) 1976
उत्तर- (d) 1976

29. मध्यप्रदेश में राज्यसभा की कुल कितनी सीटें हैं -
(a) 29 (b) 11
(c) 15 (d) 18
उत्तर- (b) 11

30. त्रिस्तरीय रूप से पंचायतों के गठन का प्रावधान किस समिति ने दिया था -
(a) अशोक मेहता
(b) बलवन्तराय मेहता समिति
(c) एल.एम. सिंघवी समिति
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (b) बलवन्तराय मेहता समिति

31. संसार में आपको अधिकतर लोग प्रतीत होते हैं -
(a) स्वार्थी
(b) सहयोग पूर्ण
(c) तटस्थ
(d) बहुरंगी
उत्तर- (d) बहुरंगी

32. आप अपने उस मित्र को सर्वाधिक पसंद करते हैं, जो -
(a) सर्वदा आपका मनोरंजन करता है
(b) पठन में रुचि रखता हो
(c) कर्तव्यशील व ईमानदार हो
(d) उपयुक्त सभी
उत्तर- (c) कर्तव्यशील व ईमानदार हो

33. यह ज्ञात होने पर कि आपका साथी ही मादक पदार्थों का सेवन करने लगा है, आप -
(a) उसका बहिष्कार करेंगे व उस पर ध्यान न देंगे।
(b) उसे मादक पदार्थों के कुपरिणामों से अवगत करवायेंगे।
(c) उसके परिवार वालों को बतायेंगे।
(d) उसे उपयुक्त चिकित्सक के पास ले जाकर चिकित्सा करवायेंगे।
उत्तर- (b) उसे मादक पदार्थों के कुपरिणामों से अवगत करवायेंगे।

34. आप जिस कार्यालय में कार्य कर रहे हैं उस कार्यालय के कोने से धुआँ आ रहा है। आपको पता चला कि आग लग गई है आप सबसे पहले -
(a) शोर करके सबको सूचना देंगे।
(b) तुरंत फोन करके फायर ब्रिगेड बुलायेंगे।
(c) कार्यालय से बाहर आकर स्वयं को बचाने का प्रयास करेंगे।
(d) पहले सीजफायर का प्रयोग करके अथवा आग बुझाने के उपाय पर कार्य करेंगे।
उत्तर- (d) पहले सीजफायर का प्रयोग करके अथवा आग बुझाने के उपाय पर कार्य करेंगे।

विषय–कम्प्यूटर

35. सुपर कम्प्यूटर का प्रयोग निम्नलिखित में से किस अनुप्रयोग के लिये किया जायेगा -
(a) बिजनेस कम्प्यूटिंग
(b) डेस्कटॉप पब्लिशिंग
(c) मौसम पूर्वानुमान
(d) कम्प्यूटर साधित डिजाइनिंग
उत्तर- (c) मौसम पूर्वानुमान

36. पांचवीं पीढ़ी के कम्प्यूटरों की विशेषता है -
(a) कृत्रिम बुद्धिमत्ता
(b) छोटे आकार
(c) कम कीमत
(d) माइक्रोप्रोसेसर
उत्तर- (a) कृत्रिम बुद्धिमत्ता

37. एक कम्प्यूटर में सभी अंकीय तथा तार्किक परिचालन.....द्वारा किया जाता है -
(a) एएलयू
(b) सीयू
(c) रजिस्टर
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
उत्तर- (a) एएलयू

38. किसी प्रोग्राम में सर्वाधिक प्रयोग होने वाले इन्स्ट्रक्शन लिये जाते हैं -
(a) हार्डडिस्क से
(b) ROM से
(c) RAM से
(d) उपर्युक्त सभी।
उत्तर- (c) RAM से

39. अधिकांश प्रोडक्ट्स पर बने प्रिण्टेड लाइनों के पैटर्न को कहते हैं -
(a) प्राइसेस
(b) OCR
(c) स्कैनर्स
(d) बारकोड्स
उत्तर- (d) बारकोड्स

विषय–सामान्य तार्किक योग्यता

40. 'अदालत' जिस प्रकार संबंधित है, 'न्याय' से उसी प्रकार 'विद्यालय' निम्न में से संबंधित है -
(a) अध्यापक (b) शिक्षा
(c) कक्षा (d) छात्र
उत्तर- (b) शिक्षा

41. पक्षी : पंख :: ?
(a) वृक्ष : पत्तियां
(b) महिला : पोशाक
(c) मछली : शल्क
(d) त्वचा : मनुष्य
उत्तर- (c) मछली : शल्क

42. अंग्रेजी वर्णमाला में आपके बाएं से 10वें अक्षर के दाएं 9वां अक्षर क्या होगा -
(a) G (b) S
(c) L (d) W
उत्तर- (b) S

43. राकेश, नितिन से लम्बा है, किन्तु भरत जितना लम्बा नहीं है। लोकेश, राकेश से छोटा है। किन्तु गौरव से लम्बा है, इनमें सबसे लम्बा कौन है -
(a) राकेश (b) नितिन
(c) गौरव (d) भरत
उत्तर- (d) भरत

44. M तथा F एक विवाहित दम्पति हैं। A तथा B बहनें हैं। A, F की बहन है। B, M की क्या लगती है -
(a) बहन (b) साली
(c) भतीजी (d) पुत्री
उत्तर- (b) साली

विषय – सामान्य प्रबंधन

45. निम्न में से कौन प्रबंधन के तत्वों में से एक नहीं है -
(a) नियोजन (b) केन्द्रीकरण
(c) संगठन (d) आदेश
उत्तर- (b) केन्द्रीकरण

46. निम्न में से कौन, उत्पादन में रचनात्मक कारक बनता है -
(a) मानव संसाधन
(b) मशीनरी
(c) पूंजी
(d) नियोजन
उत्तर- (a) मानव संसाधन

47. प्रबंध की विशेषताएं हैं -
(a) प्रबंध एक प्रक्रिया है
(b) यह एक गतिशील प्रक्रिया है
(c) यह एक सामाजिक प्रक्रिया है
(d) उपयुक्त सभी।
उत्तर- (d) उपयुक्त सभी।

48. प्रबंध के जन्मदाता माने जाते हैं -
(a) हेनरी फेयोल
(b) एडम स्मिथ
(c) हेनरी फोर्ड
(d) रावर्ट सिल
उत्तर- (a) हेनरी फेयोल

49. प्रबंधन में चयन, कौशल विकास, प्रशिक्षण आदि मानवीय गुणों की अवधारणा से औचित्य है -
(a) नियोजन
(b) संगठन
(c) कर्मचारी
(d) उपयुक्त सभी
उत्तर- (c) कर्मचारी

- श्रद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 29 जनवरी को होगी

भोपाल, मध्यप्रदेश के विशिष्ट आवासीय विद्यालयों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 29 जनवरी, 2023 को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किए गए परीक्षा केन्द्रों पर होगी। अभ्यर्थी 16 जनवरी, 2023 से परीक्षा तिथि तक अपना प्रवेश-पत्र विभागीय वेबसाइट **https://www.tribal.mp.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

यह विशिष्ट आवासीय विद्यालय जनजाति कार्य विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसीडेंशियल एकेडमिक सोसायटी द्वारा संचालित हैं।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी साहित्य

1. सरहपा का संबंध निम्न में से किससे है?
(A) सिद्ध साहित्य
(B) रासो काव्य
(C) नाथ साहित्य
(D) जैन काव्य
उत्तर - (A) सिद्ध साहित्य

2. निम्नलिखित में से कौन अष्टछाप के कवि नहीं हैं?
(A) सूरदास
(B) कुंभनदास
(C) नन्दास
(D) सुन्दरदास
उत्तर - (D) सुन्दरदास

3. विहारी किस धारा के कवि हैं?
(A) रीति सिद्ध
(B) रीति मुक्त
(C) स्वच्छन्द धारा
(D) रीति बद्ध
उत्तर - (A) रीति सिद्ध

4. अमृतलाल नागर के जीवनीपरक उपन्यास 'खंजन नयन' में किसके जीवन का चित्रण किया गया है?
(A) तुलसीदास (B) सूरदास
(C) रैदास (D) मीराबाई
उत्तर - (B) सूरदास

5. अंग्रेज़ी स्वच्छन्दतावादी काव्य का प्रभाव हिन्दी की किस काव्य धारा पर दिखाई देता है?
(A) प्रगतिवाद
(B) प्रयोगवाद
(C) छायावाद
(D) नई कविता
उत्तर - (C) छायावाद

6. 'दुःख ही जीवन की कथा रही, क्या कहूं जो नहीं कही' उपर्युक्त पंक्तियां किस कविता से उद्धृत हैं?
(A) सरोज स्मृति
(B) राम की शक्ति पूजा
(C) तुलसीदास
(D) कुकरमुत्ता
उत्तर - (A) सरोज स्मृति

7. 'रस आखेटक' के रचनाकार हैं?
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) विद्यानिवास मिश्र
(C) कुबेरनाथ राय
(D) शरद जोशी
उत्तर - (C) कुबेरनाथ राय

8. 'एक बूंद सहसा उछली' किस विधा की रचना है?
(A) यात्रा वृतान्त (B) संस्मरण
(C) रेखाचित्र (D) निबंध
उत्तर - (A) यात्रा वृतान्त

9. 'आलोचक के मुख से' किस आलोचक के व्याख्यानों का संकलन है?
(A) नन्ददुलारे वाजपेयी
(B) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(C) नामवर सिंह
(D) प्रभाकर क्षेत्रिय
उत्तर - (C) नामवर सिंह

10. 'समय देवता' किस कवि की कविता है?
(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) नागार्जुन
(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) नरेश मेहता
उत्तर - (D) नरेश मेहता

11. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' किसकी रचना है?
(A) विद्यानिवास मिश्र
(B) विष्णुकांत शास्त्री
(C) कुबेरनाथ राय
(D) गुलाब राय
उत्तर - (A) विद्यानिवास मिश्र

12. A नई कविता में नये मनुष्य की प्रतिष्ठा हुई है।
B नई कविता में व्यक्त मनुष्य का द्वंद अंशतः आयातित है ?
(A) A सही B गलत
(B) A और B दोनों सही
(C) A सही B आंशिक सही
(D) A गलत B सही
उत्तर - (D) A गलत B सही

13. स्थापना (Assertion) (A) किसी व्यक्ति का लोभ उस व्यक्ति से केवल बाह्य सम्पर्क रखकर ही तुष्ट नहीं हो सकता, उसके हृदय का सम्पर्क भी चाहता है।
तर्क (Reason) (R) लोभ प्रेम का मूल है?
(A) A गलत (R) सही
(B) A सही (R) सही
(C) A सही (R) गलत
(D) A और (R) दोनों गलत
उत्तर - (C) A सही (R) गलत

14. स्थापना (Assertion) (A) भरत मुनि के अनुसार स्थायी भाव ही रस रूप में परिणित होता है।
तर्क (Reason) (R) उनके प्रसिद्ध 'रस सूर्य' में स्थायी भाव का स्पष्ट उल्लेख है?
(A) A सही (R) सही
(B) A सही (R) गलत
(C) A गलत (R) गलत
(D) A गलत (R) सही
उत्तर - (B) A सही (R) गलत

15. स्थापना (Assertion) (A) "बिनु पग चलै सुनै बिनु काना" असंगत अलंकार का उदाहरण है।
तर्क (Reason) (R) असंगति अलंकार में कारण के बिना कार्य हो जाता है?
(A) A गलत (R) गलत
(B) A सही (R) गलत
(C) A सही (R) सही
(D) A गलत (R) सही
उत्तर - (A) A गलत (R) गलत

16. स्थापना (Assertion) (A) भाषा वैज्ञानिकों की दृष्टि में हिन्दी और उर्दू अलग-अलग भाषाएं हैं।
तर्क (Reason) (R) उनका व्याकरण एक ही है?
(A) A सही (R) सही
(B) A गलत (R) गलत
(C) A गलत (R) सही
(D) A सही (R) गलत
उत्तर - (A) A सही (R) सही

17. स्थापना (Assertion) (A) मैथिली संविधान की 8वीं अनुसूचि में शामिल भाषा है।
तर्क (Reason) (R) इसके शामिल होने से हिन्दी भाषियों की संख्या में वृद्धि हुई है?
(A) A गलत (R) सही
(B) A गलत (R) गलत
(C) A सही (R) सही
(D) A सही (R) गलत
उत्तर - (C) A सही (R) सही

18. 'प्रतीक' पत्रिका के सम्पादक कौन थे?
(A) अज्ञेय
(B) जगदीश गुप्त
(C) धर्मवीर भारती
(D) मनोहर श्याम जोशी
उत्तर - (A) अज्ञेय

19. 'आत्मजयी' किसकी रचना है?
(A) कुंवर नारायण सिंह
(B) दुष्यंत कुमार
(C) धर्मवीर भारती
(D) नरेश मेहता
उत्तर - (A) कुंवर नारायण सिंह

20. 'साकेत' महाकाव्य का नामकरण किसके आधार पर किया गया?
(A) नायक के आधार पर
(B) नायिका के आधार पर
(C) स्थान के आधार पर
(D) घटना के आधार पर
उत्तर - (C) स्थान के आधार पर

21. छायावाद को 'स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह' किस आलोचक ने कहा है?
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) नन्ददुलारे वाजपेयी
(C) डॉ. नागेन्द्र
(D) डॉ. नामवर सिंह
उत्तर - (C) डॉ. नागेन्द्र

22. प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है?
(A) सुमित्रानंदन पंत
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) श्रीधर पाठक
(D) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध
उत्तर - (A) सुमित्रानंदन पंत

23. 'मधु कलश' के रचनाकार का नाम?
(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) अयोध्यासिंह उपाध्याय
(D) हरिवंश राय बच्चन
उत्तर - (D) हरिवंश राय बच्चन

24. 'पुष्टि कर्म' के प्रवर्तक आचार्य हैं?
(A) सूरदास
(B) कुम्भन दास
(C) वल्लभाचार्य
(D) माधभाचार्य
उत्तर - (C) वल्लभाचार्य

25. द्वैतवाद के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं?
(A) रामानुजाचार्य
(B) माध्वाचार्य
(C) विष्णु स्वामी
(D) रामानन्द
उत्तर - (B) माध्वाचार्य

26. 'अवध विलास' के रचयिता का नाम है?
(A) केशवदास
(B) प्राणचन्द चौहान
(C) परशुराम देव
(D) लालदास
उत्तर - (D) लालदास

27. सूरदास के दृष्टकूट पद किस ग्रंथ में संकलित हैं?
(A) सूरसागर
(B) सूरसारावली
(C) साहित्य लहरी
(D) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (C) साहित्य लहरी

28. 'छितवन की छांह' निबंध के संग्रह के रचयिता कौन हैं?
(A) बालकृष्ण भट्ट
(B) हरिशंकर परसाई
(C) विद्यानिवास मिश्र
(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी
उत्तर - (C) विद्यानिवास मिश्र

29. निम्नलिखित में से कौनसा उपन्यास देवकीनंदन खत्री का नहीं है?
(A) नरेन्द्र मोहनी
(B) भाग्यवती
(C) चन्द्रकांता
(D) कुसुमलता
उत्तर - (B) भाग्यवती

30. मानसरोवर किसकी कहानियों का संकलन है?
(A) प्रेमचंद
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) भगवती प्रसाद वर्मा
(D) वशपाल
उत्तर - (A) प्रेमचंद

31. जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित अधूरा उपन्यास है?
(A) कंकाल
(B) तितली
(C) इरावती
(D) कोई नहीं
उत्तर - (C) इरावती

32. बरवै रामायण किसकी रचना है?
(A) सूरदास
(B) तुलसीदास
(C) नन्ददास
(D) केशवदास
उत्तर - (B) तुलसीदास

33. 'नदी के द्वीप' किस विधा की रचना है?
(A) कहानी
(B) उपन्यास
(C) रेखाचित्र
(D) निबंध
उत्तर - (B) उपन्यास

34. इनमें से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
(A) भारत दुर्दशा - भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(B) प्रायश्चित - जयशंकर प्रसाद
(C) दशरथनंदन - जगदीश चन्द्र माथुर
(D) कविरा खड़ा बाजार में लिए लुकाठी हाथ - लक्ष्मी नारायण लाल
उत्तर - (D) कविरा खड़ा बाजार में - लक्ष्मी नारायण लाल

35. इनमें से कौनसा कवि प्रगतिवादी नहीं है?
(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) भवानी प्रसाद मिश्र
(C) त्रिलोचन
(D) शिवमंगल सिंह सुमन
उत्तर - (B) भवानी प्रसाद मिश्र

36. 'ढोला-मारू का दोहा' के रचयिता कौन हैं?
(A) स्वयं भू
(B) रामसिंह
(C) कुशल प्रकाश
(D) कुशललाभ
उत्तर - (D) कुशललाभ

37. 'रस गंगाधर' के रचयिता कौन हैं?
(A) अभिनव गुप्त
(B) दण्डी
(C) पंडितराज जगन्नाथ
(D) आचार्य विश्वनाथ
उत्तर - (C) पंडितराज जगन्नाथ

38. पशु-पक्षियों पर लिखित महादेवी वर्मा का रेखाचित्र संकलन है?
(A) पथ के साथी
(B) मेरा परिवार
(C) स्मृति की रेखाएं
(D) अतीत के चलचित्र
उत्तर - (B) मेरा परिवार

39. जयशंकर प्रसाद की एकांकी का नाम है?
(A) चित्राधार
(B) करुणालय
(C) एक घूंट
(D) ध्रुवस्वामिनी
उत्तर - (C) एक घूंट

40. बिहारी सतसई इनमें से किस वर्ग में आता है?
(A) प्रबंध काव्य
(B) मुक्तक काव्य
(C) चरितकाव्य
(D) चम्पूकाव्य
उत्तर - (B) मुक्तक काव्य

41. हालावाद के प्रवर्तक का नाम?
(A) नरेन्द्र शर्मा
(B) रामेश्वर शुक्ल अंचल
(C) जगदीश गुप्त
(D) हरिवंश राय बच्चन
उत्तर - (D) हरिवंश राय बच्चन

42. रचनाकाल की दृष्टि से निम्लिखित कविताओं का सही अनुक्रम है?
(A) अंधेरे में, असाहय वीणा, सरोज स्मृति, पटकथा
(B) असहाय वीणा, सरोज स्मृति, पटकथा, अंधेरे में
(C) सरोज/स्मृति, असहाय वीणा, अंधेरे में, पटकथा
(D) पटकथा, सरोज स्मृति, असहाय वीणा, अंधेरे में
उत्तर - (C) सरोज-स्मृति, असहाय वीणा, अंधेरे में, पटकथा

43. सुदामाचरित् के रचयिता इनमें से कौन हैं?
(A) रसखान
(B) सूरदास
(C) नरोत्तमदास
(D) ध्रुवदास
उत्तर - (C) नरोत्तमदास

44. 'धर्मयुग' कहां से प्रकाशित होता था?
(A) दिल्ली (B) पटना
(C) आगरा (D) मुम्बई
उत्तर - (D) मुम्बई

45. 'उर्वशी' के रचनाकार हैं?
(A) रामधारी सिंह दिनकर
(B) सुमित्रा नंदन पंत
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
(D) सच्चिदानंद
उत्तर - (A) रामधारी सिंह दिनकर

46. 'शिवशम्भू' के चिट्ठे के लेखक हैं?
(A) श्यामसुन्दर दास
(B) बालमुकुन्द गुप्त
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) मुंशी सदासुख लाल
उत्तर - (B) बालमुकुन्द गुप्त

47. बिहारी उपभाषा वर्ग के अंतर्गत कौनसी बोली नहीं आती है?
(A) भोजपुरी
(B) बुन्देली
(C) मगधी
(D) मैथिली
उत्तर - (B) बुन्देली

48. निःसहाय हिन्दू उपन्यास के लेखक हैं?
(A) श्रीनिवास दास
(B) राधाकृष्ण दास
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) राधाचरण गोस्वामी
उत्तर - (B) राधाकृष्ण दास

49. निम्नलिखित में कौन सरस्वती पत्रिका के संपादक नहीं रहे हैं?
(A) श्यामसुन्दर दास
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) श्री नारायण चतुर्वेदी
(D) शांतिप्रिय द्विवेदी
उत्तर - (D) शांतिप्रिय द्विवेदी

50. 'संस्कृति के चार अध्याय' किसकी रचना है?
(A) माखनलाल चतुर्वेदी
(B) भगवती चरण वर्मा
(C) रामधारीसिंह दिनकर
(D) सुमत्रा कुमारी चौहान
उत्तर - (C) रामधारी सिंह दिनकर

51. कालिदास के उस ग्रंथ का नाम जिसमें रामकथा है?
(A) अभिज्ञान शाकुन्तलम्
(B) रघुवंशम्
(C) मेघदूतम्
(D) कोई नहीं
उत्तर - (B) रघुवंशम्

डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. वायरस (VIRUS) का विस्तारित रूप क्या होता है?
(अ) वेरी इंटेलीजेंट रिजल्ट अनटिल सोर्स
(ब) वेरी इंटरचेंज्ड रिसोर्स अंडर सर्च
(स) वायरस इम्पोर्टेंट रिकॉर्ड यूजर सर्च्ड
(द) वाइटल इनफोर्मेशन रिसोर्स अंडर सीज
उत्तर- (द) वाइटल इनफोर्मेशन रिसोर्स अंडर सीज।

2. निम्नलिखित में से किस संस्थान के सहयोग द्वारा 'नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी' की स्थापना की गई है?
(अ) आईआईटी मद्रास
(ब) आईआईटी खड़गपुर
(स) दिल्ली यूनिवर्सिटी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) आईआईटी खड़गपुर।

3. पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण का कितना भाग चन्द्रमा के गुरुत्वाकर्षण के सबसे नजदीक है?
(अ) 1/5 (ब) 1/4
(स) 1/6 (द) 1/8
उत्तर- (स) 1/6

4. 'नैनो मिशन' की शुरुआत भारत सरकार द्वारा किस वर्ष की गई?
(अ) जनवरी 2008
(ब) फरवरी 2008
(स) मई 2007
(द) जुलाई 2007
उत्तर- (स) मई 2007

5. हाल ही में 'मिथला मखाना' को जी.आई. टैग प्रदान किया गया है, यह किस राज्य से संबंधित है?
(अ) बिहार (ब) उड़ीसा
(स) उ.प्र. (द) असम
उत्तर- (अ) बिहार।

6. वाटसन एवं क्रिक को किस खोज हेतु चिकित्सा का नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया था?
(अ) पोलियो का टीका
(ब) DNA की संरचना
(स) मलेरिया की औषधि
(द) रक्त समूह की खोज
उत्तर- (ब) DNA की संरचना हेतु

7. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(अ) 1996 (ब) 1960
(स) 1995 (द) 1998
उत्तर- (स) 1995।

8. IMF का मुख्यालय कहां अवस्थित है?
(अ) वाशिंगटन डी.सी.
(ब) नैरोबी
(स) जिनेवा
(द) रोम
उत्तर- (अ) वाशिंगटन डी.सी.।

9. यूनेस्को के वर्तमान महानिदेशक कौन हैं?
(अ) आंद्रे अजोले
(ब) केथरिन रसेल
(स) किस्टलीना जॉर्जीरोवा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) आंद्रे अजोले।

10. तस्मीम मीर का संबंध निम्नलिखित में से किस खेल से है -
(अ) टेबल टेनिस (ब) बैडमिंटन
(स) क्रिकेट (द) हॉकी
उत्तर- (ब) बैडमिंटन।

11. 'सत्त्रीया नृत्य' का संबंध किस क्षेत्र से है?
(अ) उ.प्र. (ब) गुजरात
(स) असम (द) आं.प्र.
उत्तर- (स) असम।

12. 'लॉग्वेजेस ऑफ ट्रुथ' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(अ) अमिताभ घोष
(ब) सलमान रुश्दी
(स) तस्लीमा नसरीन
(द) विक्रम सेठ
उत्तर- (ब) सलमान रुश्दी।

13. 'अनातोलिया का पठार' कहां अवस्थित है?
(अ) स्पेन (ब) इटली
(स) इथीयोपिया (द) तुर्की
उत्तर- (द) तुर्की।

14. 'केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO)' की स्थापना किस वर्ष की गई?
(अ) 1951 (ब) 1955
(स) 1960 (द) 1965
उत्तर- (अ) 1951।

15. राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केन्द्र (NCPOR) कहां पर अवस्थित है?
(अ) आ.प्र. (ब) गोवा
(स) केरल (द) चेन्नई
उत्तर- (ब) गोवा।

16. निम्नलिखित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?
संस्था
(अ) चाय बोर्ड
(ब) राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र
(स) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी
(द) गन्ना अनुसंधान केन्द्र
मुख्यालय
(अ) कोलकाता (ब) चेन्नई
(स) पुणे (द) लखनऊ
उत्तर- (ब) राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केन्द्र - चेन्नई।

17. अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा दिवस कब मनाया जाता है?
(अ) 24 फरवरी (ब) 26 नवंबर
(स) 24 जनवरी (द) 24 मई
उत्तर- (स) 24 जनवरी।

18. एक्वेरिजिया आयतन में 1:3 के अनुपात में निम्नलिखित में से किसका मिश्रण है ?
(अ) सान्द्र HNO_3 और सांद्र HCl
(ब) सान्द्र HNO_3 व सान्द्र H_2SO_4
(स) तनु HCl व तनु HNO_3
(द) सान्द्र HCl और सांद्र HNO_3
उत्तर- (अ) सान्द HNO_3 और सांद HCl।

19. 'गोरूमारा' नामक नेशनल पार्क कहां अवस्थित है?
(अ) गुजरात (ब) झारखंड
(स) प. बंगाल (द) असम
उत्तर- (स) प. बंगाल।

20. हाल ही में भारत के किस स्थान पर चेस ओलिम्पियाड सम्पन्न हुआ है?
(अ) बेंगलुरु (ब) दिल्ली
(स) चेन्नई (द) अहमदाबाद
उत्तर- (स) चेन्नई।

21. G-20 समिट 2022 का आयोजन किस देश में किया गया?
(अ) मैक्सिको (ब) इंडोनेशिया
(स) नेपाल (द) चीन
उत्तर- (ब) इंडोनेशिया।

22. यूरिया का रासायनिक सूत्र क्या है?
(अ) $(NH_4)_2 CO_2$
(ब) $(NH_2) CO$
(स) $(NH_4)_2 CO$
(द) $(NH_2)_2 CO$
उत्तर- (द) $(NH_2)_2 CO$।

23. भू-स्थैतिक कक्षा पृथ्वी से कितनी ऊंचाई पर पाई जाती है?
(अ) 46000 कि.मी.
(ब) 35786 कि.मी.
(स) 38000 कि.मी.
(द) 28000 कि.मी.
उत्तर- (ब) 35786 कि.मी. (36000 के लगभग)।

24. भू-तुल्यकालिक कक्षा का आवर्तकाल कितना होता है?
(अ) 24 घंटे (ब) 18 घंटे
(स) 6 घंटे (द) 36 घंटे
उत्तर- (अ) 24 घंटे।

25. मानव शरीर का कौनसा अंग अमोनिया को यूरिया में बदलता है?
(अ) किडनी
(ब) लीवर
(स) अमाशय
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) लीवर।

26. निम्नलिखित में से कौन म.प्र. के राज्यपाल तथा लोकसभा (अध्यक्ष) भी रहे हैं?
(अ) के.सी. रेड्डी
(ब) बलराम जाखड़
(स) डॉ. भाई महावीर
(द) आनन्दी बेन पटेल
उत्तर- (ब) बलराम जाखड़।

27. निम्नलिखित में से किस हार्मोन का 'लड़ो और उड़ो' हार्मोन कहा जाता है?
(अ) नॉर एड्रीनेलीन
(ब) एड्रीनेलीन
(स) ऑक्सीटोसीन
(द) ल्यूटीनाइजिंग
उत्तर- (ब) एड्रीनेलीन।

28. मानव रक्त में एंटीजन कहां पाया जाता है?
(अ) WBC में (ब) RBC में
(स) प्लेटलेट्स में (द) प्लाज्मा में
उत्तर- (ब) RBC में।

29. भारतीय रक्षा क्षेत्र से संबंधित 'राजेन्द्र' क्या है?
(अ) पनडुब्बी (ब) टैंक
(स) रडार (द) प्रक्षेपास्त्र
उत्तर- (स) रडार।

30. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में प्रशासनिक अधिकरण का उल्लेख किया गया है?
(अ) अनु. 323
(ब) अनु. 323 (क)
(स) अनु. 343
(द) अनु. 345
उत्तर- (ब) अनु. 323 (क)।

31. फेम (FAME) इंडिया स्कीम किस मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है?
(अ) गृह मंत्रालय
(ब) भारी उद्योग मंत्रालय
(स) MSME
(द) रक्षा मंत्रालय
उत्तर- (ब) भारी उद्योग मंत्रालय।

32. ऑस्टियोमलेशिया नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
(अ) विटामिन C
(ब) विटामिन B12
(स) विटामिन B6
(द) विटामिन D
उत्तर- (द) विटामिन D।

33. भारत का पहला स्वदेशी सर्वर 'रुद्र' किस संस्था द्वारा बनाया गया?
(अ) DRDO (ब) ISRO
(स) C-DAC (द) IIT मद्रास
उत्तर- (स) C-DAC।

34. 'समवर्ती' की विशेषता को किस देश के संविधान से ग्रहण किया गया है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) आयरलैंड
(स) ब्रिटेन (द) कनाडा
उत्तर- (अ) ऑस्ट्रेलिया।

35. 'मिजोरम' को पूर्ण राज्य का दर्जा किस वर्ष दिया गया?
(अ) 1985 (ब) 1988
(स) 1987 (द) 1992
उत्तर- (स) 1987।

36. चित्तौड़ के 'विभुवन नारायण मंदिर' का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया था?
(अ) राणा प्रताप
(ब) राजा धंग
(स) राजा भोज
(द) पृथ्वीराज चौहान
उत्तर- (स) राजा भोज।

37. 'गीत फरोश' निम्न में से किसकी रचना है?
(अ) जयशंकर प्रसाद
(ब) माखनलाल चतुर्वेदी
(स) शरद जोशी
(द) भवानीप्रसाद मिश्र
उत्तर- (द) भवानीप्रसाद मिश्र।

38. पंचायतों की शक्तियां और उत्तरदायित्व किस अनु. में वर्णित है?
(अ) 243 एच (ब) 243 जी
(स) 243 एफ (द) 243 डी
उत्तर- (ब) 243 जी।

39. सहरिया जनजातीय संग्रहालय म.प्र. में कहां स्थित है?
(अ) शहडोल (ब) ग्वालियर
(स) श्योपुर (द) शिवपुरी
उत्तर- (स) श्योपुर।

40. धन विधेयक की राज्यसभा द्वारा कितने दिनों के भीतर लौटाना अनिवार्य होता है?
(अ) 28 दिन
(ब) 14 दिन
(स) 90 दिन
(द) अनिश्चित
उत्तर- (ब) 14 दिन।

41. टोक्यो ओलिम्पिक में भारत को कुल कितने पदक प्राप्त हुए हैं?
(अ) 7 पदक (ब) 9 पदक
(स) 12 पदक (द) 5 पदक
उत्तर- (अ) 7 पदक।

42. उज्जैन में स्थित जंतर-मंतर वेधशाला का निर्माण किस शासक द्वारा करवाया गया है?
(अ) राजा भोज
(ब) विद्याधर
(स) सवाई जयसिंह
(द) अहिल्या बाई
उत्तर- (स) सवाई जयसिंह।

43. मध्यप्रदेश में ऊष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान केन्द्र कहां अवस्थित है?
(अ) छिंदवाड़ा
(ब) झाबुआ
(स) खंडवा
(द) जबलपुर
उत्तर- (द) जबलपुर।

44. लोकरंग महोत्सव का आयोजन कहां किया जाता है?
(अ) मांडू (ब) खजुराहो
(स) उज्जैन (द) भोपाल
उत्तर- (द) भोपाल।

45. इंदौर आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना किस वर्ष की गई थी?
(अ) 1975 (ब) 1955
(स) 1970 (द) 1960
उत्तर- (ब) 1955।

46. 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' योजना किस वर्ष आरंभ की गई?
(अ) 2015 (ब) 2016
(स) 2019 (द) 2014
उत्तर- (अ) 2015।

47. रेशम बुनकरों की श्रेणी की जानकारी निम्नलिखित में से किस शिलालेख में मिलती है?
(अ) दशपुर शिलालेख
(ब) प्रयाग प्रशस्ति
(स) एरण
(द) हाथीगुम्फा
उत्तर- (अ) दशपुर शिलालेख।

48. निराला सृजनपीठ कहां स्थित है?
(अ) उज्जैन
(ब) ग्वालियर
(स) सागर
(द) भोपाल
उत्तर- (द) भोपाल

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के विकास को निवेश से देंगे निर्णायक गति – मुख्यमंत्री

इंदौर, निवेश के माध्यम से मध्यप्रदेश के विकास को निर्णायक गति प्रदान की जाएगी। मध्यप्रदेश में निवेश करने वाले उद्योगपतियों की एक पाई भी व्यर्थ नहीं जाने देंगे। संवाद, सहयोग, सुविधा, स्वीकृति, सेतु, सरलता और समन्वय के 07 सूत्रों से उद्योगों को पूर्ण सहयोग की रणनीति अपनाई जाएगी। इस समिट के माध्यम से उद्योगपतियों और निवेशकों द्वारा 15 लाख 42 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक के लागत के उद्योग लगाने के प्रस्ताव मिले हैं, जिनसे 29 लाख लोगों को रोज़गार देने की संभावनाओं को साकार किया जा सकेगा। इंटेशन टू इन्वेस्ट के फलस्वरूप क्रियान्वयन से प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 06 लाख 09 हजार 478 करोड़, नगरीय अधोसंरचना में 02 लाख 80 हजार 753 करोड़, खाद्य प्र-संस्करण और एग्री क्षेत्र में 01 लाख 06 हजार 149 करोड़, माइनिंग और उससे जुड़े उद्योगों में 98 हजार 305 करोड़, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में 78 हजार 778 करोड़, केमिकल एवं पेट्रोलियम इंडस्ट्री में 76 हजार 769 करोड़, विभिन्न सेवाओं के क्षेत्र में 71 हजार 351 करोड़, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक व्हीकल के क्षेत्र में 42 हजार 254 करोड़, फार्मास्युटिकल और हेल्थ सेक्टर में 17 हजार 991 करोड़, लॉजिस्टिक एवं वेयर हाउसिंग क्षेत्र में 17 हजार 916 करोड़, टेक्सटाईल एवं गारमेंट क्षेत्र में 16 हजार 914 करोड़ तथा अन्य क्षेत्रों में 01 लाख 25 हजार 853 करोड़ का निवेश किए जाने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन सभी से 29 लाख लोगों को रोज़गार मिलने की आशा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के लिए प्रदेश के सभी मंत्रीगण, केन्द्रीय मंत्रीगण, विभिन्न देशों के राजदूत, बिजनेस लीडर्स और अधिकारी-कर्मचारी धन्यवाद के पात्र हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी और राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। समिट के प्रति सभी में काफी उत्साह था। इंदौर के लोगों ने आतिथ्य परम्परा से अभिभूत कर दिया। इस तरह के कार्यक्रमों की भावी आवश्यकता को देखते हुए इंदौर में 10 हजार लोगों की क्षमता का नया कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा।

समिट का विवरण देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि 84 देशों के विजनेस डेलिगेट शामिल हुए। कुल 10 पार्टनर कंट्री थे। इसके अलावा 35 देशों के दूतावासों के प्रतिनिधियों ने हिस्सेदारी की। दो दिन में 2600 से अधिक बैठकें हुईं। पांच हजार से अधिक व्यापारी बंधुओं ने हिस्सा लिया। कुल 36 विदेशी व्यापारिक संगठनों से करारनामे हुए। जी-20 के पार्टनर और अनेक विजनेस डेलीगेट्स इस समिट से जुड़े। समिट में बीस सेक्टोरल प्रजेंटेशन उल्लेखनीय रहे।

श्री चौहान ने कहा कि इंदौर अद्भुत है, यहां से निवेश का नया दौर प्रारंभ हो रहा है। विश्वास का वातावरण है।

मध्यप्रदेश देश में निवेश की राजधानी बन रहा है। बीमारू से विकसित हुए मध्यप्रदेश की विकास दर अन्य राज्यों से अलग है। गत 18 वर्ष में हम गड्ढों से उबरकर अच्छी सड़कों तक और गदंगी के ढेर से निकलकर स्वच्छता के शिखर तक पहुंचे हैं।

युवाओं के सहयोग से मध्यप्रदेश को बदलकर ऊंचाइयों पर पहुंचायेंगे – मुख्यमंत्री

भोपाल, युवाओं के सहयोग से मध्यप्रदेश को बदलकर ऊंचाइयों पर पहुंचायेंगे। स्वामी विवेकानंद वचपन से मेरी प्रेरणा रहे हैं और हमेशा प्रेरणा बने रहेंगे। उनकी प्रेरणा से मेरी जिंदगी बदल गई है। युवाओं के साथ मिल कर यूथ पॉलिसी बनाना है। फरवरी में नई यूथ पॉलिसी लॉन्च करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वामी विवेकानंद की 160वीं जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) पर यंग अचीवर्स टाउन हाल संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विदेश से जुड़े युवा अचीवर्स ने भी अपने विचार और सुझाव व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं से मिल कर मेरी सारी थकान मिट गई है। गीता का ज्ञान निष्काम कर्मयोग अद्भुत है। गीता का पढ़ना जिंदगी बदल देता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था तुम अनंत शक्तियों के भण्डार हो। दुनिया में कोई ऐसा काम नहीं जो तुम न कर सको। मनुष्य जैसा सोचता है वैसा बन जाता है। अपने आपको कमजोर समझोगे तो कमजोर हो जाओगे, अगर मजबूत समझोगे तो मजबूत बन जाओगे। अभी आपको और आगे जाना है। अपना लक्ष्य तय करो। जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए चैन से मत बैठो, लक्ष्य की ओर बढ़ते चलो।

श्री चौहान ने बताया कि इंदौर में ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट में 84 डरोों ने भाग लिया, जिसमें अनेक बड़े उद्योगपतियों और विभिन्न देशों के प्रमुख उपस्थित थे। अलग-अलग क्षेत्रों में 29 एमओयू हुए। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार प्रदेश में 15 लाख 42 हजार 514 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा। करीब 29 लाख रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर से मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास का एक नया दौर प्रारंभ हुआ है। मध्यप्रदेश अब ग्लोवल हो गया है। पूरी दुनिया मध्यप्रदेश को जानती है। इंदौर में अद्भुत वातावरण था। मध्यप्रदेश की ग्रोथ रेट हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा है। भारत की जीडीपी में 4.6 प्रतिशत का हमारा योगदान हो गया है। उन्होंने कहा कि आपके साथ मिलकर मुझे मध्यप्रदेश को आगे ले जाना है। मध्यप्रदेश बिजली के मामले में सरप्लस पावर स्टेट है। प्रदेश में सड़कों का जाल विछा दिया गया है। गुणवत्तापूर्ण सड़कें बन रही हैं। सिंचाई की योजनाएं एक के बाद एक पूरी होती जा रही हैं। उन्होंने अनेक उपलब्धियों पर चर्चा की। उपलब्धियों का प्रजेंटेशन भी हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 12 महीने में 32 लाख से अधिक युवाओं को योजनाओं में लोन दिया जा चुका है। हम मध्यप्रदेश को 550 विलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाएंगे और प्रधानमंत्री जी द्वारा तय की गई भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी में योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का वासमती राइस कनाडा, अमेरिका में धूम मचा रहा है। गेहूं का भंडार भरा पड़ा है। प्रदेश कृषि उत्पादों के मामले में बेहतर स्थिति में है। निर्यात को बढ़ावा देना है। लोगों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की अनेक योजनाएँ हैं। उन्होंने कहा कि सीएम फेलो कार्यक्रम की अनूठी पहल की गई है।

मध्यप्रदेश में सभी सेक्टर के उद्योगों के लिए आधारभूत व्यवस्था उपलब्ध – मुख्यमंत्री श्री चौहान

इंदौर, मध्यप्रदेश ने सभी सेक्टर के उद्योगों के लिए राज्य में आधारभूत व्यवस्था कर उद्योगों की आवश्यकता के अनुसार नीतियां विकसित की हैं। राज्य शासन प्रदेश में अधिक निवेश तथा अधिक रोज़गार की संभावना होने पर नीतियों में तदनुसार व्यवस्था के लिए भी तैयार है। टीम मध्यप्रदेश इंज ऑफ इंडुरंग विजनेस की भावना को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिवद्ध है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में वन-टू-वन चर्चा करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री से विभिन्न देशों के काउंसलेट जनरल, उद्योग एवं व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों तथा औद्योगिक समूहों के व्यक्तियों ने भेंट की।

मुख्यमंत्री से वन-टू-वन चर्चा में हांगकांग में स्थापित गारमेंट क्षेत्र के अग्रणी समूह एपिक ग्रुप के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन श्री रंजन मेहता और बाइस प्रेसीडेंट श्रीमती अनु अरोड़ा ने भोपाल के निकट 35 एकड़ भूमि पर 400 करोड़ रुपये के निवेश से वर्टिकल फैब्रिक और गारमेंट इकाई की स्थापना की कार्य-योजना पर चर्चा की। इकाई से लगभग 10 हजार व्यक्तियों के लिए रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

एपिक ग्रुप वहुराष्ट्रीय कम्पनियों जैसे लिवाइस, अमेजॉन, वॉलमार्ट, नॉटिका आदि को गारमेंट की आपूर्ति करता है। वर्तमान में समूह की इकाइयां वांग्लादेश, जॉर्डन, वियतनाम और इथियोपिया में संचालित हैं। समूह वांग्लादेश से अपनी कुछ गतिविधियां मध्यप्रदेश में स्थानांतरित करने का इच्छुक है। समूह द्वारा प्रदेश में प्रशिक्षण केन्द्र खोलने के संवंध में चर्चा की गई।

नॉर्वे के श्री हेन्स जैकव फाडेलुड के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने छिंदवाड़ा जिले में सौर तथा पवन ऊर्जा में दीर्घकालिक निवेश तथा ग्रीन एनर्जी, नवकरणीय ऊर्जा के संवंध में चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण के क्षेत्र में दोनों देशों के साथ मिल कर कार्य करने की इच्छा जताई।

इजराइल के काउंसलर जनरल श्री कोब्बी शोहसानी तथा ट्रेड कमिश्नर श्री इस्ताव एलमलाक ने कहा कि इजराइल की कम्पनियों ने भारत में ऊर्जा, दूरसंचार, रियल एस्टेट और जल प्रौद्योगिकी में निवेश किया है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आज़ादी की .....

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी योजना अद्भुत है। जब प्रदेश में लिंगानुपात गड़वड़ हो रहा था तो यह योजना प्रारंभ की गई। वालिकाओं को शिक्षा सहित करियर निर्माण के लिए सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। अब योजना के नए स्वरूप में लाड़ली लक्ष्मी योजना-2 के तहत मेडिकल और इंजीनियरिंग सहित अन्य पाठ्यक्रमों की फीस राज्य सरकार भरेगी।

श्री चौहान ने यह भी अपील की कि प्रवासी भारतीय जिन देशों में रह रहे हैं वहां मध्यप्रदेश के बच्चों के लिए हेल्प डेस्क बनाएं, जिससे बच्चों को सुविधा दी जा सके।

निवेश भी करें
साल में एक बार भारत जरूर आएं

मुख्यमंत्री ने प्रवासी भारतीयों से आह्वान किया कि मध्यप्रदेश को न भूलें। प्रदेश में ग्लोवल इन्वेस्टर्स समिट हो रही है, इसमें भी निवेश के उद्देश्य से हिस्सेदारी करें। श्री चौहान ने बताया कि फ्रेंड्स ऑफ एमपी पोर्टल से जुड़कर प्रवासी भारतीय मध्यप्रदेश के दोस्त वन सकते हैं। भले ही मध्यप्रदेश में निवेश करें अथवा न करें पर वर्ष में एक बार जरूर भारत आएं। मध्यप्रदेश के प्रवासी भारतीय प्रदेश के नगरों एवं ग्रामों के गौरव दिवस के अवसर पर अवश्य पधारें।

केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने भाषण में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने तथा सुरीनाम के राष्ट्रपति श्री चंद्रिका प्रसाद संतोखी और गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता के लिए आभार माना तथा मुख्यमंत्री श्री चौहान को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारतीय प्रतिभा और भारतीय उत्पादों की संपूर्ण विश्व में मांग वढ़ रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विश्व के विभिन्न देशों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए केंद्र शासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन अतीत के वलिदान को स्मरण करते हुए भविष्य के सपनों को साकार करने के संकल्प के साथ आगे वढ़ने का अवसर है।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने प्रवासी भारतीयों को एल.ई.आर. लर्न-अर्न एंड इ्रिटर्न का संदेश देते हुए कहा कि आपका भविष्य यहीं है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य की अवधारणा पर कार्य करते हुए संपूर्ण विश्व में अपनी प्रतिष्ठा स्थापित कर रहा है। मातृभूमि की माटी हर व्यक्ति की वास्तविक पहचान होती है।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विकसित भारत .....

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में निवेश के लिए हर आवश्यक सुविधा है, नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम है, श्रम कानूनों को सरल किया गया है, विभिन्न पावंदी हटाई गई हैं, आधुनिक और मल्टी मॉडल अधोसंरचना है, दुनिया का सवसे प्रतिस्पर्धी लॉजिस्टिक मार्केट है, नई लॉजिस्टिक नीति लागू है, गांव-गांव में ऑप्टिकल फाइवर है, 5G नेटवर्क है, वीते 8 वर्षों में हमारे राष्ट्रीय राजमार्गों की गति दोगुना हो गई है, ऑपरेशनल एयरपोर्ट्स की संख्या भी दोगुनी हो चुकी है, हमारे पास डेडीकेटेड इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर है, एक्सप्रेस-वे हैं, लॉजिस्टिक पार्क हैं, हमारी पोर्ट क्षमता भी वढ़ी है। पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान अधोसंरचना विकास का राष्ट्रीय प्लेटफार्म है। वैंकिंग सेक्टर का री-कैपिटलाइजेशन किया गया है, वन नेशन-वन टैक्स है, कई क्षेत्रों में शत-प्रतिशत एफडीआई की अनुमति है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत में निवेशकों के लिए प्रमोशन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम (PLI) लागू की गई है, जो अत्यधिक लोकप्रिय हो रही है। इस योजना में अभी तक ढाई लाख करोड़ इंसेंटिव की घोषणा की गई है, चार लाख करोड़ का उत्पादन हुआ है। मध्यप्रदेश में भी इस योजना का लाभ लेते हुए सैकड़ों करोड़ का निवेश हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने निवेशकों से कहा कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्रीन एनर्जी को लेकर भी भारत में तेज गति से कार्य हो रहा है। हाल ही में ग्रीन हाइड्रोजन मिशन प्रारंभ किया गया है, जिसमें 8 लाख करोड़ रुपये निवेश की संभावना है। यह अत्यंत महत्वाकांक्षी मिशन है, जो ऊर्जा की वैश्विक आवश्यकता को पूरा करेगा। इससे जुड़ कर हजारों करोड़ रुपये के इंसेंटिव का लाभ लें। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने निवेशकों से कहा कि निवेश के क्षेत्र में कई नई संभावनाएं आपका इंतजार कर रही हैं। यह भारत के साथ नई ग्लोवल सप्लाई चेन के निर्माण का समय है। भारत में अधिक से अधिक निवेश करें।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इंदौर में हो रही यह समिट सही अर्थ में वैश्विक है। इस समिट में जहां दो देश सूरीनाम और गुयाना के राष्ट्रपति आये हैं, वहीं समिट में मारीशस के वित्त मंत्री, वांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री, जिम्बाब्वे के खनिज मंत्री भी आए हैं। विश्व के 33 देश के प्रतिनिधि आए हैं। कुल 84 देश के 431 डेलिगेट्स आए हैं। यहां मध्यप्रदेश की विशेषताओं की विशेष चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए तैयार वातावरण से उद्योगपति परिचित हुए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि एक समय मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था। जब इंदौर के सुपर कॉरिडोर और सड़कों की चर्चा होती थी तो मैं अमेरिका से तुलना करता था। आज विश्व के अनेक देशों के प्रतिनिधि स्वच्छता सहित वुनियादी क्षेत्रों में हुए कार्य को देख रहे हैं। हरियाली और पर्यावरण-संरक्षण के लिये निरंतर कार्य हो रहा है। अब गेहूं सहित मध्यप्रदेश के अन्य उत्पाद निर्यात हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2026 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वनाने की वात कही है। इसमें मध्यप्रदेश का योगदान 550 विलियन डॉलर से कम नहीं होगा। प्रदेश में 300 से अधिक औद्योगिक क्षेत्र हैं। अनेक फूड पार्क, प्लास्टिक पार्क हैं और अब मेडिकल डिवाइसेस पार्क भी विकसित हो रहे हैं। निवेशक खुद यह मानने लगे हैं कि मध्यप्रदेश निवेश की दृष्टि से अनुकूल है। फार्मा सेक्टर वधाई का पात्र है, जिसने कोविड के संकट के समय निरंतर कार्य कर लोगों के हित में भूमिका निभाई। प्रदेश में ऑटोमोवाइल क्षेत्र, कौशल विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा क्षेत्र, नवकरणीय ऊर्जा में लगातार कार्य किया गया है। रेडीमेड उद्योग में मध्यप्रदेश चौथे स्थान पर है, शीघ्र ही पहले स्थान पर आने का लक्ष्य है। हमारी वहनें और वेटियां परिश्रमी हैं। वे तीन शिफ्ट में भी कार्य करती हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अब ऑकारेश्वर में वांधों की जलराशि की सतह पर तैरते हुए ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का कार्य प्रारंभ हुआ है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने अमेरिका से समिट में वर्चुअली जुड़ते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने विकास के लिए अर्थव्यवस्था की गति को तेज करने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में औद्योगिकीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। मध्यप्रदेश में भी आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री जी के सुशासन के साथ विकास के विजन को लागू किया गया है। गत साढ़े 8 वर्ष विकास के रहे हैं। आज हमारे पास सरप्लस पावर है। एक राष्ट्र एक ग्रिड के साथ ही वन-नेशन-वन लॉ और वन नेशन-वन टैक्स की व्यवस्था की पहल हुई है। मुझे आशा है मध्यप्रदेश देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगा। श्री गोयल ने कहा कि मध्यप्रदेश ने ईज ऑफ इड्डंग और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया है। मध्यप्रदेश की केंद्रीय भौगोलिक स्थिति है। प्रदेश में देश का एक चौथाई ऑर्गेनिक कॉटन होता है। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मध्यप्रदेश का योगदान 20 प्रतिशत है। अब ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में भी कार्य हो रहा है। मध्यप्रदेश वाइल्ड लाइफ टूरिज्म के क्षेत्र में भी पहचान वना रहा है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश को पर्यटन, फार्मास्युटिकल, सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि और टेक्सटाइल क्षेत्र में संभावनाओं को साकार करने वाला प्रदेश माना है। श्री गोयल ने उद्योगपतियों और निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश का आह्वान भी किया।

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विश्व में भारत .....

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रवासी भारतीयों का पूरे विश्व में श्रेष्ठ योगदान है। वे समर्थ और सशक्त भारत के निर्माण में संलग्न हैं। वे जहां रहते हैं भारत को अपने साथ, अपने दिल में रखते हैं। भारत के प्रति उनका कमिटमेंट है। वे भारत के हित में हमेशा कार्य करते रहते हैं। प्रवासी भारतीयों द्वारा पूरे विश्व में किए गए श्रेष्ठ कार्यों का दस्तावेजीकरण किया जाए। उनके कार्यों को ऑडियो-वीडियो माध्यम से प्रचारित किया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय मूल के जो व्यक्ति विदेश में जन्मे हैं, उन्हें भी उनके माता-पिता के देश के वारे में जानने की उत्सुकता है। उन्हें भारत दिखाएं, भारत की परंपराओं से परिचित कराएं।

श्री मोदी ने गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली और सूरीनाम के राष्ट्रपति श्री चंद्रिका प्रसाद संतोखी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा वताई गई वातें वहुत उपयोगी हैं। श्री मोदी ने गले मिल कर दोनों राष्ट्रपति का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन पर मध्यप्रदेश में हर्ष का वातावरण है। आजादी के अमृत काल में इंदौर में तो अमृत वर्षा हो रही है। इंदौरवासियों के दिल के और घरों के द्वार प्रवासी भारतीयों के स्वागत में खोल दिए हैं। अनेक नागरिक अपने घरों में अतिथियों को ठहराने के लिए खुले दिल से आगे आए। मेहमानों का यादगार सत्कार किया गया है। प्रवासी भारतीय दिवस को यादगार वनाने इंदौर के नमो ग्लोवल उद्यान में 66 गड्ढे के लोग पौधे लगाने आए। यह सराहनीय कार्य हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सशक्त और संपन्न भारत के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और मजवूत अर्थव्यवस्था के मंत्र दिए हैं। मध्यप्रदेश में उनके मंत्र को जमीन पर उतारा जा रहा है। उनके स्वच्छता के आह्वान को तो इंदौर ने ऐसा स्वीकारा है कि स्वच्छता के लिए एक-एक नागरिक ने झाड़ू उठा ली।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ज्ञान, आत्मनिर्भरता को समझा और लागू किया है। नागरिक होने के नाते इसमें सभी सहयोगी वनें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद के शब्द याद आते हैं, जब उन्होंने सौ साल पहले कहा था कि महानिशा का अंत निकट है। अब भारत माता अंगड़ाई लेकर विश्व को नेतृत्व देने आगे वढ़ रही हैं। एक नरेन्द्र जी (स्वामी विवेकानंद) के शब्दों को दूसरे नरेन्द्र (प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी) चरितार्थ कर रहे हैं। वे दुनिया को प्रेम और शांति का संदेश देने की वात करते हैं। ऐसा कार्य श्री मोदी जी ही कर सकते हैं। जब रूस और यूक्रेन का युद्ध हुआ तो भारतीय विद्यार्थी तिरंगा भाये वढ़ गए, मोदी जी ने राह निकाली। विद्यार्थी सुरक्षित रहे। श्री मोदी जी ने सभी के साथ-साथ समृद्धि की राह भी निकाली है। भारत विश्व में नेतृत्वकारी भूमिका में आगे आया है। वे दिलों पर राज करते हैं।

सूरीनाम के राष्ट्रपति श्री चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने कहा कि मां और मातृभूमि स्वर्ग से वढ़ कर हैं, भारत के स्वच्छतम शहर और स्मार्ट सिटी इंदौर में मिले प्रेम, सम्मान और सत्कार ने इस अनुभूति को साकार कर दिया। प्रवासी भारतीय सम्मेलन दोनों देशों के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोलेगा। राष्ट्रपति श्री संतोखी ने प्रवासी भारतीयों के लिए केरेवियन देशों सहित अन्य देशों में हिंदी, योग, आयुर्वेद, अध्यात्म आदि पर प्रशिक्षण की व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता वताई। इससे धर्म, संस्कृति और हमारी परंपराओं को प्रवासी भारतीय समुदायों में भी सुरक्षित रखने में सहायता मिलेगी।

गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली ने अपने पूर्वजों की धरती भारत को प्रणाम तथा महात्मा गांधी का स्मरण करते हुए कहा कि आज का दिन भारत और गुयाना के लिए वहुत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति श्री इरफान अली ने कहा कि कोविड-19 काल में जव वैश्वीकरण की संपूर्ण व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी, तव प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशों की सहायता कर दुनिया को प्रेम और सहयोग का संदेश दिया। भारत, विश्व में प्रतिभा और टेक्नोलॉजी के विकास में अन्य देशों की तुलना में कहीं आगे है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सवका साथ, सवका विकास और सवका विश्वास के संकल्प के साथ देश आज दुनिया को नेतृत्व प्रदान कर रहा है।

खेल चर्चा

पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में खेली दूसरी सबसे बड़ी पारी

मोहाली, भारत के युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। पृथ्वी ने असम के खिलाफ लीग मुकाबले में तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए तिहरा शतक बनाया। पृथ्वी ने इस मैच में 383 गेंदों में 379 रनों की बेहतरीन पारी खेली। इस पारी के दौरान पृथ्वी ने 49 चौके और 4 छक्के लगाए। ये रणजी ट्रॉफी के इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी है। इससे पहले रणजी ट्रॉफी के वर्ष 1948-49 सत्र में महाराष्ट्र के लिए वीवी निंबालकर ने 443 रनों की नाबाद पारी खेली थी। इसके अलावा पृथ्वी रणजी ट्रॉफी में बतौर सलामी बल्लेबाज सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड त्रिपुरा के समित गोहेल (359) के नाम दर्ज था। पृथ्वी शॉ भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा रह चुके हैं। पृथ्वी ने भारत के लिए 5 टेस्ट, 6 वन-डे और एक टवेंटी-20 मैच खेला है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पदार्पण टेस्ट मैच में शतक जमाया है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हुए कार्लोस अल्कराज

मैड्रिड, स्पेन के युवा और मौजूदा विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए हैं। अल्कराज ने कहा कि मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए काफी तैयारी की थी, लेकिन ट्रेनिंग के दौरान मेरे दाहिने पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। अल्कराज पैर की चोट के कारण एटीपी फाइनल और डेविस कप में भी नहीं खेल पाये थे। अल्कराज ने पिछले वर्ष यूएस ओपन खिताब जीता था। उनके नाम सबसे कम उम्र में एटीपी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल करने का रिकॉर्ड दर्ज है।

गरेथ बेल ने लिया फुटबॉल से संन्यास

वेल्स, वेल्स की फुटबॉल टीम के कप्तान गरेथ बेल ने फुटबॉल से अचानक संन्यास

ले लिया है। 33 वर्षीय बेल ने सोशल मीडिया के जरिए संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि मैं अंतर्राष्ट्रीय और क्लब फुटबॉल से तत्काल संन्यास ले रहा हूं। गरेथ बेल ने वेल्स के लिए 111 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 41 गोल दागे हैं। बेल की कप्तानी में वेल्स ने 64 वर्ष बाद फीफा विश्वकप-2022 में क्वालिफाई किया था। बेल ने विश्वकप में अमेरिका के खिलाफ एक गोल भी दागा था। बेल क्लब फुटबॉल में 394 मैचों में 141 गोल किए हैं। बेल साउथेम्प्टन, टॉटनहम हॉटस्पर, रियल मैड्रिड और लॉस एंजिल्स एफसी जैसे प्रतिष्ठित क्लबों के लिए खेल चुके हैं। बेल पांच बार यूरोपियन चैम्पियंस लीग, तीन बार स्पेनिश लीग और एक बार कोपा डेल रे जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स से प्रदेश में बना खेलमय वातावरण - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में यूथ गेम्स-2022 की मशाल, मैस्कट का अनावरण एवं थीम सॉन्ग लॉन्च किया। इस अवसर पर केंद्रीय खेल राज्यमंत्री श्री निशीथ प्रमाणिक भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि जनवरी मध्यप्रदेश के लिए गोल्डन माह है। इस माह हो रहे कई कार्यक्रम से मध्यप्रदेश उत्साह और उमंग से भरा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स से प्रदेश में खेलमय वातावरण बना है। वास्तव में खेल जिंदगी है और जिंदगी भी एक खेल है। मैं खिलाड़ियों से आह्वान करता हूं कि खूब पढ़ो और खेलो भी। खेलों के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल को खेलों का हब बनाया जाएगा। उन्होंने मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्रालय को धन्यवाद दिया।

श्री चौहान ने कहा कि जो खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय और ओलिंपिक खेलों में जीत कर आएगा राज्य सरकार की ओर से उसे 5 लाख रुपये प्रशिक्षण के लिए दिए जाएंगे। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधे डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि खेल भी करियर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश इस आयोजन में एक नया इतिहास रचने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। प्रदेश खेलों में बेहतर प्रदर्शन करेगा। श्री चौहान ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स का कार्यक्रम अद्भुत होगा। प्रदेश में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स होंगे। प्रतिस्पर्धा में प्रदेश आगे रहे इसलिए यहां के खिलाड़ी अभी से प्रैक्टिस करें। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खूब खेलो और जीतो।

केंद्रीय खेल राज्यमंत्री श्री निशीथ प्रमाणिक ने कहा कि मध्यप्रदेश खूबसूरत और विविधताओं से भरा हुआ है। प्रदेश को महाकाल का भरपूर आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत की युवा शक्ति को साथ लेकर यंग इंडिया से स्पोर्ट्स इंडिया बनाने में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान और खेल मंत्री के प्रयास से बहुत ही कम समय में खेल क्षेत्र में मध्यप्रदेश में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों को मध्यप्रदेश से प्रेरणा और सीख लेनी चाहिए। केंद्र सरकार मिशन खेलों से देश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच देने का कार्य कर रही है। केंद्रीय खेल राज्यमंत्री ने कहा कि इस बार का खेलो इंडिया पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ेगा। खेल एवं युवक कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम जीरो से हीरो बन रहे हैं। भोपाल को स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए श्री चौहान लगातार प्रयास कर रहे हैं।

भारोत्तोलक संजीता चानू डोप टेस्ट में हुईं फेल

दिल्ली, भारत की अनुभवी महिला भारोत्तोलक संजीता चानू डोप टेस्ट में फेल हो गई हैं। इसके बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने संजीता को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। नाडा ने बताया कि पिछले वर्ष सितंबर-अक्टूबर में आयोजित नेशनल गेम्स के दौरान संजीता चानू का डोप सैंपल लिया गया था। इस प्रतियोगिता में संजीता ने रजत पदक जीता था। जांच के दौरान उनके सैंपल में एनाबोलिक स्टेरॉयड ड्रोस्टानोलोन नामक प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया था। संजीता को अब नाडा के एंटी डोपिंग पैनल के सामने पेश होना होगा। डोपिंग के चलते संजीता पर चार वर्ष का प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

एसीसी ने जारी किया एशियन क्रिकेट का रोडमैप

कोलंबो, एशियन क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने एशियाई क्रिकेट के अगले दो वर्ष का रोडमैप जारी किया है। एसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने यह रोडमैप जारी किया। इस रोडमैप के तहत एशिया कप 2023 में खेला जायेगा। एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच एक बार फिर भिड़ंत होगी। इस प्रतियोगिता में दोनों टीमों को एक ही ग्रुप में रखा गया है। इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन यह टूर्नामेंट किस देश में खेला जायेगा, इसका खुलासा नहीं किया गया है।

सानिया मिर्जा दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद लेंगी संन्यास



हैदराबाद, भारत की स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने टेनिस से संन्यास लेने का फैसला किया है। सानिया ने कहा कि ऑस्ट्रेलियन ओपन और दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के बाद वे टेनिस को अलविदा कह देंगी। दुबई टेनिस चैम्पियनशिप का आयोजन फरवरी माह में होगा। सानिया इस समय ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला युगल और मिश्रित युगल वर्ग में हिस्सा ले रही हैं। महिला युगल वर्ग में उनकी जोड़ीदार कजाकिस्तान की एना डेनिलिना हैं, जबकि मिश्रित युगल वर्ग में सानिया रोहन बोपन्ना के साथ कोर्ट में उतरेंगी।

सानिया ने कहा कि मेरी वर्ष 2022 में संन्यास लेने की योजना थी, जो कि चोट के कारण प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि चोट के कारण मैं यूएस ओपन नहीं खेल पाई थी। सानिया ने फिटनेस समस्याओं पर कहा कि मुझे अपनी शर्तों पर काम करना पसंद है, इसलिए मैं चोट के कारण किसी टूर्नामेंट से बाहर नहीं होना चाहती। इसीलिए मैं लगातार ट्रेनिंग ले रही हूं। मेरी योजना दुबई टेनिस चैम्पियनशिप के दौरान संन्यास लेने की है।

सानिया काफी समय से चोट की समस्या से जूझ रही थीं। उन्होंने पहले भी टेनिस को अलविदा कह दिया था, लेकिन बाद में उन्होंने संन्यास से वापसी की।

- **सानिया मिर्जा ने छह बार ग्रैंड स्लैम टाइटल जीते हैं।**
- **सानिया ऑस्ट्रेलियन ओपन, यूएस ओपन और विम्बलडन में महिला युगल वर्ग की विजेता बनी हैं।**
- **सानिया ने मिश्रित युगल वर्ग में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीता है।**

चेतन शर्मा फिर बने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता

मुंबई, भारत के पूर्व क्रिकेटर चेतन शर्मा एक बार फिर भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता बन गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नई चयन समिति की घोषणा की है। चेतन शर्मा को एक बार फिर चयन समिति का प्रमुख बनाया गया है। चयन समिति में चेतन शर्मा के अलावा सलिल अंकोला, शिवसुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी और श्रीधरन शरत शामिल हैं।

बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए आईसीसी टवेंटी-20 विश्वकप में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के बाद चयन समिति को बर्खास्त कर दिया था। इस समिति के प्रमुख चेतन शर्मा ही थे। नई चयन समिति को बीसीसीआई की क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी ने नियुक्त किया है। बीसीसीआई ने एक बयान जारी कर बताया कि क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी को चयनकर्ता पद के लिए लगभग 600 आवेदन प्राप्त हुए थे, समिति ने इनमें से 11 लोगों को साक्षात्कार के लिए बुलाया और साक्षात्कार के आधार

पर पांच सदस्यीय चयन समिति की घोषणा की गई है। नई चयन समिति के सामने पहली चुनौती न्यूजीलैंड के खिलाफ टवेंटी-20 और वन-डे सीरीज के लिए टीम का चयन करना है।

- **चेतन शर्मा क्रिकेट विश्वकप में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज हैं।**
- **चेतन ने भारत के लिए 23 टेस्ट और 65 वन-डे मैच खेले हैं।**
- **अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में चेतन ने कुल 128 विकेट लिए हैं।**

नोवाक जोकोविच ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल खिताब

एडिलेड, सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने एडिलेड इंटरनेशनल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। जोकोविच ने एडिलेड इंटरनेशनल के फाइनल में अमेरिका के सर्वेस्टियन कोर्डा को 6-7, 7-6, 6-4 से हराया। खितावी मुकाबले में पहले सेट में कोर्डा ने पहले सेट को टाईब्रेक में जीतकर जोकोविच को चौंका दिया था। इसके बाद दूसरा सेट भी टाईब्रेकर में गया। दूसरे सेट को जोकोविच ने जीता। जोकोविच ने तीसरे सेट में कोर्डा को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने तीसरा सेट 6-4 से जीतकर खिताब पर कब्जा किया। ये जोकोविच के टेनिस करियर का यह 92वां एटीपी टूर खिताब है। एडिलेड इंटरनेशनल में महिला वर्ग का खिताब आर्यना सबालेंका ने लिंडा नोसकोवा को आसान मुकाबले में 6-3, 7-6 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

टवेंटी-20 सीरीज

सूर्यकुमार यादव ने भारत को दिलाई जीत

राजकोट, स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के बेहतरीन शतक की बदौलत भारत ने श्रीलंका को टवेंटी-20 सीरीज में 2-1 से मात दी है। भारत ने तीन मैचों की सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में श्रीलंका को 91 रन से हराकर सीरीज अपने नाम की। इससे पहले सीरीज का पहला मैच भारत ने 2 रन तथा दूसरा मैच श्रीलंका ने 16 रन से जीता था।

तीसरे मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। टीम के सलामी बल्लेबाज ईशान किशन पहले ओवर में ही आउट हो गए। इसके बाद शुभमन गिल और राहुल त्रिपाठी ने दूसरे विकेट के लिए 31 गेंदों में 49 रनों की साझेदारी कर पारी को संभाला। राहुल त्रिपाठी ने 16 गेंदों में 35 रन बनाये, वहीं शुभमन ने 46 रनों की पारी खेली।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे सूर्यकुमार यादव ने तावड़तोड़ बल्लेबाजी करते

हुए जमकर रन बटोरे। सूर्यकुमार ने मैदान के चारों ओर चौके-छक्के लगाए। सूर्यकुमार ने 51 गेंदों में 112 रनों की नाबाद पारी खेली और भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। महज 45 गेंदों में शतक पूरा करने वाले सूर्यकुमार ने अपनी पारी के दौरान 9 छक्के और सात चौके लगाए। अंतिम ओवरों में सूर्यकुमार के अलावा अक्षर पटेल (21) ने भी तेज पारी खेली। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 228 रन बनाये।

बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने तेज शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज पथुम निशांका और कुशल मेंडिस ने 29 गेंदों में 44 रन की साझेदारी की, लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद श्रीलंकाई टीम दबाव में आ गई। भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट झटके और श्रीलंकाई टीम को खुलकर नहीं खेलने दिया। श्रीलंका की पारी 16.4 ओवरों में 137 रन बनाकर सिमट गई। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने 3, हार्दिक पंड्या, युजवेंद्र चहल और उमरान मलिक ने 2-2 तथा अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया।

- **मैच के दौरान सूर्यकुमार ने अपने टवेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय करियर का तीसरा शतक बनाया।**
- **सूर्यकुमार टवेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं।**
- **सूर्यकुमार इससे पहले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी टवेंटी-20 क्रिकेट में शतक बना चुके हैं।**
- **भारत ने अपने घरेलू मैदान पर लगातार 12 टवेंटी-20 सीरीज जीती है।**

सामयिकी

● 50 हजार साल में ●

पहली बार धरती के करीब से गुजरेगा धूमकेतु

सितारे और ग्रहों के साथ खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वालों के लिए एक सुनहरा मौका आ रहा है। 50 हजार साल में पहली बार यह मौका इंसानों को मिलेगा। जब एक हरा धूमकेतु पृथ्वी के करीब से गुजरने वाला है।

- 50 हजार साल बाद धूमकेतु फिर धरती के करीब आयेगा।
- 2 फरवरी को यह धरती के सबसे करीब होगा।

यह धूमकेतु 2 फरवरी को पृथ्वी के सबसे करीब आएगा। पुराने पाषाण काल युग के बाद पहली बार यह धूमकेतु दिखेगा और संभव हो कि यही आखिरी बार हो, क्योंकि पैराबोलिक पथ के कारण कभी धूमकेतु धरती के इतने करीब नहीं आ सकेगा। इस धूमकेतु का नाम C/2022 E3 (ZTF) है। 2 फरवरी को जब यह पृथ्वी के करीब से गुजरेगा तब इसके और धरती के बीच 4 करोड़ 18 लाख कि.मी. की दूरी होगी। खगोलविदों ने पहली बार धूमकेतु को पिछले साल मार्च में देखा था। नासा के मुताबिक कैलिफोर्निया में स्थित एक टेलीस्कोप के वाइड-फील्ड सर्वे कैमरा का उपयोग कर इसे देखा गया था।

26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन

"युवा शक्ति" विकसित भारत की यात्रा की प्रेरक शक्ति है : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के हुबली में 26वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर उनके आदर्शों, शिक्षाओं व योगदानों को सम्मान देने और संजोने के लिए आयोजित किया गया। इस महोत्सव का विषय 'विकसित युवा-विकसित भारत' रहा और यह देश के सभी हिस्सों से विविध संस्कृतियों को एक मंच पर लाता है और प्रतिभागियों को एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना से जोड़ता है।

वर्ष 2023 में राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ओर, हमारे पास उत्साहपूर्ण राष्ट्रीय युवा महोत्सव है और दूसरी ओर आजादी का अमृत महोत्सव है। प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद जी के संदेश- 'उठो, जागो और लक्ष्य तक मत रुको' को उद्धृत करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का यह उद्घोष भारत के युवाओं का जीवन मंत्र है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में देश को आगे ले जाने के लिए, हमें अपने कर्तव्यों को समझना चाहिए और उन पर जोर देना चाहिए।

स्वामी विवेकानंद जी को उद्धृत करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, 'भविष्य और राष्ट्र का विकास तब आसान हो जाता है जब हमारे पास युवा शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की भूमि ने देश को कई महान विभूतियां दी हैं। प्रधानमंत्री ने चित्तूर की महारानी चेन्नम्मा और सांगोली रायन्ना का उदाहरण दिया, जिनके साहस ने ब्रिटिश साम्राज्य के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया। प्रधानमंत्री ने नारायण महादेव डोनी के बारे में भी चर्चा की, जिन्होंने 14 वर्ष की छोटी उम्र में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उन्होंने लांस नायक हनुमंथप्पा कोप्पड़ का भी जिक्र किया जो सियाचिन में -55 डिग्री सेल्सियस के तापमान में जीवित रहे। देश की बहुमुखी युवा प्रतिभा के बारे में चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय युवा हर क्षेत्र में नए मुकाम हासिल कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का यह समय बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारत एक विशाल युवा आबादी वाला युवा देश है। प्रधानमंत्री ने कहा, युवा शक्ति भारत की यात्रा की प्रेरक शक्ति है। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्ष राष्ट्र निर्माण के लिए अहम है। युवा शक्ति के सपने और आकांक्षाएं भारत की दिशा व मंजिल तय करती हैं और युवा शक्ति का जुनून भारत की राह तय करता है। इस युवा शक्ति का दोहन करने के लिए हमें अपने विचारों से, अपने प्रयासों से युवा होना चाहिए। युवा होना हमारे प्रयासों में गतिशील होना है। युवा होना व्यावहारिक होना है। यदि दुनिया समाधान के लिए हमारी ओर देखती है, तो यह हमारी 'अमृत' पीढ़ी की प्रतिबद्धता के कारण है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज दुनिया में भारत और इसके युवाओं के प्रति बेहद आशावाद है। यह आशावाद आपके बारे में है यह आशावाद आपके कारण है और यह आशावाद आपके लिए है। पूरी दुनिया में कहा जा रहा है कि यह सदी भारत की सदी है। यह आपकी सदी है, भारत के युवाओं की सदी। यह एक ऐतिहासिक समय है- जब आशावाद और अवसर एक साथ हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र की ताकत को जीवित रखने में महिला शक्ति की भूमिका पर जोर दिया और सशस्त्र बलों, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और खेल में महिलाओं के बेहतर करने के उदाहरण दिए। प्रधानमंत्री ने बताया कि देश में युवाओं को साथ लेकर कई नए प्रयास और प्रयोग किए जा रहे हैं। अपने संबोधन के समापन में प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज हमारे देश का लक्ष्य है- विकसित भारत, सशक्त भारत" उन्होंने जोर देकर कहा कि हम तब तक नहीं रुक सकते जब तक विकसित भारत का ये सपना पूरा नहीं हो जाता है। प्रधानमंत्री ने भरोसा व्यक्त किया कि देश का हर युवा इस सपने को अपना बनाएगा और देश की ये जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाएगा।

आर्मीनिया ने

रूस के अनुरोध के बावजूद रद्द किया CSTO का सैन्य अभ्यास

आर्मीनिया ने रूस के नेतृत्व वाले सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) के तहत होने वाले सैन्य अभ्यास को एकतरफा तरीके से रद्द कर दिया है। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान ने कहा कि उनका देश सुरक्षा संधि द्वारा तैयार योजना के तहत सैन्याभ्यास की मेजबानी नहीं कर सकता है। पशिनयान की इस घोषणा से इंगित होता है कि आर्मीनियाई सरकार का रूस के साथ तनाव बढ़ता जा रहा है। आर्मीनिया रूस का पुराना सहयोगी है, लेकिन नागोर्नो-काराबाख की लड़ाई के बाद उसका रूस से भरोसा टूट गया है। इसी का फायदा उठाते हुए अमेरिका ने आर्मीनिया को अपने पाले में करने की कोशिश भी की है। प्रधानमंत्री पशिनयान आर्मीनिया और अलगावादी क्षेत्र नागोर्नो-काराबाख इलाके को जोड़ने वाले गलियारे में मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करने में असफलता को लेकर लगातार रूसी शांतिरक्षकों की आलोचना कर रहे हैं। इस गलियारे को अजरबैजान के सैनिकों ने करीब एक महीने से बंद किया हुआ है। ऐसे में आर्मीनिया का संपर्क नागोर्नो-काराबाख से लगभग टूट गया है। ज्ञात रहे कि इस इलाके पर आर्मीनिया और अजरबैजान दोनों अपना हक जमाते हैं। 2020 में नागोर्नो-काराबाख को लेकर आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच 3 महीने तक भीषण युद्ध भी हुआ था। बाद में रूसी शांति सैनिकों की तैनाती के बाद इस युद्ध को खत्म किया जा सका था।

कनाडा, अमेरिका से 88 महाविनाशक एफ-35 फाइटर जेट खरीदेगा

हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन और रूस की सेना से जंग के खतरे के बीच कनाडा अब अमेरिका से सबसे घातक एफ-35 फाइटर जेट की डील करने जा रहा है। कनाडा की वायुसेना 88 एफ-35 फाइटर जेट खरीदने जा रही है।

- हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन और रूस की सेना से जंग के खतरे के बीच कनाडा ने उठाया कदम।
- कनाडा की वायुसेना अपने जंगी बेड़े को अपग्रेड करने जा रही है जो अब काफी पुराना हो गया है।

कनाडा की रक्षा मंत्री अनीता आनंद ने कहा कि यह पूरा सौदा 14.2 अरब डॉलर का होने जा रहा है। पिछले 30 साल में कनाडा की वायुसेना में अब तक का सबसे बड़ा निवेश होने जा रहा है।

भारतीय मूल की अनीता आनंद ने कहा, रूस के अवैध और बिना किसी वैध कारण के यूक्रेन पर हमले और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के लगातार आक्रामक व्यवहार से हमारी दुनिया संकट की ओर बढ़ रही है। यह प्रॉजेक्ट काफी महत्वपूर्ण है और खासकर हमारे सहयोगी देशों की अंतरनिर्भरता को देखते हुए।

ज्ञात रहे कि कनाडा और अमेरिका के बीच घनिष्ठ रक्षा संबंध रहे हैं। कनाडा अपनी सुरक्षा के लिए काफी हद तक अमेरिका पर निर्भर है। कनाडा लंबे समय से अपने पुराने पड़ चुके CF-18 फाइटर जेट को बदलना चाहता है। इनमें से कुछ फाइटर जेट तो 40 साल पुराने हैं। बताया जा रहा है कि कनाडा को साल 2026 तक पहला एफ-35 फाइटर जेट मिल जाएगा। साल 2032 से 2034 तक कनाडा को सभी विमान मिल जाएंगे। डील के मुताबिक एक फाइटर जेट कनाडा को 8 करोड़ 50 लाख डॉलर का पड़ेगा।

दक्षिण कोरिया, इजरायल से खरीदेगा 'आसमानी आंख'

दक्षिण कोरिया अपने दुश्मन उत्तर कोरिया के खतरनाक इरादों से घबराया हुआ है। उत्तर कोरियाई तानाशाह इन दिनों लगातार मिसाइल टेस्ट में जुटे हैं। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण कोरिया में ड्रोन घुसपैठ भी चालू कर दी है। ऐसे में दक्षिण कोरिया, इजरायल से अर्ली वॉर्निंग ऑप्टिकल स्काई स्पॉटर सिस्टम खरीदने पर विचार कर रहा है।

इस सिस्टम को उत्तर कोरियाई सीमा पर तैनात किया जाएगा। यह ड्रोन जैसे एरियल ऑब्जेक्ट का पता लगाने और उसे ट्रैक करने में मदद करता है। यह सिस्टम दक्षिण कोरिया के लिए आसमानी आंख साबित होगा, जो उत्तर कोरिया के किसी भी हवाई ऑब्जेक्ट का पता लगा लेगा।

ज्ञात रहे कि उत्तर कोरिया ने दिसम्बर में कई बार दक्षिण कोरियाई सीमा के अंदर ड्रोन भेजे थे। एक ड्रोन तो राजधानी सियोल के पास तक पहुंच गया था। दक्षिण कोरिया ने ड्रोन को मार गिराने की कोशिश की और उन्हें रोकने के लिए लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों को उतारा। इस दौरान ड्रोन को मार गिराने की कोशिश में दक्षिण कोरिया का एक KA-1 लाइट अटैक प्लेन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, दक्षिण कोरिया ने दावा किया था कि यह दुर्घटना टेकऑफ के दौरान हुई थी।

उत्तर कोरिया के चार छोटे ड्रोन ने दक्षिण कोरिया में गंगवाडो के पास उड़ान भरी। बाद में एक दूसरे ड्रोन ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल के आसमान में जाने की कोशिश भी की थी। दक्षिण कोरियाई मीडिया ने बाद में कहा कि एक ड्रोन वापस उत्तर में लौटने में कामयाब रहा, जबकि शेष चार रडार से गायब हो गए।

स्काउट-गाइड की ड्रेस बदलेगी

देश-दुनिया में सेवा, समर्पण और अनुशासन को आत्मसात करने वाला और 65 लाख स्वयंसेवकों का सबसे बड़ा संगठन स्काउट-गाइड अब अपनी यूनिफार्म बदलने वाला है।

- पूरे संगठन का नया ड्रेस कोड 26 जनवरी 2026 तक लागू हो जाएगा।

स्काउट गाइड के लिए स्काउट संगठन ने पहली बार ऐसा निर्णय लिया है। इस संगठन के ड्रेस कोड में 116 साल बाद यह दूसरी बार बदलाव होगा। इससे पहले 1984 में खाकी से बदलकर ग्रे शर्ट और ब्लू पैंट की गई थी। भारत स्काउट-गाइड संगठन दिल्ली के निदेशक डॉ. राजकुमार कौशिक के मुताबिक नई सदस्यता लेते ही स्काउट्स नए ड्रेस कोड में दिखेंगे। नया ड्रेस कोड लागू करने के पीछे संगठन को नए रंग-रूप में ढालना और कैडेट्स को सैनिकों की तरह तैयार करना है।

व्यक्तिगत हज यात्री कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

सऊदी अरब हर साल होने वाली हज यात्रा के लिए व्यक्तिगत तीर्थयात्रियों को इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के जरिये वीजा आवेदन की अनुमति देने की योजना बना रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय ने कहा कि नुसुक प्लेटफॉर्म के जरिये देश के बाहर से आने वाले व्यक्तिगत हज यात्रियों के लिए जल्द ही सेवा शुरू की जाएगी। इसके साथ ही मंत्रालय ने घोषणा की कि सऊदी में रहने वाले नागरिक और मुस्लिम प्रवासी जो इस साल हज में हिस्सा लेना चाहते हैं वे तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन कर सकते हैं। मंत्रालय ने एक ट्विट में कहा कि हज 2023 के लिए सऊदी में रहने वाले तीर्थयात्रियों के लिए आवेदन शुरू हो गया है। सऊदी में रहने वाले लोग मंत्रालय की वेबसाइट localhaj.haj.gov.sa या नुसुक एप्लिकेशन के जरिये आवेदन कर सकते हैं। घरेलू तीर्थयात्रियों को हज के लिए अनुमोदित होने के बाद एक ऑनलाइन लॉटरी के जरिये चुना जाएगा। nusuk.sa प्लेटफॉर्म मूल रूप से मुस्लिमों को उमराह के लिए वीजा और अन्य परमिट दिलाता है। इसके साथ ही सऊदी अरब के अन्य पवित्र स्थलों पर जाने की इच्छा रखने वालों को सक्षम बनाता है।

मंत्रालय ने कहा कि पांच देशों से उमराह के लिए वायो फिंगरप्रिंटिंग के जरिये इलेक्ट्रॉनिक एक्सेस दिया जाएगा। इन देशों में ब्रिटेन, ट्यूनीशिया, बांग्लादेश, मलेशिया और कुवैत शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि उसने पिछले साल 70 लाख उमराह तीर्थयात्रियों को अपनी सेवाएं दी थीं। इनमें से 40 लाख लोग विदेशी थे। सऊदी अरब ने हाल के महीनों में हज और उमराह के लिए आने वाले मुस्लिमों के लिए कई सुविधाओं की शुरुआत की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।